पौष शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080
हल्द्वानी, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024
वर्ष 3, अंक 337, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रूपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com

दक्षिण-उत्तर के बीच पुल है भारतः ईरानी 16
टुर्नाई रैमडैम महोत्सव में दिखाई जाएगी स्टोलन 15

एक नजर

यासीन ने 4 वायुसैनिकों पर चलाई थी गोली

जम्मू। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन मलिक ने अपना 'फेरन' उठाकर हथियार निकाला और भारतीय वायुसेना कर्मियों के एक समूह पर गोलियां चला दीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत के समक्ष यह गवाही दी और बताया कि 25 जनवरी 1990 को श्रीनगर में क्या हुआ था। हमले में वायु सेना के चार कर्मियों की मौत हो गई थी। वायु सेना के पूर्व कर्मी राजवार उमेश्वर सिंह आतंकी हमले में बच गए थे। उन्होंने अदालत कक्ष में मलिक को मुख्य हमलावर बताया। मलिक दिल्ली की तिहाड़ जेल से वीडियो के जरिए अदालती कार्यवाही में शामिल हुआ, जहां वह 2019 से कैद है। श्रीनगर के बाहरी इलाके रावलपुरा में 25 जनवरी, 1990 को हमले में स्क्वाड्रन लीडर रवि खन्ना सहित चार लोगों की मौत हो गई जबकि 40 लोग घायल हो गए थे।

डॉ. सुरेखा डंगवाल का कार्यकाल छह माह बढ़ा

देहरादून। दून विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुरेखा डंगवाल का कार्यकाल गुरुवार को पूरा हो गया। विश्वविद्यालय में नियमित नए कुलपति की चयन प्रक्रिया तथा शासन से तत्संबंधी कोई प्रस्ताव प्राप्त न होने पर कुलाधिपति/राज्यपाल गुरमीत सिंह ने डॉ. सुरेखा का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ा दिया है।

संसद सुरक्षा चूक : नीलम को नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा चूक मामले में आरोपी नीलम आजाद की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने आजाद को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि इस स्तर पर उन्हें राहत देना सही नहीं होगा।

पाकिस्तान ने किया ईरान में आतंकी ठिकानों पर हमला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने ईरान की ओर से उसके (पाकिस्तान) हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के 48 घंटे से भी कम समय में गुरुवार को उसके (ईरान) के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। पाकिस्तान की सेना की मीडिया मामलों की शाखा के बयान के अनुसार, जिन ठिकानों पर हमला किया गया, उनका इस्तेमाल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) जैसे आतंकवादी संगठन करते थे।

जवाबी कार्रवाई

▸▸ हमले में 9 लोगों की मौत जिसमें 3 महिलाएं और 4 बच्चे

हमला 'मार्ग बार सरमाचर' नामक एक खुफिया-आधारित अभियान के तहत किया गया। इस बीच, ईरान की न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सरवन शहर के एक गांव को निशाना बनाकर किए गए हमले में नौ लोग मारे गए जिसमें तीन महिलाएं और चार बच्चे भी शामिल थे। ईरान के गृहमंत्री अहमद वाहिदी ने कहा कि हमले में मारे गए सभी लोग विदेशी नागरिक थे।

विस्फोट से एक जवान शहीद

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गुरुवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट से तीन जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक जवान (अग्निवीर) की बाद में मौत हो गई। जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त सैनिक नौशेरा सेक्टर के अग्रिम इलाके में गश्त कर रहे थे। राजोरी जिले के कलाल में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास गश्त के दौरान गुरुवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। इससे एक जवान शहीद हो गया और दो जवान घायल हो गए। सूचना मिलते ही अन्य जवान मौके पर पहुंचे।

राज्यपाल ने नई दिल्ली में की शिष्टाचार भेंट, अप्रैल में 125 साल का हो रहा राजभवन नैनीताल

राष्ट्रपति को नैनीताल आगमन का आमंत्रण

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने राष्ट्रपति के हाल में उत्तराखंड भ्रमण की स्मृतियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक और स्वयं की पुस्तक 'आत्मा के स्वर' भेंट की। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को राजभवन नैनीताल की स्थापना के 125 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अप्रैल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

राष्ट्रपति को कॉफी टेबल बुक भेंट करते राज्यपाल। ● अमृत विचार

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा

राज्यपाल गुरमीत सिंह से उत्तराखंड सदन में सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल अनिल चौहान ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल और सीडीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा, सैनिक कल्याण और विभिन्न सुरक्षा मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। वहीं, कश्मीर और सेना मुख्यालय में सैन्य सेवाओं के दौरान एक साथ बिताए गए पुराने दिनों को याद किया। राज्यपाल ने सीडीएस चौहान को उत्तराखंड आने का निमंत्रण भी दिया। कहा कि हर उत्तराखंडी और भारतीय को उन पर बहुत गर्व है।

सिंहासन पर विराजमान हुए श्रीराम

विग्रह की आंखों पर बांधी गई पट्टी 22 जनवरी को खोली जाएगी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रीराम गुरुवार को गर्भगृह में अपने सिंहासन पर विराजमान हो गए। इसी के साथ प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए 16 जनवरी से चल रहे सात दिवसीय अनुष्ठान में तीसरे दिन का अनुष्ठान पूरा हो गया। मुख्य यजमान के रूप में डॉ. अनिल मिश्रा अपनी पत्नी के साथ शामिल रहे। पांच वर्षीय खड़े बाल रूप में श्रीराम के विग्रह की आंखों पर पट्टी बांधी गई है जो 22 जनवरी को खोली जाएगी। खास बात यह है कि गर्भगृह में काम करने के लिए लगाए गए श्रमिकों के मोबाइल भी बाहर ही जमा करवाए जा रहे हैं। जिससे श्रीराम की प्रतिमा की कोई तस्वीर 22 जनवरी से पहले किसी तक न पहुंच सके।

इससे पहले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए चल रहे अनुष्ठान के तीसरे दिन गुरुवार को काशी के प्रसिद्ध विद्वान पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित व उनके सहयोगी आचार्य ने धार्मिक पूजन संपन्न कराया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार

राम मंदिर में अनुष्ठान कराते वैदिक आचार्य। ● अमृत विचार

▸▸ काशी के विद्वान पंडितों ने पूरा कराया तीसरे दिन का अनुष्ठान

अनुष्ठान में गुरुवार दोपहर 1:20 बजे यजमान द्वारा संकल्प लिया गया। उसके बाद गणेशाम्बिका पूजन, वरुण पूजन, चतुर्वेदोक्त पुण्याह वाचन, मातृका पूजन, वसोर्धारा पूजन (सप्त घृत मातृका पूजन), आयुष्य मंत्रजप, नान्दी श्राद्ध, आचार्या दिचत्रऋत्विग्वरण, मधुपर्क पूजन, मण्डप प्रवेश, पृथ्वी-कूर्म- अनन्त- वराह-यज्ञ भूमि-पूजन, दिग्ग्रक्षण, पञ्चगव्य - प्रोक्षण, मण्डपाङ्ग वास्तु पूजन, वास्तु बलिदान, मण्डप सूत्रवेष्टन, दुग्ध-धारा, जल धाराकरण, षोडशस्तम्भ पूजनादि मण्डपपूजा (तोरण, द्वार, ध्वज, आयुध, पताका, दिक्पाल, द्वारपालादि पूजा), मूर्ति का जलाधि वास, गन्धादिवास, सायंकालिक पूजन और आरती के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ।

अयोध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

लखनऊ। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची है। ललित कला अकादमी की ओर से कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत अयोध्या धाम की प्रमुख दीवारों पर वॉल पेंटिंग कार्यशाला, सरयू नदी के तट पर भगवान राम पर आधारित रेत शिल्प के अलावा राम बाल लीला, कलाकृतियों की प्रदर्शनी, मेंहदी एवं फूलों की वाटिका और फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 18 जनवरी से ये शुरू हो चुके हैं।

फूलों से सजाया जा रहा मंदिर परिसर

अयोध्या। प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम मंदिर के उच्च शिखर को भी अस्थायी रूप से तैयार कर दिया गया है। जहां 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विजय पताका फहराएंगे। अयोध्या में बना रहे श्रीराम मंदिर का शिखर बनकर तैयार नहीं है। ऐसे में 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर एक अस्थाई शिखर को लकड़ी के स्ट्रक्चर पर कपड़े के माध्यम से ठीक उसी रंग का बनाया जा रहा है जिस रंग के श्रीराम के मंदिर के पत्थर है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने गुरुवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरे राम मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है। जिसमे गेंदा, गुलाब और जरबेरा समेत अन्य फूलों को लगाया जा रहा है।

सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड के लिए सीएम की प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बागेश्वर में बने ताम्र शिल्प पर आधारित उत्पाद तथा उत्तराखंड के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की सामग्री भेंट की। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के परिश्रम की सराहना की तथा उनका आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन बताए जाने के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद उत्तराखंड में शादियों के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोगों द्वारा बुकिंग की जा रही है, इससे राज्य के लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उत्तराखंड में वेडिंग डेस्टिनेशन विकसित करने के लिए 150 करोड़ के निवेश भी प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से कर्णप्रयाग-ग्वालदम मार्ग पर बीआरओ के कार्यों में तेजी लाने, पर्यटन और सैन्य आवागमन तथा आम जनमानस के लिए अत्यन्त उपयोगी 189 किमी काठगोदाम-भीमताल, ध्यानाचूली-मोरनोला-खेतीखान-लोहाघाट-पंचेश्वर मोटर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में अधिसूचित करने और मानसखंड मन्दिर माला परियोजना के अंतर्गत मन्दिरों को जोड़ने वाले 20 मार्गों के लिए 1 हजार करोड़ की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। मानसखंड मन्दिरों के प्रचार-प्रसार के लिए 'भारत गौरव मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन' देश के विभिन्न स्थानों से काठगोदाम, टनकपुर स्टेशनों के लिए संचालित करने और राज्य को केन्द्रीय पूल के कोयला आधारित संयंत्रों से 400 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत स्थायी रूप से आवंटित करने का अनुरोध किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्पाद भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

अनुरोध

▸▸ 1 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति मिले मानसखंड मन्दिर माला मिशन के लिए
▸▸ 400 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आवंटित हो केंद्रीय पूल के कोयला आधारित संयंत्रों से
▸▸ मानसखंड मन्दिरों के प्रचार-प्रसार हेतु चले 'भारत गौरव मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन'

आभार

▸▸ प्रधानमंत्री की वेडिंग उत्तराखंड डेस्टिनेशन की अपील के बाद उत्तराखंड में बंपर बुकिंग
▸▸ राज्य में वेडिंग डेस्टिनेशन विकसित करने के लिए 150 करोड़ के निवेश हो चुके प्राप्त
▸▸ प्रधानमंत्री ने राज्य की महिलाओं के परिश्रम की सराहना की, आभार भी जताया

राम मंदिर के नाम पर 16.69 लाख लोगों को लगाया चूना

अयोध्या, कार्यालय

▸▸ प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद, मंदिर मॉडल और सिक्कों के नाम पर लिया धन, भारतवंशी गिरफ्तार

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रसाद, मंदिर मॉडल व सिक्का आदि की ऑनलाइन डिलीवरी के नाम पर ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस ने अप्रवासी भारतीय आशीष सिंह को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। वह एक शिकायतकर्ता को मैनेज करने यूएसए से राम जन्मभूमि कार्यशाला आया था। मूल रूप से गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित वैभव खंड के विंडसर पार्क निवासी आशीष खादी आर्गेनिक नामक वेबसाइट के माध्यम से 19 दिसंबर से अब तक देश-विदेश के 16.69 लाख लोगों से समारोह के प्रसाद की फ्री डिलीवरी, मंदिर मॉडल व सिक्का आदि की आपूर्ति के नाम पर साढ़े 10 करोड़ से ज्यादा का आर्डर ले चुका है। प्रकरण में खादी ग्रामोद्योग विभाग की ओर से पूर्व में लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

खादी ऑर्गेनिक नामक वेबसाइट के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रसाद की फ्री और समारोह के उपलक्ष्य में टी-शर्ट, राम मंदिर मॉडल, चांदी के सिक्के, गमछा, झंडे आदि की डिलीवरी के नाम पर देश-विदेश के लोगों को ठगा जा रहा था।

केन्द्र सरकार के कार्यालयों में 22 को आधे दिन की छुट्टी

नई दिल्ली, एजेंसी

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण 22 जनवरी को देश भर में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की नई मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को निर्धारित है। यह समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाना तय है। मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को जारी आदेश में कहा कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न 22 जनवरी 2024 को देशभर में मनाया जाएगा। इस उत्सव में कर्मचारी भाग ले सकें, इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि पूरे भारत में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय, केंद्रीय संस्थान और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठान 22 जनवरी 2024 को अपराह्न ढाई बजे तक आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह निर्णय लोगों के जबर्दस्त उत्साह को देखते हुए लिया गया है।

पीएम ने जारी किया राम मंदिर पर डाक टिकट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी डाक टिकटों के संग्रह की एक पुस्तक जारी की। कहा कि ये सिर्फ टिकट नहीं है बल्कि इतिहास की किताबों, कलाकृतियों के रूपों और ऐतिहासिक स्थलों का छोटा रूप भी हैं। पीएम ने 'एक्स' पर आज पवित्र अयोध्या धाम की विरासत और भगवान श्री राम को समर्पित स्मारक डाक टिकट जारी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

▸▸ प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कार्मिक मंत्रालय ने जारी किए आदेश
▸▸ जन भावनाओं को देखते हुए लिया गया यह निर्णय : जितेंद्र सिंह

रामलला पर डाक टिकट और पुस्तिका जारी करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

मौसम विज्ञान विभाग ने शुरू किया वेबपेज

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चार दिन शेष रहने के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए एक समर्पित वेबपेज की शुरुआत की। इसकी शुरुआत अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों के लिए मौसम संबंधी जानकारी के लिए की गई है। वेबपेज के जरिए प्रमुख भाषाओं, जैसे हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, चीनी, फ्रेंच और स्पेनिश में तापमान, वर्षा, आर्द्रता और हवा के पैटर्न सहित मौसम मापदंडों की जानकारी दी जाएगी।

कारसेवकों पर गोली चलवाना सही फैसला था : शिवपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कारसेवकों पर गोली चलवाने की घटना (1990) पर कहा कि उस समय अयोध्या में कोर्ट से स्टे के बावजूद भाजपा के कारसेवकों ने हिंसा की थी। जिसको लेकर तत्कालीन सरकार को संविधान की रक्षा की खातिर गोली चलवानी पड़ी थी। कहा कि, कारसेवकों ने आदेश का उल्लंघन किया था जबकि न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन किया था।

▸▸ बोले, अयोध्या में कोर्ट के आदेश पर यथास्थिति बनाए रखने को उठाया कदम

शिवपाल गुरुवार को इटावा में सपा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। शिवपाल के मुताबिक, राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा भाजपा का आयोजन है। जबकि यह वाकई में संतों का होना चाहिए था। शंकराचार्य व सनातनियों का अपमान देश देख रहा है। इसका नतीजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

सोलहवां वित्त आयोग

तीन पदों के सृजन को कैबिनेट ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग के लिए संयुक्त सचिव स्तर के तीन पदों यानी संयुक्त सचिव के दो पद और आर्थिक सलाहकार के एक पद के सृजन को गुरुवार को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 280 के अनुपालन में किया गया था। आयोग को अपने कार्यों को पूरा करने में सहायता करने के लिए इन नए सृजित पदों की आवश्यकता है। आयोग में अन्य सभी पद प्रदत्त शक्तियों के अनुसार पहले ही सृजित किए जा चुके हैं।

पिकनिक मनाने गए बच्चों की नाव झील में डूबी, 16 की मौत

वड़ोदरा, एजेंसी

▸▸ मरने वालों में 12 विद्यार्थी, कई लापता

गुजरात में वड़ोदरा शहर के बाहरी क्षेत्र में एक झील में गुरुवार को एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार 16 लोगों की मौत हो गई। इनमें 12 बच्चे शामिल हैं। नौका में 23 विद्यार्थियों समेत 27 सवार थे, जो पिकनिक मनाने आए थे। अधिकारियों ने बताया कि अन्य विद्यार्थियों की तलाश के लिए खोज अभियान शुरू कर दिया गया है।

गुजरात के शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि मुझे अभी पता चला है कि स्कूली छात्रों को ले जा रही एक नाव के झील में पलट जाने से 12 बच्चों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अग्निशमन कर्मी अन्य एजेंसियों के साथ बचाव कार्य कर रहे हैं। वडोदरा के जिलाधिकारी एबी गोर ने कहा कि नौका में 27 लोग सवार थे। वडोदरा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी पार्थ ब्रह्मभट्ट ने कहा कि यहां पिकनिक मनाने आए स्कूली छात्रों को ले जारी नौका दोपहर में हरनी झील में पलट गई। दमकल कर्मियों ने अब तक सात विद्यार्थियों को बचाया है। वडोदरा के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत ने कहा कि नाव पर 23 बच्चे और चार टीचर थे।

सुविधा अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की मदद के लिए बनी योजना, एडीए करेगा संचालन

ई-कार्ट से मुफ्त दर्शन करेंगे दिव्यांग-बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं

अयोध्या दर्शन

▸▸ कॉरपोरेट घरानों के सीएसआर फंड से पहले चरण में उतारी जाएंगी 650 ई-कार्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : नव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं को एक और सुविधा मिलने जा रही है। राज्य सरकार कॉरपोरेट घरानों के सीएसआर फंड से रामनगरी की सड़कों पर ई-कार्ट चलाएगी। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क श्रीरामलला समेत अन्य मंदिरों के दर्शन सुलभ होंगे। पहले चरण में 650 ई-कार्ट गाड़ियां उतरेंगी, इसका संचालन अयोध्या विकास प्राधिकरण की देख-रेख में होगा।

सरकार श्रीरामलला के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी आदि मंदिरों तक पहुंचाने के लिए ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क होंगी। इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन मांगा गया है, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके।

अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए मंगाए गए ई-कार्ट।

ट्रायल के तौर पर 50 ई-कार्ट का संचालन

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं के पार्किंग स्थल से ई-कार्ट की मुफ्त सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। ट्रायल के तौर पर 50 ई-कार्ट चल रहे हैं, एक सौ और जल्द शुरू होंगे। ओएनजीसी, आईओसी, टाटा प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों से सर्वाधिक डोनेशन मिला भी है। इन ई कार्ट्स का मालिक एडीए होगा।

2000 से ज्यादा लोगों को रोजाना मुफ्त भोजन

तीर्थ क्षेत्र पुरम में श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पांच भोजनालय प्रारंभ हो गए हैं, इसमें करीब 2000 लोगों का भोजन रोज बन रहा है। यहां का दस शैया वाला अस्पताल भी 20 चिकित्सकों के साथ चिकित्सा व्यवस्था संभाले हुए है। कई चिकित्सक रिजर्व में भी हैं।

सैलानी रिक्शा स्टैंड में यात्रियों की लंबी लाइन देख रह जाते हैं दंग, हाईकोर्ट के आदेश के बाद माल रोड से पैडल रिक्शा हो जाएंगे गायब

मार्च के बाद 175 साल पुराना प्रचलन बन जाएगा इतिहास

नैनीताल में रिक्शे

चन्द्रेक बिष्ट, नैनीताल

अमृत विचार : सरोवर नगरी आने वाला सैलानी जब माल रोड के तल्लीताल व मल्लीताल कुमाउनी शैली में बने हुए रिक्शा स्टैंड पर पहुंचता है तो वहां टिकट लेने के लिए लोगों की लंबी लाइन देखकर अचरज में पड़ जाता है।

शायद ऐसा देश के किसी शहर में होता हो। यह नैनीताल की 175 साल पुरानी परंपरा है। इस परंपरा में वर्ष 1858 में शामिल हुए हाथ के रिक्शे अब प्रचलन में नही हैं। लेकिन वर्ष 1942 से आज तक शामिल रहने वाले पैडल रिक्शे इस साल मार्च- अप्रैल में इतिहास बन कर रह जाएंगे। नैनीताल हाईकोर्ट ने ई रिक्शा की संख्या 10 से बढ़ाकर 50 करने का आदेश दिया है।

नैनीताल में अंग्रेज शासकों ने 1858 से हाथ रिक्शा का संचालन शुरू कराया। हाथ रिक्शों की मदद से ब्रिटिश लोग माल रोड से होते हुए पूरे नैनीताल की टेढ़ी मेढ़ी सड़कों का सफर तय करते थे, भारतीय लोग हाथ रिक्शा को अपनी कमर से और हाथों से खींचा करते थे, यदि भार ज्यादा हो तो दो लोग इस हाथ रिक्शा को खींचा करते थे।

गवर्नर हाउस और ब्रिटिश अधिकारियों के लिए आरामदायक रिक्शे होते थे, जिन्हें झंपानी भी

माल रोड पर दौड़ रहा पैडल रिक्शा।

कहा जाता था। इनमें आरामदायक गद्दी से लेकर रात में उजाले की व्यवस्था के साथ साथ पायदान और बारिश से बचने के लिए छतरियां लगी होती थी। ब्रिटिश समय में हाथ रिक्शा अंग्रेज अधिकारियों का स्टेटस सिंबल होता था, भारतीय लोगों को इसमें बैठने की अनुमति नहीं थी, अंग्रेज़ हाथ रिक्शे में सवारी करने में अपनी शान समझते थे। नैनीताल शहर चर्चा में आने के लगभग एक शताब्दी के बाद सन् 1941 में पेडल रिक्शा की शुरुआत हुई। जिसे तल्लीताल व मल्लीताल के बीच समतल सड़क पर चलाया गया। मल्लीताल से तल्लीताल की लगभग 2 किमी की दूरी का 10 रुपया प्रति सवारी किराया इतना वाजिब की हर आम और खास के जेब में भारी नही पड़ता। संभवतः नैनीताल ही एक ऐसा शहर है, जिसमें बाकायदा रिक्शे के लिए टिकट सिस्टम है और किराया निर्धारित है।

यह भी नियम है कि सवार लाईन में लगकर टिकट लेगा। जुलाई 2021 में जब मालरोड पर ई-रिक्शा की शुरुआत हुई तो लोगों में इसके प्रति भारी उत्साह देखा गया। आज एक दर्जन ई-रिक्शा के साथ ही सैकड़ों पेडल रिक्शा माल रोड में दौड़ रहे हैं। लेकिन अब जब उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने मार्च.अप्रैल तक पैडल रिक्शों को बाहर करने व 50 ई-रिक्शा संचालित करने के आदेश के बाद पैडल रिक्शा माल रोड से गायब होकर इतिहास बन जायेंगे।

1858 में हाथ रिक्शा व 1941 में साइकिल रिक्शा की हुई थी शुरुआत : प्रो. अजय रावत



नैनीताल। इतिहासकार प्रो. अजय रावत के मुताबिक इसके बाद नैनीताल में 1858 से लेकर करीब 1970 के दशक तक भी नैनीताल में हाथ रिक्शा का चलन था। 1941 में साइकिल रिक्शा की शुरुआत हुई। स्थानीय प्रशासन द्वारा शान की सवारी समझी जाने वाले रिक्शे का किराया दो आना प्रति सवारी तय किया गया। 1966 में इसे चार आना किया गया, जो आज 20 रुपये प्रति रिक्शा पहुंच गया है। अब न्यायालय के आदेशों के बाद साइकिल रिक्शे इतिहास बनने जा रहे है। यह रिक्शे लोगों को इतने पसंद रहे हैं कि 1961 में माल रोड में चार पहिये वाहनों को चलने की अनुमति मिलने के बावजूद लोग इन्हीं रिक्शा में जाना मुनासिब समझते हैं।

गोरखपुर से आए एमए के छात्रों ने किया भ्रमण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : डीएसबी परिसर में डीडीयू विश्वविद्यालय गोरखपुर के भूगोल विभाग के एमए के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण के तहत गुरुवार को डीएसबी परिसर के भूगोल विभाग के शोध कार्यों की जानकारी ली। विभागाध्यक्ष प्रो.आरसी जोशी ने रिमोट सेंसिंग लैब सहित हिमालय पर विभाग के शोध की जानकारी दी। ग्लेशियर पर विभाग के शोधार्थियों की जानकारी भी दी। इससे पूर्व शैक्षिक दल ने विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के निदेशक प्रो. ललित तिवारी से मुलाकात की। दल में डा. विनय तिवारी सहित 25 विद्यार्थी शामिल रहे।

डीएसबी भूगोल विभाग के भ्रमण पर आये डीडीयू विवि गोरखपुर के छात्र-छात्राओं का दल।

सार-संक्षेप

नैनीताल में पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया

नैनीताल : सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए नैनीताल पुलिस ने गुरुवार को यहां विभिन्न स्थानों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना तल्लीताल व मल्लीताल के पुलिसकर्मियों ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों से भी लोगों को जानकारी दी। मालूम हो कि पूरे देश में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य दुर्घटना से संबंधित मृत्यु दर को शून्य करना है। गुरुवार को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित प्रथाओं को अपनाने के महत्व के बारे में ड्राइवरों, पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों को शिक्षित करने पर विशेष जोर देते हुए लोगों को जागरूक किया गया। अभियान की अगुवाई प्रभारी कोतवाल धर्मवीर सोलंकी, थाना प्रभारी रमेश बोरा कर रहे हैं।

पूर्व प्रधान की पत्नी पर बैल ने हमला किया

भीमताल : गुलदार, बाघ के बाद बैल लोगों के दुश्मन बनते जा रहे हैं। मंगलवार को घोड़ाखाल धुलई ग्रामसभा में मोहन राम की पत्नी का आवारा बैल ने हाथ तोड़ दिया था। बुधवार शाम कैंची मन्दिर में बाबा के दर्शनों को जा रही पूर्व प्रधान दिनेश तिवारी की पत्नी पर आवारा बैल ने हमला कर दिया, जिससे उनकी पत्नी चोटिल हो गई। आनन फानन में उन्हें स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पूर्व प्रधान दिनेश तिवारी, ग्राम प्रधान पंकज निगलटिया, वरिष्ठ व्यापारी भुवन तिवारी, पवन कुमार ने बताया कि कैंची धाम में देश विदेश से हर दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं। कई बार बैल को भगाने की कोशिश की गई। लेकिन वह मंदिर गेट के आसपास घूम रहा है।

माघ माह के उपलक्ष्य में खिचड़ी का भंडारा

धूप कोठी नैनीताल में खिचड़ी बांटते भक्त।

नैनीताल : धूप कोठी नैनीताल में माघ महीने के उपलक्ष्य में खिचड़ी का भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सफल बनाने में नगर सचिव भारत स्काउट गाइड कुंदन सिंह सुयाल, मोहित लाल साह, मनोज सिंह मेहरा, नारायण सिंह चमियाल, चंदन सिंह खत्री, बलवंत सिंह खत्री, गौरव सिंह बिष्ट, कुणाल अधिकारी, रमेश सिंह साह, महेश जोशी, भुवन चंद्र जोशी, केवलानंद जोशी, महेश चंद्र पाठ, वेदांत सुयाल, मोहित चमियाल, नीरज अधिकारी आदि लोगों ने सहयोग दिया।

प्रसिद्ध छायाकार जोशी को व्यक्तिगत रूप से मिले 11 अवार्ड

नैनीताल : इंडिया इंटरनेशनल फोटोग्राफी काउंसिल नई दिल्ली (आईआईपीसी) द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित नेशनल डिजिटल सर्किट फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2023 के पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। इसमें नैनीताल के प्रसिद्ध छायाकार बृजमोहन जोशी को इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत रूप से 11 अवार्ड मिले हैं। इस प्रतियोगिता में जोशी के 85 फोटोग्राफ्स स्वीकृत होकर देश के दिल्ली, बंगलौर, इंदौर, विजयवाड़ा, जोधपुर, बरेली, गुवाहाटी में आयोजित फोटो प्रदर्शनियों में प्रदर्शित किए गए। नेशनल डिजिटल सर्किट 2023 का आयोजन आईआईपीसी दिल्ली द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक देश के सात प्रसिद्ध छायाकार थे। बृजमोहन जोशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता कि विवरणिका तथा पुरस्कार उन्हें पंजीकृत डाक से प्राप्त हुए हैं।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री करेंगे गौ माता हॉस्पिटल का शिलान्यास

लालकुआं : गौ धाम हल्दूचौड़ का परमा गांव स्थित बनने वाले गौ माता हॉस्पिटल का भूमि पूजन एवं शिलान्यास 20 जनवरी को प्रात: 11 बजे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आश्रम के व्यवस्थापक स्वामी रामेश्वर दास एवं गोपीनाथ दास ने बताया कि गौ धाम द्वारा हल्दूचौड़ परमा गांव में करीब 2 एकड़ भूमि पर गौ माता हॉस्पिटल बनाया जाना है जिसमें आने वाले समय पर करीब 4000 से अधिक गौ माता का उपचार किया जा सकेगा। कार्यक्रम का शिलान्यास केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर गौ माता हॉस्पिटल के पूजन शिलान्यास के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

वार्ड नंबर नौ में एक भी एटीएम नहीं होने से जनता परेशान

भीमताल : भीमताल के वार्ड संख्या नौ में एक भी बैंक का एटीएम नहीं होने से पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय कारोबारियों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि भीमताल के महरागांव में भीमताल नगर के अधिकांश रिसोर्ट होम स्टे और गेस्ट हाउस हैं। वहीं इसी क्षेत्र में स्टार कैटेगरी के होटल भी मौजूद हैं। वहीं अधिकांश स्कूल और एक विश्वविद्यालय भी है। ऐसे में इस क्षेत्र के लोगों को लगभग दो किमी की दूरी पर विनायक या फिर लगभग तीन किमी की दूरी पर वार्ड एक मल्लीताल बाजार में जाना मजबूरी है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों से जनहित को ध्यान में रखते हुए वार्ड संख्या नौ में एक एटीएम खोलने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता हितेन्द्र बिष्ट और व्यापारी नेता अखलिश सेमवाल ने प्रशासन से एक सर्वे कराकर महरागांव में एक अत्याधुनिक एटीएम को खोलने की मांग की है।

तेंदुए से डरकर कांकड़ पहाड़ी से गिरा, घायल

नैनीताल : नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ताकुला के समीप तेंदुए से जान बचाकर भाग रहा कांकड़ पहाड़ी से गिरकर घायल हो गया। मानवता की मिसाल देते हुए वहां से गुजर रहे लोगों ने घायल कांकड़ को वन विभाग को सौंप दिया। विभाग की ओर से कांकड़ को रेस्क्यू सेंटर भेज दिया है। नैनीताल हल्द्वानी रोड में ताकुला के समीप तेंदुए को देख भाग रहे कांकड़ो में एक कांकड़ तेंदुए के झपटने से पहाड़ी से सड़क पर गिर गया। इस दौरान सड़क से आवाजाही कर रहे लोगों को देख तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। लोगों ने घायल कांकड को रोडवेज़ के माध्यम से बल्दियाखान वन विभाग ने कार्यालय पहुंचा दिया। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि कांकड़ को रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया है। बताया कि किसी जानवर के हमले के कोई निशान काकड़ में नहीं मिले। कहा कि कांकड किसी वाहन या पहाड़ी से गिर कर चोटिल हुआ होगा, अब कांकड़ स्वस्थ है।

शिक्षा- स्वास्थ्य के क्षेत्र में कीर्तिमान गढ़ा

मंत्री बोले-इस सत्र में स्वास्थ्य विभाग में 11 हजार पदों पर नियुक्तियां करने का है लक्ष्य

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न पदों में नियुक्तियों के साथ ही नए आयामों को जोड़कर प्रदेश की शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है। दूरदराज के क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं। इस सत्र में सरकार ने मेडिकल क्षेत्र में 11 हजार पदों पर नियुक्ति करने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में भी हर ब्लॉक में स्थित डिग्री कॉलेजों में प्राध्यापक तैनात करने और इस वर्ष 25 कॉलेज को हॉस्टल दिए जाने की बात कही। चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर वह सरकार की जीत पर बहुत ही अस्वस्थ नजर आए। कहा कि पांचों लोकसभा सीट के साथ ही नगर पंचायत, नगर निगम और नगर पालिका चुनाव में सरकार बड़ी जीत दर्ज करेगी।

गुरुवार को प्रदेश के शिक्षा व स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत नैनीताल पहुंचे। यहां उन्होंने नैनीताल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में नए नियुक्त हुए स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान पत्रकार वार्ता कर उन्होंने कहा कि अभी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में 1400 पदों पर नियुक्ति की है। हर जिले में जाकर वह नियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर रहे हैं। सरकार ने इस सत्र में प्रदेश में 11 हजार पदों पर नियुक्ति की जानी है। जिसमें से मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ और हरिद्वार में एक-एक हजार पदों पर नियुक्ति होगी। वही 2500 वार्ड ब्वाय, 275 एएनएम और 500 चिकित्सकों की नियुक्ति की जानी है। बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों के कैडर में बदलाव किया गया है। टेलीमेडिसिन से दूर दराज के मरीजों को भी उपचार दिया जा रहा है। पूरे देश में टेलीमेडिसिन सुविधा में प्रदेश को पांचवा स्थान हासिल हुआ है। जो कि अगले वर्ष तक दूसरे स्थान पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। छात्रों को बेहतर शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थाओं में बदलाव किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट भी मौजूद रहे।

नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत। ● अमृत विचार

सभी विवि में रिक्त पदों पर फरवरी तक हो जाए नियुक्ति

नैनीताल : उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक कर प्रवेश, परीक्षा व परिणाम को लेकर मंथन किया। उन्होंने सभी से समय पर परीक्षा कराने और परिणाम घोषित करने को लेकर सुझाव मांगे। डा. रावत ने गुरुवार की शाम को यहां राज्य अतिथि गृह में हुई बैठक में तय किया गया कि पीजी में 10 जुलाई और यूजी में 21 जुलाई से नया सत्र शुरू होगा। कुलपतियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि जिन विश्वविद्यालय में शिक्षकों समेत कर्मचारियों के पद रिक्त हैं उन्हें फरवरी माह के अंत तक विज्ञप्ति जारी कर भरने की कार्रवाई शुरू की जाए।

व्यापार मंडल चुनाव ने किया हल्दूचौड़ का माहौल गरम

संवाददाता, हल्दूचौड़

अमृत विचार : कड़ाके की ठंड के चलते जहां तापमान में भारी गिरावट दिखाई दे रही है वहीं हल्दूचौड़ में आगामी 28 जनवरी को होने जा रहे व्यापार मंडल के चुनाव ने चुनाव मैदान में अपनी बैतरणी पार लगाने की आस संजोए व्यापारी नेताओं का पसीना निकालना शुरू कर दिया है।

देवभूमि व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर के दिशा-निर्देशन में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल द्वारा हल्दूचौड़ इकाई के लिए 28 जनवरी को चुनाव की घोषणा किए जाने के उपरांत चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही तमाम पदों के भिन्न-भिन्न दावेदार जनसम्पर्क में भी जुट गए हैं। इधर व्यापार मंडल के प्रथम बार निर्वाचन प्रक्रिया के तहत हो रहे चुनावों को लेकर व्यापारियों में भी गजब का उत्साह दिख रहा है। व्यापारियों का कहना है की उन्हें पहली बार मतदान प्रक्रिया से व्यापारी हितों को लेकर कटिबद्ध नेताओं को चुनने का अवसर मिल रहा है। लिहाजा वह उक्त चुनाव में कर्मठ ईमानदार चरित्रवान लोगों के पक्ष में अपना मतदान करेंगे। नामांकन प्रक्रिया के द्वितीय दिवस प्रातः काल से नेताओं और व्यापारियों में काफी उत्साह है।

प्रदेश अध्यक्ष ने की आचार संहिता की घोषणा

हल्दूचौड़। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने मीडिया को जारी बयान में बताया है कि हल्दूचौड़ इकाई के 28 जनवरी 2024 को होने वाले चुनावों के लिए आचार संहिता लागू कर दी गई है। निष्पक्ष तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए हर्ष जलाल को चुनाव अधिकारी और अतुल गुप्ता, जगमोहन चिलवाल, आफताब हुसैन, मनोज खुल्बे, अजय कृष्ण गोयल को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया जा चुका है।

हाईस्कूल रानीबाग को मिला शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार

भीमताल : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीबाग को सत्र 2022-23 में हाईस्कूल की समस्त छात्राओं के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार मिला है। विद्यालय में प्रधानाचार्य अनवर आलम सिद्दीकी, ग्राम प्रधान महेश भंडारी ने समस्त छात्राओं और शिक्षक शिक्षकों को बधाई देते हुए इस परंपरा को बनाए रखने की अपेक्षा की है।

मां पाषाण देवी मंदिर में आज से अनुष्ठान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सरोवर नगरी के ठंडी सड़क स्थित देवी के 9 रूपों के साथ दर्शन देने वाली श्री मां पाषाण देवी मंदिर में शुक्रवार 19 जनवरी से तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू होंगे। धार्मिक अनुष्ठानों में प्रातः आठ बजे से श्री गणेश पूजन, शिव पूजन, रुद्राभिषेक के पश्चात पंचागी कर्म व अखंड रामायण पाठ शुरू किया जायेगा।

इसके बाद भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण किया गया। अनुष्ठानों के अंतिम दिन 21 जनवरी को महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीश भट्ट ने बताया कि तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों में यूपी, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल सहित अन्य राज्यों से यजमान शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी को प्रातः पूजन, अखंड रामायण पाठ की समाप्ति के पश्चात हवन पूर्णाहुति आदि धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न किए जाएंगे।



ठंडी सड़क स्थित मां पाषाण देवी मंदिर।

नैनीताल में गुड नाइट फिल्म की शूटिंग

नैनीताल: सरोवर नगरी नैनीताल में हिन्दी फीचर फिल्म गुड नाइट की शूटिंग शुरू हो गई है। नैनीताल समेत आसपास के दर्शनीय स्थलों पर फिल्म के दृश्य फिल्माए जा रहे हैं। फिल्म में बॉलीवुड के युवा कलाकारों के साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी अभिनय का मौका मिलेगा। फिल्म के डायरेक्टर रोहित नायर ने बताया कि एजे फिल्म प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले फिल्म बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में जस्ट इमेजिन प्रोडक्शन हाउस की ओर से सिने कलाकार हेमंत पांडे एवं जतिन पांडे की ओर से सहयोग किया जा रहा है। गुरुवार को फिल्म के शॉट नैनीताल में फिल्माए गए। फिल्म में मुख्य किरदारों में देव शर्मा, जतिन पांडेय, अमित शर्मा, आगतस्य शंकर, ऐश्वर्या, निकिता, तारा, गरिमा आदि शामिल हैं।

सड़क सुरक्षा के तहत निकाली रैली

रामनगर में रैली का शुभारंभ करते एआरटीओ। ● अमृत विचार

नैनीताल में नशा उन्मूलन रैली निकालते पुलिस कर्मी।

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को रामनगर में परिवहन विभाग ने यातायात सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली निकाली।

रैली का शुभारंभ आरटीओ हल्द्वानी संदीप सैनी एवं एसडीएम राहुल शाह व एआरटीओ रामनगर संदीप वर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। यह जागरूकता रैली एआरटीओ कार्यालय रामनगर से शुरू की गई। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी रैली में स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए यातायात नियमों का पालन करने के नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया।

रैली में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामनगर अरुण सैनी मौजूद रहे।

नशा उन्मूलन अभियान के तहत निकली बाइक रैली

नैनीताल : नशा उन्मूलन अभियान के तहत जिला मुख्यालय नैनीताल में तल्लीताल पुलिस विभाग के सहयोग से बाइक रैली निकाली गई। रैली में तल्लीताल थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा, राजकुमारी, संदीप सिंह नेगी, शिवराज सिंह राणा, अमित गहलोत, चनीराम, राजकुमार व पराविधिक स्वयंसेवक यशवंत कुमार, अंबिका, ऋतु आर्य उपस्थित रहे।

उत्साह समारोह की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

दीक्षांत समारोह आज, हुआ पूर्वाभ्यास

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : दीक्षांत समारोह की तैयारियों को गुरुवार को अंतिम रूप दिया गया। पूरे कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास किया गया। आज होने वाले दीक्षांत समारोह में कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर तथा भीमताल परिसर के संकायाध्यक्ष ,विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों, कार्यपरिषद के सदस्य, एकेडमिक के सदस्य, सिनेट के सदस्य, कुलसचिव, वित्त नियंत्रक शामिल रहें। डीलिट, पीएचडी, मेडल होल्डर के लिए रजिस्ट्रेशन कर पोशाक वितरण कार्य भी आज डिग्री सेक्शन द्वारा किया गया।

आज प्रो. दीवान एस रावत कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने स्वयं शाम तक विभिन्न तैयारियों का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर प्रो.दीवान एस रावत, प्रो. नीता बोरा निदेशक, डीएसबी नैनीताल, प्रो.संजय पंत डीएसडब्लू डीएसबी परिसर नैनीताल, दिनेश चन्द्रा कुलसचिव कुमाऊं विश्विविद्यालय नैनीताल, प्रो. ललित तिवारी, अनिता आर्य वित्त नियंत्रक, डॉ. महेंद्र राणा,परीक्षा नियंत्रक, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, प्रो. एलएस लोधियाल, प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो.सुषमा टम्टा, प्रो. सावित्री जंतवाल, प्रो. निर्मला ढैला, डॉ. रितेश साह, डॉ. विजय कुमार, डॉ . गगनदीप होठी, डॉ. अशोक कुमार, अतुल आर्या अभियंता डीएसबी परिसर नैनीताल, नंदा बल्लभ पालीवाल आदि थे।

कुविवि दीक्षांत समारोह के लिए तैयार किया गया डीएसबी परिसर का एएन सिंह हाल।

वाहन फिटनेस केंद्र पर शोषण का आरोप

नैनीताल: टैक्सी मालिक समिति ने फिटनेस केंद्र पर वाहन स्वामियों के शोषण का आरोप लगाया है। उन्होंने डीएम और एसएसपी को ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र शोषण बंद न हुआ तो वह 27 जनवरी से हड़ताल पर चले जाएंगे। समिति के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने डीएम और एसएसपी को दिए ज्ञापन में कहा है कि परिवहन विभाग को ओर से वाहनों की फिटनेस को निजी संस्था को सौंपी गई है लेकिन निजी संस्थान की ओर से वाहन चालकों से फिटनेस के नाम पर मनमाना शुल्क लिया जा रहा है। जिससे वाहन स्वामियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर इस पर प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई तो 27 जनवरी से नैनीताल जिले में समस्त टैक्सी वाहनों का संचालन बंद किया जाएगा।

सीसी मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने की मांग

भीमताल : निशौला से नल दमयंति ताल को जाने वाले सीसी मार्ग में आए दिन जाम लगना आम बात हो गई है। इस जाम के कारण लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो यह मार्ग न केवल धार्मिक झील नलदमयंति ताल को जाता है बल्कि इस मार्ग से सातताल की दूरी भी काफी कम हो जाती है। श्रद्धालुओं की मानें तो लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सीसी मार्ग का निर्माण कराया था। उस समय यातायात को देखते हुए इसका निर्माण किया गया था अब चूंकि इस मार्ग में भी रिसोर्ट, होम स्टे आदि का निर्माण भी हो गया है। इसलिए इस मार्ग की चौढ़ाई बढ़ाने की आवश्यकता है।

चरस की तस्करी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

नैनीताल : प्रथम अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल राहुल गर्ग ने पैसों की लालच में चरस की तस्करी करने वाले आरोपी विक्की जोशी निवासी बागजाला हल्द्वानी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। मामले के अनुसार 8 जनवरी को थाना काठगोदाम के उप निरीक्षक मनोज कुमार गोलापार बागजाला तिराहे पर पहुंचे तो विक्की उन्हें देख कर भागने लगा। जब उसे पकड़ा तो तलाशी लेने पर उससे 312 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

एक नजर

एक किलो चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी : काठगोदाम पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने नशे के अवैध कारोबार पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी को करीब एक किग्रा चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बुधवार की देर रात पुलिस व एसओजी टीम मुखबिर की सूचना के बाद गस्त कर रहे थे। इसी बीच हैड़ाखान मार्ग पर एक व्यक्ति को रोककर पूछताछ की तो पुलिस का संदेह शक में बदल गया। तलाशी ली तो उसके पास से एक किलो पचास ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने खुद को खनस्यूं निवासी यशपाल सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू की है।

चोरों की तलाश जारी

हल्द्वानी : बनभूलपुरा थाना क्षेत्र स्थित इंद्रानगर उप खनिज निकासी गेट कार्यालय में चोरों ने हाथ साफ कर लिया था। मौके पर रखे कंप्यूटर सिस्टम के यूपीएस, इनवर्टर व अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए थे। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की लेकिन अभी चोरों का पता नहीं चल पाया है।

गैर जमानती आरोपी को गिरफ्तार किया

हल्द्वानी : जीआरपी ने न्यायालय से गैर जमानती वारंट आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह काफी समय से फरार चल रहा था। जीआरपी काठगोदाम के अनुसार दधीचंद निवासी बालीघाट जिला कालिकोट करनाली आंचल नेपाल पर एक मामला में न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी फरार चल रहा था। जीआरपी काठगोदाम ने एक टीम गठित करके आरोपी की तलाश शुरू की और उसे तल्लीताल नैनीताल से गिरफ्तार किया है।

बहनोई बनकर 20 हजार रुपये की ठगी की

हल्द्वानी : जालसाज फोन और ऑनलाइन ठगी के नए तरीके अपना रहे हैं। एक युवती के पास फोन आया। युवती को लगा कि उसका बहनोई फोन पर बात कर रहा है। युवती ने झांसे में आकर 20 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। बाद में युवती को ठगी का अहसास हुआ। मुरादाबाद की रहने वाली यूभी चौधरी ने बताया कि गुरुवार की दोपहर उसके पास अनजान नंबर से मोबाइल पर फोन आया। बात करने वाले खुद को उसका बहनोई बताया। साथ ही तकनीक का सहारा लेकर उसके बहनाई की आवाज में ही बात की। जालसाज ने युवती को झांसे में लेकर 40 हजार रुपये मांगे। पहली बार में युवती ने 20 हजार रुपये उसके बताए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। दूसरी बार में 20 हजार रुपये ट्रांसफर करने पर भुगतान अपने आप रद हो गया। बहन से बात की तो पता चला कि वह ठगी का शिकार हुई है।

रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए खूब खरीदारी कर रहे लोग, 30 से 300 रुपये तक झंडे, 150 से 300 तक की टोपी व 10से 30 रुपये तक बिक रहे राम नाम के बैज

शहर में राम नाम की गूंज, झंडे, टोपी व मूर्ति से गुलजार हुआ बाजार

पवन नेगी, हल्द्वानी

अमृत विचार: 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है। इससे पहले पहले बाजार में राम नाम के झंडों की बिक्री शुरू हो गई है। लोग अपने घर और गाड़ियों पर राम नाम के झंडे लगा रहे हैं। पूरे देश में इस वक्त राम नाम की गूंज है और इसका असर शहर में भी देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों में भी राम नाम के झंडों का क्रेज देखने को मिल रहा है। भगवान राम जहां होते हैं, वहां हनुमान भी होते हैं इसलिए राम के झंडों के साथ भगवान हनुमान के झंडों की बिक्री भी हो रही है। दुकानदारों ने बाजार में अपनी दुकानें सजा दी हैं जहां लोग बढ़-चढ़कर खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों के चेहरे में भी खुशी नजर आ रही है। दुकानों में छोटे झंडे 30-50 और बड़े झंडे 150-300 रुपये तक बिक रहे हैं। इसी तरह 150-300 रुपये तक की टोपी, 10-30 रुपये तक के बैज, 50-150 रुपये तक का पट्टा, 200 रुपये की माला और भगवान राम की मूर्ति के कार स्टैंड 100-150 रुपये तक बिक रहे हैं। खरीदारी करने में युवाओं के साथ बुजुर्ग भी शामिल हैं।

दुकान में सजाए गए राम नाम की टोपियां, छोटे झंडे और बैज।

लोग खुशी से खरीदारी कर रहे हैं और 22 जनवरी को रामलला का महोत्सव मनाने के लिये तैयार हैं। दूसरी तरफ दीयों की बिक्री में भी कुछ बढ़ोत्तरी हुई है। दीया विक्रेता प्रजापति ने बताया कि लोग घर को रोशनी से जगमग करने के लिये दीपावली में ही दीयों की खरीदारी कर अपने पास रख लेते हैं और इसके बाद अन्य शुभ कार्यों के लिये जरूरत के अनुसार दीये खरीदते हैं। उन्होंने बताया कि अन्य सालों की तुलना में कुछ अधिक दीयों की बिक्री हो रही है और आने वाले दिनों में अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है।

दुकानदारों से बातचीत

लोग राम नाम का झंडा और पट्टा अधिक खरीद रहे हैं। दिल्ली से सामान लाया हूं। हर रेंज का सामान उपलब्ध है। अच्छी बिक्री से शुरूआत हुई है। आने वाले दिनों में और अच्छी बिक्री होने का अनुमान है। – **बिशु शर्मा**, दुकानदार

राम नाम के झंडे, टोपी, पट्टे, बैज, कार स्टैंड सहित अन्य सामान उपलब्ध है। झंडा, टोपी और पट्टे की बिक्री ज्यादा हो रही है। 22 जनवरी के महोत्सव के लिये लोगों में काफी उत्साह है और लोग जश्न मनाने के लिये खुशी से सामान खरीद रहे हैं। – **विजय**, दुकानदार

खरीदारों से बातचीत

दोस्तों के साथ अयोध्या जाने के लिये तैयार हूं। रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाने के लिये आज खरीदारी करने आए हैं। टोपी, पट्टा और माला खरीद रहे हैं। बेसब्री से 22 जनवरी का इंतजार है। – **योगेश**, खरीदार

अयोध्या में जश्न मनाया जाएगा और हम सभी अपने घरों में भी जश्न मनाएंगे। जश्न की तैयारी को लेकर शॉपिंग कर रहा हूं। झंडा, टोपी और बैज खरीद रहा हूं। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर चारों तरफ खुशी का माहौल है।
– **देव सिंह**, खरीदार

हाड़ कंपाने वाली सर्दी, शीतलहर का कहर, धूप बेअसर

हल्द्वानी और आसपास के इलाकों गौलापार, लामाचौड़, बेलबाबा, मोटाहल्दू में सुबह से छाया रहा कोहरा, पश्चिमी हवाओं से बढ़ी ठंड

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: हल्द्वानी में हाड़ कंपाने वाली सर्दी पड़ रही है। पश्चिम से आ रही हवाओं से गलन बढ़ रही है। दिन में धूप निकल रही है लेकिन शीतलहर के आगे वह भी बेअसर साबित हो रही है।

हल्द्वानी और उसके आसपास के इलाकों गौलापार, लामाचौड़, बेलबाबा, मोटाहल्दू में सुबह के समय कोहरा छाया हुआ था। हालांकि सुबह नौ बजे के बाद दमुवाढूंगा, पॉलीशीट, बद्रीपुरा, मंगलपड़ाव में धूप निकल गई लेकिन बाकी के इलाकों में कोहरा छाया रहा। जिन इलाकों में धूप निकली वहां भी शीतलहर की वजह से धूप बेअसर रही। शीतलहर के चलते लोगों का धूप सेंकना तक मुश्किल हो गया। अपरान्ह होने के साथ ही पूरे शहर को कोहरे ने फिर से अपने आगोश में ले लिया। लोग ठंड से बचने के लिए हीटर और अलाव के सहारे बैठे रहे। अधिकतम तापमान 10.6 डिग्री दर्ज किया और न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री था। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि ठंड से अभी कोई राहत नहीं मिलेगी। अगले 5 दिनों तक इसी तरह से मौसम बना रहेगा। शीतलहर का कहर जारी रहेगा।

अब पहाड़ों में भी गिरा पारा : शीतलहर की वजह से जहां मैदान में भीषण ठंड पड़ रही है तो वहीं अब पहाड़ों में भी पारा गिरने लगा है। विगत दिनों मैदानी इलाकों में ठंड पड़ रही थी तो वहीं पहाड़ों में सामान्य से ज्यादा तापमान था और दिन के समय चटक धूप निकल रही थी। मुक्तेश्वर में 12 जनवरी को अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री दर्ज किया था जो सामान्य से करीब 6 डिग्री ज्यादा था। अब वहां भी तापमान में गिरावट आई है और अधिकतम तापमान 9.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री रहा है।

हल्द्वानी के गौला पुल पर सुबह से वक्त छाया घना कोहरा। ● अमृत विचार

स्कूलों में आज एक दिवसीय अवकाश घोषित

हल्द्वानी, अमृत विचार : मौसम विभाग के 19 जनवरी को घने कोहरे के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रशासन ने जिले के मैदानी क्षेत्रों हल्द्वानी, लालकुआं, कालाढूंगी एवं रामनगर के स्कूलों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया है। एडीएम फिंचाराम चौहान ने बताया कि मौसम विभाग ने शुक्रवार को राज्य के मैदानी भागों में शीतलहर एवं घने कोहरे की आशंका जताई है। अभी भी जिले के मैदानी क्षेत्रों हल्द्वानी, लालकुआं, कालाढूंगी व रामनगर में शीत लहर एवं कोहरे की स्थिति बनी हुई है। वहीं, घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से मैदानी क्षेत्रों में दुर्घटना की आशंका है। इसी के मद्देनजर आज मैदानी क्षेत्रों के कक्षा 1 से 12 तक के सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी, निजी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया जाता है।

मौसम इसी तरह से बना रहेगा। भीषण सर्दी का दौर जारी रहेगा और साथ ही तापमान में गिरावट आती रहेगी। अगले 5 दिनों तक ठंड से कोई राहत मिलने के आसार नहीं हैं।
–**डॉ. आरके सिंह**, मौसम विज्ञानी, जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय

नैनीताल में हल्के बादल तो पहाड़ियों में छाई रही धुंध

नैनीताल : नैनीताल में गुरुवार को सुबह से ही धूप खिली रही तो उसके बाद आसमान में हल्के बादल छा गए। इस दौरान नैनीताल की पहाड़ियों में धुंध भी छाई रही जिस कारण अन्य दिनों की अपेक्षा ठंड में बढ़ोतरी देखी गई। सायंकाल को आसमान से बादल छंट गए। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र में अधिकतम तापमान 14 तथा न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता अधिकतम 55 व न्यूनतम 52 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया। नैनी झील का जलस्तर सात फीट मापा गया।

ठंड में बढ़ी बिजली की मांग उपलब्धता में आई कमी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बीते दिनों से जारी कड़ाके की ठंड के चलते बिजली की मांग में भी बढ़ोत्तरी आई है। जिसके चलते बिजली आपूर्ति में कमी देखने को मिल रही है। बिजली कमी के चलते आए दिन शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में घंटे बिजली कटौती जारी है।

सर्दी बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत भी बढ़ रही है लेकिन इसके उलट बिजली उपलब्धता में कमी है। बिजली विभाग की ओर से दिसंबर के आंकड़ों के मुताबिक में दर्शाया गया है। जिसके चलते हल्द्वानी और आसपास के हिस्सों में लगातार शटडाउन लिए जा रहे हैं। ऊर्जा निगम की ऑनलाइन वेबसाइट में जारी रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर माह में बिजली की मांग 22 मिलियन यूनिट (एमयू) दर्ज किया गया था। वहीं जनवरी माह में यह आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद जाताई जा रही है।

परेशानी

- **बिजली कटौती की समस्या से नहीं मिल रही लोगों को निजात**
- **दिसंबर में 22 मिलियन यूनिट दर्ज की गई बिजली खपत**

ठंड में बढ़ोत्तरी के साथ ही लोग ठंड से बचाव के लिए घरों में हीटर, ब्लोअर समेत अन्य बिजली के उपकरण का उपयोग बढ़ा देते हैं, जिसके चलते बिजली की खपत भी बढ़ती है वहीं हिमपात होने के चलते बिजली निर्माण भी प्रभावित होती है। जिसके चलते ठंड में बिजली उपभोक्ताओं को बिजली कटौती से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

इधर ईई दिनेश कुमार ने बताया कि बढ़ते ठंड के साथ ही बिजली की मांग भी बढ़ती है। आने वाले दिनों में बिजली की मांग में और वृद्धि देखने को मिलेगी।

5 घंटे गुल रही बत्ती

हल्द्वानी : बिजली कटौती गुरुवार को भी जारी रही। समता आश्रम गली, रामपुर रोड, मुखानी, देवलचौड़, दमुवाढूंगा समेत कई हिस्सों में करीब 5 घंटे से अधिक बिजली कटौती हुई। जिसके चलते आमजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं आए दिन हो रही बिजली कटौती के चलते आमजनों के रोजमर्रा के कार्य भी बाधित हो रहे हैं। जिसके चलते ऊर्जा निगम के खिलाफ लोगों में रोष पनप रहा है।

दिव्यांग महिला को नहीं चुकाया उधार अब मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी, अमृत विचार: दिव्यांग महिला से 20 हजार लेने के बाद आरोपी ने महिला को चेक दिया जो बैंक में बाउंस हो गया। बाद में न्यायालय के आदेश पर मुखानी थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

कुसुमखेड़ा स्थित गैस गोदाम रोड निवासी प्रभावती देवी उर्फ पार्वती देवी के अनुसार वह कपड़ों की सिलाई करके परिवार का पालन-पोषण करती है। एक पैर से दिव्यांग हैं। बताया कि वर्ष 2021 में हरिपुर नायक निवासी नरेंद्र जाटव ने उनसे 20 हजार रुपये उधार लिए थे। बार-बार मांगने पर आरोपी ने 20 हजार रुपये का चेक दिया था।

आरोप है जब उन्होंने चेक बैंक में लगाया तो पता चला कि आरोपी नरेंद्र ने चेक गलत नाम से भरा था। इसकी वजह से वह बाउंस हो गया। पीड़िता ने जब यह बाद आरोपी को बताई तो उसने धमकाना शुरू कर दिया। साथ ही उसे व उसके पति को मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़िता जब इसकी शिकायत लेकर मुखानी थाने पहुंची।

वहां रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर महिला ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने प्राथमिक सुनवाई के बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। इधर मुखानी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

दुकानें बंद करने के बाद व्यापारियों का धरना

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: महिला अस्पताल के सामने व्यापारियों ने धरना दिया। इस दौरान प्रभावित दुकानदारों के अलावा कुछ अन्य लोग व्यापारियों ने भी समर्थन में अपनी दुकानें बंद रखी। व्यापारियों ने कहा कि विकास के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

व्यापारी नेता योगेश शर्मा ने कहा कि प्रशासन ने दुकानों को चिन्हित कर लिया है और अब दुकानें तोड़ने की तैयारी की जा रहीं हैं। इन दुकानदारों ने इतने सालों में मेहनत करके अपना काम जमाया है और अब सड़क चौड़ीकरण के नाम पर उन्हें उजाड़ा जा रहा है। अन्य ने कहा कि मंगलपड़ाव से लेकर रोडवेज स्टेशन तक जाम का मुख्य कारण रोडवेज और केमू बस अड्डे का मुख्य बाजार में होना है। इनको शहर से बाहर भेज दिया जाए तो शहर में कई जगह जाम लगना बंद हो जाएगा। व्यापारियों ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से तानाशाही पर उतर गया है। इस दौरान मनोज जायसवाल, हर्षर्द्धन पांडे, कांग्रेस नेता ललित जोशी, रुपेंद्र नागर, अमरजीत सिंह चड्ढा, विनिता शर्मा, सिद्धी सुयाल, प्रियंका गर्ग, अशोक सिंधी, शिवकपूर, सागर अग्रवाल, केतन गुप्ता, सतविंद्र सिंह अरोड़ा आदि रहे। इस दौरान प्रभावित दुकानदारों ने शाम को चार बजे ही अपनी दुकानें बंद कर दीं। उनके अलावा मुख्य बाजार में कुछ अन्य दुकानदारों ने भी समर्थन में दुकानें बंद रखीं।

बस अड्डा शहर की सीमा से बाहर हो: वर्मा : प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि रोड चौड़ीकरण शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या के लिए जरूरी है लेकिन मात्र सड़क चौड़ीकरण से ही यातायात व्यवस्था नहीं सुधरने वाली है। कहा कि मुख्य बाजार में स्थित बस अड्डा शहर से बाहर नहीं जाना चाहिए। जब तक यह नहीं होगा तब तक हमें जाम झेलना ही पड़ेगा।

हल्द्वानी में दुकानें तोड़े जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

आईएसबीटी के लिए आदर्श जगह थी गौलापार पर सरकार ने नहीं बनने दिया : सुमित हृदयेश

हल्द्वानी : विधायक सुमित हृदयेश ने सड़क चौड़ीकरण के लिए दुकानें तोड़े जाने का फिर विरोध किया। आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की डबल इंजन सरकार सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को तोड़कर उनको उजाड़ने का काम कर रही है। हल्द्वानी वासियों की असली मांग आईएसबीटी और रिंगरोड है, जिससे हल्द्वानी की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आएगा। कहा कि आईएसबीटी के लिए पूर्व में चयनित जगह गौलापार में थी और वो बहुत ही आदर्श जगह थी लेकिन सरकार ने उस जगह में आईएसबीटी नहीं बनने दिया और लोगों को झांसे में रखा कि आईएसबीटी दूसरे स्थान में बनेगा लेकिन अभी तक आईएसबीटी, रिंगरोड नहीं बना।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर विरोध दर्ज किया

भीमताल : भीमताल प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने हल्द्वानी में व्यापारियों की दुकानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर नाराजगी व्यक्त की है। व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला ने जारी बयान में कहा कि प्रशासन की ओर से व्यापारियों की दुकानों को गलत तरीके से तोड़कर उन्हें हटाया जा रहा है। व्यापारियों ने कहा कि उत्पीड़न बंद नहीं किया गया तो सरकार और प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला, प्रवीण पटवाल, हिमांशु रौतेला, आदि मौजूद थे।

वार्ड 59 में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग

हल्द्वानी, अमृत विचार: गौजाजाली के वार्ड 59 में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग को लेकर लोग नगर निगम पहुंचे। उन्होंन नगर निगम पर क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया।

निर्वतमान पार्षद रईस अहमद ने कहा कि क्षेत्र में पांच साल के बाद भी एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने से क्षेत्र रात के समय अंधेरे में डूबा रहता है और आपराधिक घटनाओं का डर रहता है। इस दौरान जहांगीर आलम, मो. असलम, मो. यासीन, मो. अशरफ, मो. साजिद आदि रहे।

बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियरों का मौन प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: ऊर्जा निगम में रिक्त पदों पर पदोन्नति करने व लंबित पड़ी जांच फाइलों के जल्द निस्तारण की मांग को लेकर गुरुवार को जूनियर इंजीनियरों ने मौन धरना देकर प्रदर्शन किया। इसमें मुख्य अभियंता को 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शन को समाप्त किया गया। वहीं मांग न पूरी होने पर काली पट्टी बांधकर वर्क टू रूल के मुताबिक कार्य करने की चेतावनी जारी की है।

18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शन हुआ समाप्त

उत्तराखंड पावर जूनियर एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक पाठक ने बताया कि विभाग में काफी समय से सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंताओं के पद रिक्त हैं। इसके बाद भी पदोन्नति कर उन पदों को विभाग भरने के बारे में असहजता दिखा रहा है। लंबे समय से कई विभागीय जांच लंबित पड़ी हैं। जहां पर फाइल थी वहां आज भी अटकी पड़ी हुई है। न तो फाइल आगे बढ़ रही है और न ही जांच में तेजी लाई जा रही है। इसी क्रम में हाइडिल कार्यालय के अंदर संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ मौन प्रदर्शन कर किया गया। आने वाले दिनों में मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 20 जनवरी को काली पट्टी बांधकर कार्य किया जाएगा वहीं 27 जनवरी को कार्यालय में कार्य किया जाएगा। इस मौके पर ई. मनोज पांडेय, अजय भरद्वाज, विनोद पाठक, कुंदन, ललित, कृतिका तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

मुश्किल ऊंचापुल क्षेत्र में नहर कवरिंग में जल संस्थान कर रहा पेयजल लाइन शिफ्ट

लाइन शिफ्टिंग के चलते दिनभर जलापूर्ति रही बाधित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: ऊंचापुल क्षेत्र में पेयजल लाइन शिफ्टिंग के चलते गुरुवार को भी दिनभर पानी की आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान लोगों को जल संस्थान के टैंकरों से पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया जिस कारण कई लोगों ने निजी टैंकरों का सहारा लिया।

लगभग 10 हजार की आबादी पानी के लिये परेशान रही। विभाग की ओर से इन दिनों नहर कवरिंग में 12 इंच की मुख्य पेयजल लाइन शिफ्ट करने का काम किया जा रहा है। विभाग के ईई रविशंकर लौशाली ने बताया कि पेयजल लाइन शिफ्टिंग का कार्य अंतिम चरण में है और उन्होंने बताया कि देर रात तक काम पूरा कर लिया जाएगा जिससे आज शुक्रवार से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सुचारू हो जाएगी। बताया कि गुरुवार को समस्या वाले क्षेत्रों में टैंकर भेजे गए। दूसरी तरफ सिंचाई विभाग के दो खराब ट्यूबवेल ठीक न होने के कारण अभी भी समस्या बनी हुई है। बचीनगर और गौलापार में पिछले चार दिनों से ट्यूबवेल खराब है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के ईई अंचित रमन ने बताया कि ट्यूबवेल ठीक किये जा रहे हैं और जल्द ही पानी की आपूर्ति सुचारू कर ली जाएगी।

बुरे हालात

- **विभाग के टैंकरों से भी नहीं मिला पर्याप्त पानी**

2 माह से परेशान कुमाऊं कॉलोनी के लोग

दमुवाढूंगा स्थित कुमाऊं कॉलोनी में पिछले दो माह से पानी की समस्या हो रही है। लोगों का कहना कि उनके घर में पानी नहीं आ रहा है। इस संबंध में कुछ लोगों ने गुरुवार को जल संस्थान के ईई रविशंकर लौशाली को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने बताया कि उनकी ओर से पिछले साल दिसंबर में भी समस्या से अवगत कराया गया था जिसके बाद विभाग ने पानी की आपूर्ति सुचारू करने के लिये कुछ प्रयास किये लेकिन अभी तक घरों में पानी नहीं आ रहा है। लोगों ने ईई से पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की है। ईई रविशंकर लौशाली ने बताया कि समस्या का समाधान करने के लिये क्षेत्र के जेई को निर्देशित किया है और निस्तारण कर सूचित करने को कहा गया है।

सार-संक्षेप

छठ पूजा स्थल पर भंडारे के लिए चर्चा करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

22 को छठ पूजा स्थल पर होगा भंडारा

हल्द्वानी : छठ पूजा सेवा समिति 22 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन करने जा रही है। इसके लिये समिति ने गुरुवार को बैठक का आयोजन किया जिसमें छठ पूजा स्थल पर भंडारे को लेकर चर्चा की गई। सभी लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिये। समिति की तरफ से निर्देश दिया गया कि बिना समिति के बताए किसी भी तरह का पोस्टर छठ पूजा स्थल पर नहीं लगाया जाएगा। इस मौके पर मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्णा साह, शंकर भगत, सुरेश भगत, वीरू पंडित, जयप्रकाश शाह, ओम प्रकाश शाह, मुकेश चौधरी, राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।

पत्रकार वार्ता करते हल्द्वानी प्रेस क्लब पदाधिकारी। ● अमृत विचार

प्रेस क्लब एफपीडब्ल्यूएस की कार्यकारिणी भंग

हल्द्वानी : प्रेस क्लब एफपीडब्ल्यूएस की कार्यकारिणी भंग कर दी गई है। गुरुवार को मीडिया सेंटर में हुई बैठक में अध्यक्ष संजय रावत ने कहा कि प्रेस क्लब का वर्तमान कार्यकाल समाप्त हो चुका है इसलिए वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया जाता है। अस्थायी रूप से राजेश सरकार को संचालक मनोनीत किया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन से जुड़े पत्रकार प्रेस क्लब की सदस्यता ले सकते हैं। अब सदस्यता अभियान चलाकर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने पत्रकार साथियों से एकजुट होकर सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस दौरान भुवन जोशी, मनोज आर्या, सुरेश पाठक, वंदना आर्या, कमल राजपाल, दिनेश पांडेय, तारा जोशी, पंकज पांडेय, निखिलेश जोशी, सलीम खान, दीपक भण्डारी, विनोद कांडपाल, हिमांशु गिरोला, राजेश सरकार, संजय प्रसाद, गुरमीत सिंह स्वीटी, चन्दन बिष्ट मौजूद रहे।

कठघरिया उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्वेटर वितरित करते समिति के सदस्य।

उच्च प्राथमिक विद्यालय कठघरिया में स्वेटर वितरित किए

हल्द्वानी : साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति ने कठघरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्वेटर दिए। एक कंप्यूटर भी दिया। अध्यापकों ने संस्था का आभार जताया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका भारती खोलिया, वीना लोहनी, हेमा दरम्वाल, संस्था अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, दया बिनवाल, हेमा मेलकानी, गीता कार्की, लीला मनराल, ममता जोशी आदि थीं।

गौजाजाली पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हल्द्वानी : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौजाजाली में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई। यात्रा का शुभारंभ विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को क्षेत्र के अन्तिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित करना है। इस अवसर पर पीएम गरीब कल्याण के 20 आवेदकों को राशनकार्ड कार्ड से जुड़ी जानकारियां दी गईं। पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के 3 आवेदन मिले। एनएचएम में 60 व्यक्तियों का रक्तचाप व मधुमेह की जांच की गई। समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन के 12, विधवा पेंशन के 8, दिव्यांग पेंशन के 3, शादी अनुदान के 1 आवेदन लिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष दीपक बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

एचसीए ने जीता 21 रन से मैच

हल्द्वानी : पीलीकोठी स्थित डीके स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित द्वितीय वीर शहीद हरक सिंह स्मृति अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मुकाबले में गुरुवार को मेहरा क्रिकेट एकेडमी अल्मोड़ा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। एचसीए श्रीपुरम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 165 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने 35.3 ओवर में 144 रन ही बना पाई। एचसीए ने 21 रन से मैच अपने नाम किया। इस मौके पर मुकेश भट्ट, राजू भैसोड़ा, जगदीश जोशी, विनय जोशी, हेमंत जोशी समेत कई लोग मौजूद रहे।

बिल का बकाया होने पर 19 के संयोजन काटे

भीमताल : बिजली विभाग ने बिजली के बिलों का भुगतान नहीं करने पर नगर पालिका क्षेत्र के 19 बकायेदारों के संयोजन को काट दिया है। मामले की जानकारी देते हुए अवर अभियंता पुष्कर सिंह ने बताया कि बिजली विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होने सभी उपभोक्ताओं से बिजली के बिलों का भुगतान करने को कहा है।

कांग्रेस लोस चुनाव के लिए है तैयार

नैनीताल संसदीय सीट के प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल ने स्वराज आश्रम में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट के प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल ने गुरुवार को स्वराज आश्रम में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस संगठन लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार है, केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सभी बीएलए, मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां कर ली गईं हैं। जल्द सभी बूथ व मंडल प्रभारियों को भी जिम्मेदारी दे दी जाएगी। उन्होंने कहा की कांग्रेस का प्रत्याशी कोई भी हो, हमारा प्रत्याशी हाथ का पंजा होगा।

लोस प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिये कांग्रेस एकजुट है। सरकार की गैर दूरदर्शी नीतियों से समाज का हर वर्ग दुखी है। धर्म के नाम पर वोटों के ध्रुवीकरण की भाजपा की साजिश अब पूरी नहीं होगा। जनता समझ चुकी है धर्म की आड़ लेकर भाजपा की सरकारें अपनी नाकामियां छिपा रही हैं। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर युवा भारी संख्या में कांग्रेस से जुड़ रहा है। भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार से व्यापारी, काश्तकार, युवा, मातृशक्ति सब परेशान हैं। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर भाजपा क्या खेल, खेल रही है, यह शंकराचार्य लगातार जनता के सामने उजागर कर रहे हैं।

वहीं, कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को भी अपार जन समर्थन मिल रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगामी प्रस्तावित दौरे में जिले से भारी संख्या में कांग्रेसजन उनके स्वागत के लिए देहरादून जाएंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महेंद्र पाल, हरीश दुर्गापाल, संजीव आर्या, सतीश नैनवाल, हरेंद्र बोरा, शेखर दानी, अनुपम कबडवाल, हेमंत बगड़वाल, खजान पांडे, प्रकाश पांडे, नरेश अग्रवाल, मनोज शर्मा, मधु सांगुड़ी, शोभा बिष्ट, जया कर्नाटक, भुवन दर्मवाल, दीप पाठक मौजूद रहे।

स्वराज आश्रम में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी व अन्य।

10 माह बाद भी नहीं पहुंचे 10 रुपये के पोस्टल आर्डर

हल्द्वानी, अमृत विचार: शहर के प्रधान डाकघर में बीते 10 माह से अधिक का समय गुजर गया है, लेकिन अभी तक 10 रुपये के पोस्टल आर्डर की तंगी को दूर नहीं किया जा सका है। इसके चलते प्रधान डाकघर में आने वाले आरटीआई कार्यकर्ता समेत प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्रों को प्रधान डाकघर से पोस्टल आर्डर नहीं उपलब्ध हो पा रहे हैं।

प्रधान डाकघर में 10 रुपये के पोस्टल आर्डर पिछले मार्च माह से अबतक खेप नहीं पहुंच पाई है। कमी को दूर करने के लिए पोस्टल आर्डर को पिथौरागढ़, रानीखेत और लेंस डाउन से करीब 3 हजार पोस्टल आर्डर डाक विभाग पूर्व में ही मंगा चुका है।

वहीं प्रधान डाकघर में पहुंचने वाले लोग 10 रुपये पोस्टल आर्डर की बजाय 20 रुपये के पोस्टल आर्डर मजबूरन खरीदना पड़ रहा है। इधर डाक विभाग के पोस्टमास्टर गौरव जोशी ने बताया कि अभी तक प्रधान डाकघर में 10 रुपये के पोस्टल आर्डर बिक्री के लिए नहीं उपलब्ध है।

कैडेट्स को नशा मुक्ति का संदेश

हल्द्वानी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव वीनू गुलियानी के निर्देशानुसार पैरा लीगल वॉलंटियर्स एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने गुरुवार को 24 यूके गर्ल्स बटालियन एमबीपीजी कॉलेज में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाया।

पैरा लीगल वॉलंटियर्स उमा भंडारी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानूनी सेवा प्रबंधन प्रणाली सालसा व कानूनी सहायता सूचना प्रणाली तथा नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में बताया। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए स्वयं को जागरूक होने तथा परिवार और समाज को जागरूक करने की अपील की। एएनटीएफ की ओर से नवीन कुमार, सोनू सिंह व अरविंद सिंह कार्की ने नशा करने वालों के लक्षण, अपराध और सजा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लेफ्टिनेंट डॉ. ज्योति टम्टा ने नशे के किस्म तथा बचाव के बारे में बताया। इस दौरान निशा मेहता, रितिका, दिव्यांशी, दिव्या, दीपाली, अलका, अदिति, कर्णप्रिय, प्रियंका, भावना, प्रियांशी, प्रियंका, रमा, दिनेश आदि कैडेट्स ने हिस्सा लिया।

बिजली के खंभे नहीं लगाने दे रहा जमीन विक्रेता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने गुरुवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।

जनसुनवाई में देवलचौड़ खाम निवासी विद्या सागर व गीता सागर ने बताया कि उन्होंने व अन्य लोगों ने दिनेश आर्य, पूरन आर्य आदि भाईयों से जमीन क्रय कर भवन का निर्माण किया लेकिन जिन लोगों ने जमीन बेची उनके द्वारा ना तो सड़क बनाई। अब बिजली विभाग के खंभे भी नहीं लगने दे रहे हैं। इस पर मंडलायुक्त ने क्रेता, विक्रेता, बिजली व राजस्व विभाग के अधिकारियों को मौके पर तलब किया। साथ ही एक सप्ताह में बिजली की लाइन नहीं बिछने पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। बीना पंचपाल निवासी हरतोला ने बताया कि उनके पति ने रमेश बिष्ट से दमुवांढूगा में जमीन क्रय की थी। पति की मृत्यु के बाद जमीन की धनराशि वापस नहीं दी। मंडलायुक्त ने क्रेता एवं विक्रेता को तलब कर 5.50 लाख रुपये एक माह में बीना पंचपाल को लौटाने के निर्देश दिए। आरती पांडे निवासी कठघरिया ने बताया कि उन्होने 21 लाख में अंशु जोशी से मकान क्रय किया था लेकिन वह मकान की धनराशि बैनामे के अनुसार सही समय पर नहीं दे पाई। उन्होनें मंडलायुक्त से धनराशि वापस दिलाने की मांग की। इस पर उन्होंने क्रेता-विक्रेता को एक सप्ताह में धनराशि वापस करने के निर्देश दिए।

हल्द्वानी कैंप कार्यालय में जन सुनवाई करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

प्लॉटिंग में सड़क, बिजली, पानी नहीं देने वालें खिलाफ कार्रवाई करें

हल्द्वानी : मंडलायुक्त रावत ने कहा कि हल्द्वानी व ऊधम सिंह नगर में जमीनों के सौदों के साथ्ज्ञ ही प्लॉटिंग की जा रही है। इसमें किसी भी किस्म का रास्ता, बिजली तथा पानी की सुविधाएं नहीं दी जा रही है। साथ ही जिला विकास प्राधिकरण को ऐसी प्लॉटिंग पर रोक लगाने और प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोडवेज समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई, रात्रि में आम जन की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। इसके लिए नियमित चेकिंग तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई को कहा। इसके अलावा डीएम व एसएसपी को मुनाफाखोरों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ एकजुट हों लोग

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने अपने 15 वें स्थापना दिवस पर संगठन को मजबूत करने तथा भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार की विभाजनकारी नीतियों के कारण देश के गणतंत्र एवं समाज को हो रहे नुकसान के खिलाफ एकजुट होकर आगे आने की अपील की।

देवभूमि व्यापार मंडल में केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य चिंताराम की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उपपा नेता प्रभात ध्यानी ने 18 जनवरी 2009 से आज तक पार्टी के 15 सालों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पार्टी ने सीमित संसाधनों होने के बावजूद राज्य की अवधारणा से जुड़े सवालों तथा आम जन के सवालों को मजबूती के साथ उठाया। वरिष्ठ समाजसेवी पीसी जोशी, संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती, इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रूहेला, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिम्वाल, राज्य आंदोलनकारी नवीन नैथानी, मनमोहन अग्रवाल, एसआर टम्टा, नंदकिशोर गोपाल असनोड़ा, हीरा सिंह खत्री, प्रमोद कुमार, सुनील पर्नवाल, गंगा , गीता, मोहम्मद आसिफ आदि मौजूद थे।

बैठक में चिंताराम को विधानसभा प्रभारी, गोपाल असनोडा ब्लॉक संयोजक, मोहम्मद आसिफ नगर संयोजक, शिवेंद्र युवा संयोजक बनाए गए।

रामनगर में उपपा के स्थापना दिवस पर विचार रखते वक्ता। ● अमृत विचार

28 जनवरी को निकलेगी महारैली

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी का 16वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को मुखानी में एक गोष्ठी हुई। इसमें वक्ताओं ने राज्य की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के साथ ही सशक्त भू कानून के लिए 28 जनवरी को होने वाली महारैली को सफल बनाने का आह्वान किया। कोषाध्यक्ष विनोद जोशी ने हल्द्वानी में अध्ययन केंद्र चलाने की घोषणा की। भूपाल धपोला, जिलाध्यक्ष प्रकाश उनियाल ने जन आंदोलनों को तेज करने पर जोर दिया। इस दौरान नैन सिंह खनी, बीडी सनवाल, दीवान सिंह खनी, ललित मौजूद रहे।

पंप ऑपरेटरों को मानदेय की मांग

गरमपानी : नलकूप खंड विभाग के सिंचाई पंपिग योजनाओं में तैनात पंप ऑपरेटरों को समुचित मानदेय उपलब्ध कराने तथा अन्य समस्याओं के समाधान का मामला मुख्यमंत्री तक पहुंच गया है। किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दलिप सिंह बोहरा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप पंप ऑपरेटरों के हित में ठोस कदम उठाए जाने को विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग उठाई है। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दलिप सिंह बोहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कैंची धाम दौरे के दौरान बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में सिंचाई पंपिग योजनाओं में तैनात पंप ऑपरेटरों का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपकर मांग रखी है।

हालात | योजना में 18 परंपरागत व्यवसायों में पात्रों को निशुल्क ट्रेनिंग व टूल किट दिए जाने हैं

विश्वकर्मा योजना में सुस्त गति से हो रहा काम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सरकार ज्यादातर लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना चाहती है लेकिन जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना बेहद सुस्त गति से आगे बढ़ रही है। योजना में तीन चरणों में पात्रों का चयन होना है लेकिन अभी आवेदन ही लिए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल सितंबर में पीएम विश्वकर्मा योजना लॉच कर दी थी लेकिन जिले में अब तक पात्रों के आवेदन ही भरे जा रहे हैं। योजना के तहत जिले में 2500 लोगों को लाभ दिलाने के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 959 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

> योजना में तेजी से काम हो रहा है। हजारों की संख्या में आवेदकों के नाम आ चुके हैं। पात्र व्यक्ति का चयन कर उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी।- **सोमनाथ गर्ग**, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र

इधर, योजना में चयन प्रक्रिया ग्राम या नगरीय, जिला व राज्य स्तर पर एमएसएमई विभाग के डीएफओ की अध्यक्षता में होगी।

बता दें कि योजना में 18 परंपरागत व्यवसायों में चयनित पात्रों को निशुल्क 5 व 15 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उन्हें 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद उन्हें प्रमाण-पत्र व टूल किट खरीदने के लिए 15 हजार रुपये दिए जाएंगे, जिससे वे स्वरोजगार कर सकें। यदि लाभार्थी लोन लेना चाहते हैं तो उन्हें 18 महीने के लिए 5 प्रतिशत ब्याज पर 1 लाख रुपये मिलेगा। यह लोन समय पर चुकाने पर लाभार्थी दोगुना लोन ले सकते हैं।

योजना में चयनित व्यवसाय

बढ़ई, नाव निर्माता, कवच बनाने वाला, लोहार, हथौड़ा व टूल किट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला, जूता कारीगर, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू निर्माता, खिलौना निर्माता, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी व मछली पकड़ने का जाल निर्माता।

पिथौरागढ़ में शुरू हुआ ट्रेनिंग का दूसरा सत्र

कुमाऊं मंडल में सिर्फ पिथौरागढ़ जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना में तेजी दिखती है, जहां पहले बैच की ट्रेनिंग होने के बाद अब टेलरिंग, कारपेंटर आदि के लिए दूसरे बैच की ट्रेनिंग चल रही है। योजना में कुमाऊं में 10500 व गढ़वाल में 14500 लोगों को लाभ मिलेगा।

प्राथमिक शिक्षक भर्ती में आयु सीमा बढ़ाने की मांग

हल्द्वानी, अमृत विचार: बैकलॉग महासंघ ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती में आयु सीमा बढ़ाने की मांग की।

बुद्धपार्क में महासंघ की बैठक आयोजित हुई। प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार टम्टा ने कहा कि लंबे से प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई है। इस वजह से बीएड और टीटीई परीक्षा पास अभ्यर्थियों की निर्धारित आयु सीमा पूरी हो गई है। जिसके चलते डिग्री होने के बावजूद कई प्रशिक्षित युवा बेरोजगारों की श्रेणी में आ गए हैं। इसलिए प्राथमिक शिक्षक भर्ती में आयु सीमा बढ़नी चाहिए। इस दौरान दिनेश चंद्र आर्या, दीपक कुमार आर्या, बबलू जय, राजेश कुमार आदि रहे।

एक महीने में ही उधड़ने लगीं डामरीकरण की परतें

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : कुमाऊं की लाइफ लाइन कहे जाने वाले अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर बजट की बाजीगर बदस्तूर जारी है। हालात ऐसे हैं की भारी भरकम बजट से किए जा रहे कार्य कुछ ही दिनों में दम तोड़ जा रहे हैं। बीते महीने किए गए डामरीकरण की जगह जगह परतें उधड़ने से गुणवत्ता की हकीकत सामने आ गई है। एनएच के सहायक अभियंता रमेश चंद्र पांडे के अनुसार दोबारा डामरीकरण करवाया जाएगा।

समय समय पर केंद्रीय सड़क व भूतल मंत्रालय अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे को दुरुस्त करने के लिए बजट उपलब्ध कराता है बावजूद एनएच की हालत में सुधार नहीं हो रहा। गुणवत्ता के अभाव में भारी भरकम बजट से किए जा रहे कार्य एक महीने भी नहीं टिक पा रहे हैं।

बीते नवंबर में एनएच प्रशासन ने केंद्रीय सड़क व भूतल मंत्रालय से मिले बजट से हाइवे पर भवाली से पाडली क्षेत्र तक हाटमिक्स कार्य करवाया। कार्य की शुरुआत में भी क्षेत्रीय लोगों ने गुणवत्ता पर सवाल उठाए। बारिश में हाटमिक्स कार्य किए जाने पर नाराजगी भी जताई पर संबंधित विभाग ने अनदेखी कर दी। अब हाइवे पर जगह जगह किया गया डामरीकरण दम तोड़ तोड़ने लगा है।

देवनन्दा डेन्टल क्लीनिक



डॉ. प्रियतम सिंह बोरा
B.D.S.
Dental Surgeon

उपलब्ध सुविधायें :-
आधुनिक दंत चिकित्सा न्यूनतम दरों में
बच्चों के टेढ़े-मेढ़े दाँतों के उपचार में विशेष छूट

दाँतों का इमप्लांट

दाँतों की नसों का इलाज

दाँतों को भरना

लेज़र द्वारा दांतों के रंग की फिलिंग

क्राउन एवं ब्रिज कार्य (दाँतों पर कैप चढ़ाना)

डेन्चर बनाना

दाँत निकालना

दाँतों की मशीन द्वारा सफाई (पाइरिया का इलाज)

टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज

ब्लीचिंग

शनिवार अवकाश
ब्रांच-1 : निकट होटल अमरदीप, देवलचौड़, रामपुर रोड, हल्द्वानी नैनीताल
9756876886

जिस वन में माता सीता को वनवास हुआ वही है सीतावनी, माता सीता ने वाल्मीकि आश्रम में अपना शेष जीवन बिताया था

जब बात राम मंदिर की हो तो कैसे भूलें माता सीता का वनवास

विनोद पपनै, रामनगर

अमृत विचार : जब पूरा देश राम नाम का जाप कर रहा हो और अयोध्या में राम जी की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर हो ऐसे में सीतावनी का जिक्र किया जाना भी जरूरी हो जाता है। जहां परित्याग के बाद माता सीता ने वाल्मीकि आश्रम में अपना शेष जीवन बिताया ही साथ ही यहां लवकुश को भी जन्म दिया था।

सीतावनी में सीता माता का मंदिर है जहां पर लव और कुश की प्रतिमाएं भी सीता माता के साथ विराजमान हैं। यह मंदिर पुरातत्व विभाग के अंतर्गत आता है। रामनगर से 25 किलोमीटर दूर रामनगर वन प्रभाग के कोटा रेंज में आने वाला सीतावनी क्षेत्र पहले आध्यात्म के रूप में जाना जाता था मगर अब इसकी ख्याति पूरे देश मे सीतावनी पर्यटन जोन के रूप में हो चुकी है। सीतावनी मंदिर को त्रेता युग का बताया जाता है। यह वही सीतावनी मंदिर है जहां वाल्मीकि समाज के लोग पूजा अर्चना करने दूरदराज से आते हैं। रामनगर से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सीतावनी मंदिर घने जंगल के बीच में स्थित है। कॉर्बेट से सटा होने के कारण यहां बाघ, हाथियों के अलावा कई प्रकार के वन्य जीव व पक्षी पाए जाते हैं।

सीतावनी क्षेत्र में निकलतीं जल की तीन धाराएं। ● अमृत विचार

स्कंदपुराण में जिन सीतेश्वर महादेव की महिमा का वर्णन किया गया है, वह यहीं विराजित है। स्कंदपुराण के अनुसार कौशिकी नदी, जिसे वर्तमान में कोसी नदी कहा जाता है के बाईं ओर शेष गिरि पर्वत है। यह सिद्ध आत्माओं और गंधर्वों का विचरण स्थल है। डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर जीसी पंत कहते हैं कि जिस समय भगवान राम ने देवी सीता को वनवास का आदेश दिया था, उस समय देवी सीता गर्भवती थीं। ऋषि वाल्मीकि के आश्रम में ही इन्होंने अपने जुड़वां पुत्रों को जन्म दिया था और इनका पालन-पोषण किया था। इस घटना की याद में सीतावनी में देवी सीता की प्रतिमा के साथ उनके दोनों पुत्रों को भी दिखाया गया है। सीतावनी में स्थित एक कुंड भी है। ऐसा कहा जाता है कि उसी कुंड में ही सीता माता अंतिम समय में समा गई थीं। उसके साथ ही आज भी सीतावनी में जल की तीन धाराएं बहती हैं। इन्हें सीता-राम और लक्ष्मण धारा कहा जाता है। इन धाराओं की विशेषता यह है कि गर्मियों में इनका जल ठंडा और सर्दियों में गर्म रहता है। पानी की तीन धाराओं के विषय में किवदन्ती यह भी है कि इन तीन धाराओं में एक धारा दूध, एक गर्म और एक ठंडे पानी की निकलती थी मगर कलयुग में धीरे धीरे दूध और गर्म पानी की धारा बंद हो गयी। मगर तीन धाराएं आज भी विराजमान है। मन्दिर के उत्तर की ओर चोटी पर बाल्मीकि आश्रम भी बताया जाता है मगर उसकी पुष्टि नही हो सकी है। अब पवलगढ़ कंजर्वेशन रिजर्व का नाम बदलकर सीतावनी कंजर्वेशन रिजर्व रखने की घोषणा की जा चुकी है। 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन इसका नाम सीतावनी कंजर्वेशन रिजर्व रखा जाएगा। इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। मन्दिर के पुजारी राजेंद्र गिरी कहते है कि सीतावनी मन्दिर का भी सरकार कायाकल्प एक दिन अवश्य करेगी।

सार-संक्षेप

भगवती मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पूजा अर्चना करते लोग।

प्राण प्रतिष्ठा में प्रतिमाओं का किया जलाधिवास

हल्द्वानी : इको टाउन फेज 1 में नवनिर्मित भगवती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन गुरुवार को आचार्य प्रकाश भट्ट के नेतृत्व में 7 विद्वानों ने गणेश पूजा, गौरी पूजा, नवग्रह पूजा, वास्तु पूजा के साथ ही समस्त प्रतिमाओं का जलाधिवास (पानी में रखना) कराया। मंदिर में स्थापित घंटा की पूजा की गई और शिखर पर पूजित कलश स्थापित किया गया। शाम को महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

श्री राम सेवक सभा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

21 व 22 को होने वाले रामायण पाठ पर चर्चा

नैनीताल : श्री राम सेवक सभा की गुरुवार को हुई बैठक में 21 और 22 जनवरी को अखंड रामायण का पाठ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें हल्द्वानी की टीम के साथ स्थानीय लोग भाग लेंगे। 22 जनवरी को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर राम सेवक सभा को भवन विद्युत मालाओं से सजाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मनोज साह ने की। बैठक में जगदीश बावड़ी, गिरीश साह, अशोक साह, बिमल चौधरी, राजेंद्र लाल साह, घनश्याम लाल साह, भीम सिंह कार्की, ललित साह, ललित तिवारी आदि उपस्थित रहे।

रामनगर के शिव मंदिर में आयोजित बैठक में मौजूद भाजयुमो कार्यकर्ता।

नए मतदाताओं को युवा मोर्चा से जोड़ने का संकल्प

रामनगर : भारतीय जनता युवा मोर्चा 25 जनवरी को नव मतदाता दिवस के रूप में मनाएगा। पीरुमदारा शिव मंदिर में इस संबंध में बैठक की। जिला अध्यक्ष कार्तिक हरबोला के नेतृत्व में हुई बैठक में नए मतदाताओं को जोड़ने का संकल्प लिया गया। इससे पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रेम सिंह मेहरा व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेश पाल ने हरबोला का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष कार्तिक हर्बोला ने बताया कि 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में पांच हज़ार स्थानों पर वर्चुअल माध्यम से युवाओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेश पाल, अर्जुन सिंह, संजीव सैनी, विनय बिष्ट, भरत तिवारी, सनी, विपिन बडोला, सुमित कुमार, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

जसूली देवी संग्रहालय एक माह में सुचारु होगा

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने विकास योजनाओं का निरीक्षण किया और बैठक कर जनसमस्याओं का समाधान किया

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने भवाली और भीमताल की विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने

भवाली सैनेटोरियम के समीप जल स्रोतों, पंप हाउस, निमार्णाधीन रोडवेज स्टेशन की पार्किंग और काम्पलैक्स, जसूली देवी धर्मशाला, अमृत सरोवर की समस्याओं को जाना। इसके बाद विकास भवन भीमताल में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया।

जसूली देवी धर्मशाला, संग्रहालय में निरीक्षण के दौरान एसडीएम कोश्याकुटोली को केएमवीएन और नगर पंचायत से समन्वय बनाकर एक माह के भीतर संग्रहालय को सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। देवी मंदिर के समीप 11 करोड़ की लागत से बन रहे निर्माणाधीन मल्टी स्टोरी पार्किंग और कांम्प्लेक्स के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबधित अधिकारियों और ठेकेदार से पार्किंग की जानकारी ली।

भीमताल में विकास योजनाओं का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी नैनीताल। ● अमृत विचार

सैनेटोरियम के पास जाबर नाले के दो जल स्रोतों के निरीक्षण के दौरान जल संस्थान और निगम के अधिकारियों को बह रहे पानी का संचय कर टैंक बनाने के निर्देश दिए। भीमताल में जिलाधिकारी ने उद्यान नर्सरी और पांडे गांव में साई मंदिर के पास निर्माणाधीन केन्द्रीय विद्यालय के भवन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एसडीएम को विद्यालय के स्टाफ के आवासीय भवनों के लिए दो किलोमीटर परिधि के भीतर स्थल चयन करने की बात कही।

कैलास मंदिर को मानस खंड में शामिल करने की मांग

आदि कैलास विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलडिया ने विकास भवन पहुंच कर कैलास मंदिर को मानस खंड मंदिर माला में सम्मलित करने की मांग उठाई। साथ ही बनना पिनरौ पस्तोला में बिजली के फीडर को हैड़ाखान फीडर से अलग करने, जीआईसी बानना बडोरा मार्ग में झाड़ी कटान, भौर्सा पिनरौ जंगलियागांव मार्ग सुधारीकरण, डामरीकरण करने और कैलास क्षेत्र में खनन न्यास से विकास कार्य करवाने की मांग की।

विकास योजनाओं की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

भीमताल, अमृत विचार : सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी ने भीमताल से संबधित बीस सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री घोषणा के तहत नगर की पार्किंग निर्माण, सूखे जल स्रोतों के पुनर्जीवित, शहर में बड़े हॉस्पिटल की मांग एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, रोडवेज स्टेशन, कमल झील को तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण, 3 दशक से गाद मिट्टी निकासी के इंतजार में भीमताल झील के लिए बजट, नगर के आंतरिक एवं बाहरी सभी मार्गों, चौराहों, सड़कों का सौंदर्यीकरण, बाईपास नहर कवरेज कर कुमाऊं यातायात सुगमता के लिए निर्माण कार्य, झीलों समेत अन्य मांगों को प्रमुखता से रखा।

200 नाली भूमि पर होगी तारबाड़

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे छड़ा गांव में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। खेतीबाड़ी बचाने को लगभग दो सौ नाली कृषि भूमि पर तारबाड़ किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया। ग्राम प्रधान प्रेम गोस्वामी के अनुसार प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। स्वीकृत मिलने के बाद कार्य शुरु करवाया जाएगा।

छड़ा गांव में हुई बैठक में सड़क, पानी, सिंचाई तथा जंगली जानवर से लगातार चौपट होती जा रही खेती पर चर्चा हुई। स्थानीय चंदन सिंह ने कहा की जंगली जानवरों के आंतक से खेती चौपट होने के कगार पर पहुंच चुकी है। लगातार नुकसान से अब खेतीबाड़ी से मोहभंग होता जा रहा है। पूरन सिंह ने कहा की पंपिंग योजना से सभी किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने को ठोस रणनीति तैयार करने की जरुरत है। सर्वसम्मति से गांव की लगभग दो सौ नाली कृषि भूमि को जंगली जानवरों के आंतक से बचाने को सर्वसम्मति से तारबाढ़ का प्रस्ताव पास किया गया। ग्राम प्रधान प्रेम नाथ गोस्वामी ने कहा की प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरु होगा।

फसलों को नुकसान पहुंचा रहे पशु

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: एक ओर फसलों पर मौसम की मार है, वहीं आवारा पशु भी किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गौलापार के दर्जनों गांव के किसान आवारा पशुओं से फसलों को बचाने के लिए रात में भी पहरा दे रहे हैं। सड़कों पर विचरण कर रहे पशु दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं।

गौलापार के किसान आवारा पशुओं से खासे परेशान हैं। इन दिनों यहां खेतों में गेंहू, मटर, चना, मसूर, प्याज, लहसुन, टमाटर आदि फसलें हो रही हैं लेकिन सैकड़ों की संख्या में मौजूद आवारा पशु सारी फसलों को खा व नुकसान पहुंचा रहे हैं। हिम्मतपुर के किसान पूरन सिंह कहते हैं कि कोहरे व पाले के कहर से बचाने के लिए किसान दिन में फसलों की सिंचाई व रातों को जागकर आवारा जानवर भगा रहे हैं। क्षेत्र के किसान बताते हैं कि उन्होंने कई बार प्रशासन से आवारा जानवरों को हटाने की मांग कर दी है लेकिन इनके आतंक से उन्हें निजात नहीं मिली। लछमपुर, तारा नवाड़, ज्वाला पोखरी, लखनपुर, हिम्मतपुर, नया गांव, मदनपुर, किशनपुर आदि दर्जनों गांव के लोग आवारा जानवरों की समस्या से परेशान हैं।

बोले किसान

लोग इन्हें भगाते हैं तो सभी मेरे खेतों में आ जाते हैं। मेरे घर के पास प्राइमेरी स्कूल में इन्होंने अपना अड्डा बना रखा है। – **दीवान सिंह सम्मल**, लछमपुर

सड़क के किनारे खेतों में लगी फसल को आवारा पशु सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन्हें कहीं और शिफ्ट किया जाना चाहिए। – **हीरा सिंह कार्की**, हिम्मतपुर

खेतों में गेंहू, मटर, टमाटर आदि की फसलें लगी हैं लेकिन आवारा पशुओं के आतंक से सभी किसान परेशान हैं। – **ललित मोहन परगाई**, किसान

एक ओर पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं इनकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। – **नवीन पड़लिया**, किसान

उपजाऊ खेतों में मवेशी छोड़ने से महिला काश्तकार आक्रोशित

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार: बेतालघाट ब्लॉक के गैरखाल गांव की कृषि भूमि पर आए दिन गौवंशीय पशुओं को छोड़े जाने से महिला किसानों का पारा चढ़ गया है। ग्राम प्रधान आशा देवी ने भी गहरी नाराजगी जताई है आरोप लगाया है की कई बार मना करने के बावजूद कोसी नदी पार बर्धो क्षेत्र से गोवंशीय पशुओं को उनके खेतों में खुला छोड़ दिया जा रहा है। जिससे गेहूं की फसल चौपट हो चुकी है। महिला किसानों ने मामले में कार्रवाई के लिए अब प्रशासन की शरण में जाने का मन बना लिया है।

गांवों में आय का एकमात्र साधन खेतीबाड़ी चौपट होने से किसान मायूस हो चुके हैं। कोसी नदी के तट पर स्थित गैरखाल गांव के किसानों की उर्वर भूमि पर कोसी नदी पार के गांव से छोड़े जा रहे गोवंशीय पशुओं से उपज को लगातार नुकसान हो रहा है जिससे लोगों में गहरा रोष व्याप्त है।

खेतों में दर्जनों मवेशियों को देख गांव की महिलाओं का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। ग्राम प्रधान आशा देवी की अगुवाई में महिला काश्तकार खेतों की ओर रवाना हुई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बामुश्किल गौवंशीय पशुओं को खेतों से भगाया जा सका। ग्राम प्रधान आशा देवी के अनुसार कोसी नदी पार बर्धो गांव से आए दिन मवेशियों को गांव की कृषि भूमि की ओर खुला छोड़ दिया जा रहा है जिससे मवेशी उपज को बर्बाद कर दे रहे हैं।

पूर्व में बर्धा क्षेत्र में पशुपालकों के घर पहुंचकर तक मवेशी ना छोड़ने के लिए कहा जा चुका है बावजूद लगातार मनमानी की जा रही है। दो टूक कहा कि यदि मवेशियों को दोबारा खेतो की ओर छोड़ा गया तो फिर प्रशासन से कार्रवाई के लिए गुहार लगाई जाएगी। इस दौरान गंगा देवी, मुन्नी देवी, ममता जलाल, चंपा देवी समेत कई महिला किसान मौजूद रहीं।

गुस्सा

- **कोसी नदी पार बर्धो क्षेत्र से पशुओं को छोड़ने का आरोप**
- **गेहूं की फसल को नुकसान होने से चढ़ा पारा**

विधायक निधि से बन रही सड़क पर विवाद जारी

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार: अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर चमड़ियां क्षेत्र में लोहाली ग्राम पंचायत के तीन तोकों को जोड़ने वाला निर्माणाधीन मोटर मार्ग विवादों से घिरता ही जा रहा है। चमड़ियां निवासी व्यक्ति ने उपजिलाधिकारी कोश्या कुटोली को ज्ञापन सौंप सड़क निर्माण पर रोक लगाने की मांग उठाई है। आरोप लगाया है की सड़क निर्माण में जुटे लोग नियमों का उल्लघंन कर सरकारी बजट की बर्बादी करने में जुटे हैं।

हाइवे से लोहाली गांव के तीन तोकों को जोड़ने के लिए विधायक सरिता आर्या ने विधायक निधि से बजट स्वीकृत किया है। सड़क निर्माण शुरुआत से ही विवादों में आ गया है। एक पक्ष तमाम परेशानियों का हवाला दे सड़क निर्माण की मांग कर रहा है तो दूसरा पक्ष सड़क निर्माण से हाइवे पर बने कलमठ से चमड़ियां बाजार को खतरा बता सड़क निर्माण पर रोक लगाने पर अड़ा है। प्रशासन के कई दौर के निरीक्षण व विधायक सरिता आर्या के भी मौके पर पहुंच दोनों पक्षों को समझाने के बाद भी विवाद कम नहीं हो रहा।

थापली क्रिकेटर्स ने किया चैंपियनशिप पर कब्जा

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार: टूनाकोट किक्रेट क्लब के तत्वावधान में खेली जा रही क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला थापली क्रिकेटर्स ने जीत लिया। रोमांचक मुकाबले में टूनाकोट इलेवन को शिकस्त दी। शानदार प्रदर्शन पर जसपाल मैन ऑफ द मैच चुने गए। विजेता टीम को 25 हजार जबकि उपविजेता टीम को 12 हजार रुपये नगद व चमचमाती ट्रॉफी सौंपी गई। फाइनल मुकाबले का लुत्फ उठाने सैकड़ों लोग टूनाकोट पहुंचे।

टूनाकोट क्षेत्र के रुमा क्रिकेट मैदान पर क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला थापली क्रिकेटर्स व मेजबान टूनाकोट इलेवन के बीच खेला गया। थापली ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। टूनाकोट इलेवन ने निर्धारित 15 ओवर में 114 रन बनाए। विजयी लक्ष्य का पीछा करने उतरी थापली क्रिकेटर्स की टीम ने सधी हुई शुरुआत की। 11वें ओवर में ही विजयी लक्ष्य हासिल कर लिया। जसपाल ने अपनी टीम के लिए 33 रन की पारी खेली जबकि दो विकेट भी हासिल किए। अंपायर की भूमिका देवेंद्र मेहरा व महेंद्र मेहरा ने निभाई जबकि गोविन्द सिंह ने मैच का आंखों देखा हाल सुनाया। मुख्य अतिथि व आयोजन समिति सदस्यों ने विजेता व उपविजेता टीम को नगद धनराशि व चमचमाती ट्रॉफी सौंपी। चैम्पियनशिप में चालीस टीमों ने भागीदारी की। इस दौरान सुनील मेहरा, रमेश खनायत, लक्ष्मण सिंह टनवाल, बालम सिंह, आंनद सिंह, रमेश, पूरन सिंह , सुंदर, पनी राम, धन सिंह, भावना देवी, विमला देवी, सरस्वती देवी, खष्टी देवी, ऊषा देवी मौजूद रहे।

पहल विधायक बंशीधर भगत और जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने भूमिया मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में चलाया साफ–सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाजपा विधायक बंशीधर भगत व जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने गुरुवार को डहरिया में न्यू आईटीआई स्थित भूमिया मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर दीवारों पर भाजपा के स्लोगन भी लिखे गए।

विधायक भगत ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में जन्मभूमि में रामलला विराजमान हो रहे हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 जनवरी को मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में मंदिरों में साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान का आह्वान किया था। इसी क्रम में देश भर में जन प्रतिनिधि स्वच्छता अभियान में जुटे हुए हैं। इसके बाद दीवारों पर इस बार फिर से मोदी सरकार, अब की बार 400 पार वगैरह स्लोगन भी लिखे गए। इस दौरान नवीन भट्ट, राजेंद्र सिंह नेगी, सुमित्रा प्रसाद, सुमन खाती, मोहन पाठक, विशंभर कांडपाल, महेंद्र कश्यप, भुवन आर्या, नारायण किरौला, लाखन बिष्ट आदि मौजूद थे।

उधर, नगर निगम ने सभी वार्डों में मंदिर, स्मारक, पार्कों में सफाई की गई और साथ ही चूना और ब्लीचिंग का छिड़काव किया गया। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार को मुख्य मार्गों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

सफाई अभियान चलाते विधायक बंशीधर भगत और भाजपा पदाधिकारी।

रामनगर के मंदिर में सफाई करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

डोब ल्वेशाल के देवी मंदिर में सफाई अभियान

भीमताल : ग्राम डोब ल्वेशाल देवी मंदिर में जिला आईटी सेल महिला मोर्चा की मीना बिष्ट के नेतृत्व में देवी मंदिर में सफाई अभियान और खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक सरिता आर्या, हेम आर्या, भवान सिंह बिष्ट, पंकज अद्वति, प्रकाश आर्या, बालम मेहरा, नंद किशोर पांडे, सुनील कुमार, मनोज कुमार, जुगल मठपाल, पूजा आर्या, जीवन सिंह रजवार मौजूद रहे।

विधायक ने चलाया मंदिरों में सफाई अभियान

रामनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पीपलसाना माता मन्दिर, थारी शिव मंदिर एवं नगर के दुर्गापुरी शिव मन्दिर परिसर में श्रमदान किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष मदन जोशी, सत्य प्रकाश शर्मा, माया रावत, विजय खुल्वे, हरीश मालगुड़ी, आशा बिष्ट, भावना भट्ट, दीप्ती रावत, अंजना सुंदरियाल, आनन्द नेगी, जितेंद्र सिंह, जीत सिंह मौजूद रहे।

कैड़ा ने भीमेश्वर मंदिर में लगाई झाड़ू

भीमताल : विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को भीमेश्वर मंदिर परिसर में साफ–सफाई की। बाद में उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व संपूर्ण देश के धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भीमताल के धार्मिक स्थानों व मंदिरों में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान कमला आर्य, योगेश तिवारी, कमलेश रावत, पंकज जोशी, पुष्कर महरा, गौतम मटियाली, दिनेश सांगुड़ी, कमल जोशी, नितिन राणा, महेश जोशी मौजूद रहे।

प्रदेश सरकार महिलाओं की आर्थिकी बढ़ा रही

सरस मेले में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और महिलाओं को सम्मानित किया

रुद्रपुर के गांधी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय सरस मेले के उद्घाटन अवसर पर मौजूद कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार

सरस मेला में महिलाओं को सम्मानित करते मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : गांधी मैदान में राष्ट्रीय सरस मेला आयोजित किया गया। इसमें जनपद ऊधम सिंह प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री गणेश जोशी ने दीयों से लिखा गया जय श्रीराम के दीप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

इस अवसर पर जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने सरस मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व स्वयंसहायता समूहों की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से जहां संस्कृति का प्रचार प्रसार होता है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान होगी। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की आर्थिकी बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मंत्री गणेश जोशी ने लोगों से 22 जनवरी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन लाइव प्रसारण तथा दीप जलाकर उत्सव मनाने की अपील भी की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने 21 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक कजाखिस्तान के अस्थाना में आयोजित हुई एशियन बाक्सिंग चैम्पियनशिप में भारत को कांस्य पदक दिलाने के लिए रुद्रपुर निवासी डिम्पल यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर सीडीओ विशाल मिश्रा, नरेश चंद्र दुर्गापाल, अमित नारंग, उमा जोशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

आसपास की समस्या को लेकर शुरू करें स्टार्टअप, उद्यम का विस्तार होगा

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : एसबीएस महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत विद्यार्थियों के उद्यमिता कौशल विकास के लिए दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का शुभारंभ हुआ।

शिविर के पहले दिन उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से आए इंडस्ट्री विशेषज्ञ प्रदीप चौहान ने छात्र-छात्राओं में स्टार्टअप शुरू करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर एवं विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गुरुवार को शिविर में इंडस्ट्री विशेषज्ञ चौहान ने बताया कि स्टार्टअप हमारे आसपास की समस्याओं को लेकर उसको उद्यम का एक आकार दिया जा सकता है, जिससे लोगों की समस्याओं का निराकरण होगा। साथ ही साथ बिजनेस का भी विस्तार होगा जो राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में एक योगदान करेगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं का ग्रुप बनाकर उनको बिजनेस के मॉडल के विभिन्न पहलुओं पर अपना विचार व्यक्त करने के लिए एक मॉडल भी तैयार कराया। साथ ही ग्रुप लीडर से बिजनेस आइडिया को सभी के सामने प्रस्तुत कराया। कार्यक्रम 325 छात्र-छात्राओं ने स्टार्टअप बूट कैंप में प्रतिभाग किया।

शिविर के पहले दिन कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

स्टार्टअप बूट कैंप में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

इस अवसर पर देव भूमि उद्यमिता केंद्र के नोडल प्रो.पीएन तिवारी, सहायक नोडल डॉ. आशीष गुप्ता, प्रो. सर्वजीत सिंह, प्रो. पूनम रौतेला, प्रो. रीनू रानी मिश्रा, प्रो. मनोज पांडेय, डॉ. वीएच खान, डॉ. सुनील मौर्य, डॉ. अंचलेश समेत कई लोग मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

दायित्वों का सही से निर्वहन करें : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

बैठक

- लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक
- सभी कार्यालयाध्यक्ष कार्मिकों की सूचना निर्धारित प्रारूप में भेजें

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2024 को सफल तरीके से कराने के लिए जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों और चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों को संवेदनशील होकर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वालों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिस अधिकारी को जो दायित्व सौंपा गया है वह उसका ईमानदारी के साथ पालन करें। सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्मिकों की सूचना निर्धारित प्रारूप में भेजें। उन्होंने कहा कि विशेषकर जिन अधिकारियों व कर्मचारियों ने जनपद में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो वे प्राथमिकता से इसकी सूचना प्रेषित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, अधिशासी निदेशक गन्ना चीनी मिल किच्छा टीएस मर्तोलिया, विवेक कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, विवेक राय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

श्री बालाजी पावन धाम मंदिर का वार्षिकोत्सव आज से

काशीपुर। मोहल्ला लाहौरियान स्थित श्री बालाजी पावन धाम मंदिर का 24वां वार्षिकोत्सव 19 से 22 जनवरी तक धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम अनुसार शुक्रवार 19 जनवरी को सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शनिवार 20 जनवरी को मुख्य पूजा सुबह जबकि विशाल भंडारा दोपहर में आयोजित होगा। इस क्रम में सोमवार 22 जनवरी को दोपहर में सुंदर कांड एवं भजन तथा सायंकाल से श्रीराम ज्योति दीपोत्सव के अंतर्गत 5100 दीप प्रज्वलित किये जाएगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम एवं पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे होगे।

एडवोकेट दुष्यंत बने बार एसोसिएशन के प्रेस प्रवक्ता

काशीपुर। बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे व सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी ने कार्यकारिणी वर्ष 2024-25 के लिए दुष्यंत चौहान एडवोकेट को प्रेस प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया है। काशीपुर बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने दुष्यंत चौहान को बधाई दी है।

संतोषी देवी मंदिर में लोगों को पूजा सामग्री और कैलेंडर वितरित करते चुघ। ● अमृत विचार

पूजा सामग्री और कैलेंडर वितरित

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने खेड़ा के लोगों के साथ संतोषी देवी मंदिर से पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरण का अभियान प्रारंभ किया। इससे पूर्व उन्होंने संतोषी देवी मंदिर पहुंचकर माथा टेका और प्रभु श्रीराम के जयकारों के साथ अपना पूजा सामग्री वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया।

गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह होना है। इस भव्य और दिव्य समारोह को को लेकर करोड़ों लोगों में उत्साह की लहर है और हर कोई राम भक्त इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनेगा। ऐसे में वह शहर की समस्त मलिन बस्तियों में 22 जनवरी तक पूजा सामग्री एवं कैलेंडर वितरण का कार्यक्रम जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत समेत तमाम साधु संत मौजूद रहेंगे और विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। उन्होंने सभी लोगों से अपील कर कहा कि 22 जनवरी को घर-घर में दिया जलाएं और भगवा ध्वज स्थापित करें। इस अवसर पर पार्षद शालू पाल, संजय पाल, संतोष पाल, पिंटू पाल, विजय, सोनू, विनीत, रोहित गुप्ता, चंद्रिका यादव, सोनू पासवान, सचिन, विराट कोहली, सनी पासवान, शिव कुमार, सिंबू, राम प्रकाश गुप्ता अदि थे।

विनय कुमार टिहरी संसदीय सीट के चुनाव प्रभारी नियुक्त



जसपुर। जसपुर के भाजपा नेता आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री) विनय कुमार रोहेला को टिहरी संसदीय सीट का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनके प्रभारी बनने पर सरदार कुलवंत सिंह, कुलदीप बंसल, हरपाल सिंह, सतीश कुमार वर्मा, हाजी राशिद हुसैन, सुनील कुमार शर्मा, शिव औतार अग्रवाल (जलेबी वाले) आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं खीमा नन्द जोशी पुत्र स्व. मोतीराम जोशी, निवासी-ग्राम हल्डियानी, तहसील बेताल घाट, जिला नैनीताल का मूल निवासी हूँ और यह घोषणा करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड सं. 3671 99124309 में मेरा नाम संक्षिप्त में के. एन. जोशी लिखा है। के. एन. जोशी व खीमा नन्द जोशी एक ही व्यक्ति का नाम है। इसलिये के. एन. जोशी को खीमा नन्द जोशी पढ़ा जाए। **के. एन. जोशी (खीमा नन्द जोशी), ग्राम-हल्डियानी, तहसील बेताल घाट जिला नैनीताल (यू.के.)**

मतदाता सूची पर आपत्तियों की सुनवाई आज

चुनाव

- 25 जनवरी को होगा नामांकन चार फरवरी को चुनाव करवाए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

पत्रकारों से वार्ता करते चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : 11 साल बाद प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की रुद्रपुर कार्यकारिणी चुनाव को लेकर चल रही उठापटक के बाद आखिरकार मतदाताओं और प्रत्याशियों ने राहत की सांस ली है। मतदान और मतगणना की तिथि घोषित करते हुए चुनाव संचालन समिति ने साफ कर दिया है कि चार फरवरी को चुनाव करवा दिए जाएंगे।

बताते चलें कि पिछले छह माह से चल रही उठापटक के बाद आखिरकार रुद्रपुर व्यापार मंडल चुनाव पर लगा ग्रहण आखिरकार हट गया है। गुरुवार को जानकारी देते हुए चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष सुरमुख सिंह विर्क और जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंस पाल ने बताया कि 18 जनवरी को मतदाता सूची की घोषणा एवं उपलब्धता के बाद 19 व 20 जनवरी को मतदाता सूची पर आपत्तियों की सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा 22 जनवरी को मतदाता सूची की आपत्तियों का निस्तारण, 24 जनवरी से प्रत्याशियों के नामांकन पत्र मुहैया कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, 27 जनवरी को नामांकन वापसी होगी। इसके साथ ही 4 फरवरी को जनता इंटर कॉलेज सभागार में 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान और उसके बाद मतों की गिनती की जाएगी। चुनाव संचालन समिति ने कहा कि पूर्वी एवं पश्चिमी व्यापार मंडल के निर्धारण को लेकर चुनाव में रूकावट आई थी। मगर आपसी सामंजस्य बनाकर चुनाव की प्रक्रिया को जारी कर दिया है, ताकि 11 साल के लंबे इंतजार के बाद निर्धारित तिथि तक चुनाव को संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर विनीत जैन, बलविंदर सिंह विर्क, हरीश जल्होत्रा, अमित अरोरा, विशाल भुड्डी, अजय चड्ढा, देवी शंकर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

सरिया चोरी करने और खरीदने के आरोपी पुलिस को सौंपे

किच्छा। दुकान में हुई सरिया एंगिल चोरी की घटना में पीड़ित व्यापारी ने आरोपी युवक को चोरी के माल के साथ पकड़ लिया। आरोपी की निशानदेही पर व्यापारी ने चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को भी खोज निकाला। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में कच्ची खमरिया, थाना रुद्रपुर निवासी नवाजुर रहमान ने बताया कि किच्छा बाईपास पर उसकी दुकान है। चोरों ने ताला तोड़कर दुकान में रखे लोहे के एंगल के 16 टुकड़े चुरा लिए। पीड़ित के अनुसार जब उसने साथियों की मदद से आरोपी चोर की तलाश की तो एक युवक रुद्रपुर मार्ग पर कट्टे में लोहे के 7 एंगल लेकर जाता नजर आया। पूछताछ पर आरोपी ने अपना नाम पवन बताया और चोरी का अन्य माल रुद्रपुर तीन पानी, मेडिसिटी हॉस्पिटल के निकट कबाड़ की दुकान पर बेचने की बात कबूली। आरोपी पवन के साथ कबाड़ी इंदुल हसन की दुकान पर चोरी के 9 एंगल बरामद हो गए। आरोपी कबाड़ी तथा पवन के साथ चोरी का माल लेकर थाने पहुंचे पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए कार्यवाही की मांग की। फिलहाल पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, दिनेशपुर (उधमसिंह नगर)

पत्रांक संख्या : कैंटीन निविदा/2024/23 दिनांक : 16-01-2024

निविदा आमंत्रण सूचना

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दिनेशपुर में कैंटीन सेवा प्रदान करने हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। उन ठेकेदारों संस्थानों से जो वर्तमान में कैंटीन सेवा प्रदान कर रहे हों, जिसके पास दो वर्ष का अनुभव हो से सील बंद निविदाएं आमंत्रित करता है। निविदा धरोहर राशि 1000 रू. एक हजार मात्र नगद या डिमांड ड्राफ्ट जो प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दिनेशपुर के पक्ष में होनी चाहिए निविदा प्रपत्र रू. 100 एक सौ मात्र भुगतान करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं जो वापस नहीं किये जायेंगे। तथा नगद रूपया जमा कर के निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस दिनांक 25-01-2024 की सुबह 10 बजे से 5 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदाएं जमा करने की तिथि 31-01-2024 बजे सायं 5 बजे तक होगी एवं निविदाएं खोलने की तिथि दिनांक 01-02-2024 समय 2 बजे अपराह्न प्रधानाचार्य कार्यालय में उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी शर्तें कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर अथवा संस्थान में संपर्क कर सकते हैं।

मोबाईल नम्बर - 9410340954-8433466519

(मनोहर लाल)
प्रधानाचार्य

विदेश भेजने के नाम पर ठगी

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: विदेश भेजने के नाम पर ग्रामीण से ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने ठगी करने वाले दोनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

न्यायालय के निर्देश पर पुलभट्टा थाना पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में ग्राम शहदौरा, थाना पुलभट्टा निवासी सद्दाम पुत्र असगर अली ने बताया कि किच्छा के बोरिंग गली निवासी रिजवानुद्दीन ने कुवैत का वीजा दिलवाने का भरोसा दिलाते हुए पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज ले लिए। रिजवानुद्दीन ने बताया कि दस्तावेजों को अपने सीनियर साथी ग्राम उमर कॉलोनी, थाना गंज, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश निवासी शाहजमान खां को दिखाने के बाद विदेश भेजने का वीजा तैयार होगा।

पीड़ित ने बताया कि दो दिन बाद रिजवानुद्दीन और उसका साथी शाहजमान खां ने एक माह के भीतर वीजा दिलाने का भरोसा दिलाया और एक लाख का खर्च बताया। जल्द वीजा मिलने के लालच में पीड़ित ने पत्नी गुलनाज बेगम के खाते से 3 अगस्त 2023 को शाहजमान खां के खाते में 25 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित के अनुसार समय-समय पर दोनों आरोपियों की मांग पर पीड़ित ने 51 हजार 200 रुपये की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। कुछ दिन बीतने के बाद आरोपियों ने जल्द वीजा मिलने का भरोसा दिलाते हुए मेडिकल के नाम पर 20 हजार रुपये और ले लिए। पीड़ित ने बताया कि समय बीतने के बाद भी वीजा न मिलने पर जब पीड़ित ने फोन किया तो दोनों आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद परेशान होकर पीड़ित जब आरोपियों के घर पहुंचा तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए विदेश भेजने तथा पैसा वापस देने से साफ इनकार कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

बीमा पॉलिसी में फंसा पैसा रिकवर कराने के नाम पर ठगे थे 35 लाख रुपये, एसटीएफ ने दबोचा

आरबीआई का फर्जी अधिकारी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : एसटीएफ और साइबर क्राइम थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 35 लाख ठगी के मुख्य सरगना को हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से कई चेक बुक, सिम कार्ड सहित कई जरूरी दस्तावेज बरामद कर खुलासा किया। बताया कि आरोपी पर नैनीताल के भीमताल थाने में वर्ष 2023 में मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

गुरुवार को खुलासा कर एसटीएफ सीओ सुमित पांडेय और साइबर सेल प्रभारी ललित मोहन जोशी ने बताया कि अक्टूबर 2023 को नैनीताल के भीमताल थाने में एक व्यक्ति ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। साथ ही बताया कि उसके भाई को एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी और बीमा पॉलिसी का पैसा फंसने की बात बताते हुए टीडीएस की धनराशि जमा कर पैसा वापस करने का प्रलोभन दिया। उन्होंने बताया कि धनराशि वापस होने पर कुल धनराशि पर ब्याज का मुनाफा भी दिया जाएगा। आरोप था कि मुनाफे का प्रलोभन देकर ठग ने 35 लाख रुपये की साइबर ठगी को अंजाम दिया।

ठगी के आरोपी के साथ खुलासा करते एसटीएफ सीओ और साइबर सेल प्रभारी।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की तफ्तीश एसटीएफ और कुमाऊं साइबर क्राइम थाना पुलिस को सौंप दी थी। तफ्तीश के दौरान सूचना मिली कि आरोपी को फरीदाबाद हरियाणा इलाके में देखा गया है, जिसके बाद एसटीएफ और साइबर क्राइम की संयुक्त टीम ने बुधवार को दबिश देकर 35 लाख की ठगी के मुख्य आरोपी एवं सरगना रविकांत शर्मा को फरीदाबाद हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया और मौके से कई बैंक खातों की चेक बुक, डेबिट कार्ड, पैन कार्ड और तीन मोबाइल व कई सिम कार्ड बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले लंबे समय से साइबर अपराध कर तमाम लोगों को ठग चुका है और कभी आरबीआई का अधिकारी तो कभी बीमा पॉलिसी में मुनाफे का प्रलोभन देकर ठगी करता है। पुलिस ने आरोपी को नैनीताल पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

कोविड में रखा साइबर अपराध की दुनिया में कदम

हिस्ट्रीशीट

- वर्ष 2014 में मुख्य आरोपी कर चुका है बीटेक
- नोएडा की आईटी कंपनी में करता था नौकरी

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अमृत विचार : वर्ष 2020 में कोविड काल के दौरान जहां तमाम लोग बेरोजगार होने के बाद रोजगार की तलाश कर रहे थे, वहीं 35 लाख ठगी का मुख्य आरोपी रविकांत शर्मा साइबर अपराध की दुनिया में अपनी दस्तक दे चुका था।

बीटेक करने के बाद वह नोएडा की एक आईटी कंपनी में नौकरी करता था। मगर कम समय में ज्यादा पैसा कमाने की चाह ने बीटेक करने वाला आरोपी ने साइबर अपराध को अपना धंधा बना लिया। कुमाऊं के साइबर क्राइम थाना प्रभारी ललित मोहन जोशी ने बताया कि पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी रविकांत शर्मा ने बताया कि वर्ष 2014 में उसने बीटेक किया और वर्ष 2015 से 2020 तक नोएडा की कंपनी में आठ से 18 हजार तक की नौकरी की। मगर कोविड काल आने के बाद कंपनी ने कर्मचारियों की छटनी शुरू की। बाद में कुछ दिन नौकरी की तलाश की। मगर जब मन माफिक नौकरी नहीं मिली तो उसने साइबर अपराध की दुनिया में कदम रखा और अलग-अलग तरीकों से लोगों को कॉल कर ठगी करने लगा। पिछले तीन सालों से वह लगातार अधिकारी बनकर या फिर ज्यादा मुनाफा कमाने का प्रलोभन देकर ठगने लगा और कई लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के बाद काफी पैसा कमाने लगा। पूछताछ में आरोपी ने संयुक्त टीम को कई अहम जानकारियां भी मुहैया कराई। जिसके बाद एसटीएफ और साइबर की टीम ने आरोपी से पूछे सवालों के बाद ठगी के ओर खुलासे करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

शातिराना अंदाज में करता था ठगी

35 लाख की धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने बताया कि आरोपी भारतीय रिजर्व बैंक का फर्जी कर्मचारी बनकर, रिलायंस पॉलिसी की धनराशि आरबीआई में फंसने, टीडीएस रुपयों को जमा कर मुनाफा देने, पीड़ितों की पॉलिसी पर ज्यादा मुनाफा देने का झांसा देकर ठगी को अंजाम देता था। शिकार को अलग-अलग नंबरों से फोन कर अपने जाल में फंसाता और कम धनराशि होने पर उस पर मुनाफा देकर वापस लौटता था। मगर जैसे ही मोटी धनराशि खाते में आती तो आरोपी ऑनलाइन पैसा निकाल लेता था।

एसटीएफ ने लोगों को किया सावधान

एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने लोगों को साइबर अपराध से सावधान करने का आह्वान कर बताया कि किसी भी प्रकार के लुभावने, फर्जी साइटों पर धनराशि को दोगुना करने, टिकट बुक करने की कॉल को नजरअंदाज करे, क्योंकि साइबर अपराधी फर्जी निवेश ऑफर जैसे यूट्यूब लाइक, सब्सक्राइब, टेलीग्राम आधारित निवेश, वेबसाइट ऑफर में निवेश करने का प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाते हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से पहले दोस्ती का धंधा भी जोरों पर है। उन्होंने लोगों से सावधान रहने का आह्वान किया। ठगी होने पर तत्काल साइबर थाना पुलिस से संपर्क करने की अपील भी की।

एक नजर

बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज

खटीमा। पुलिस ने 20 दिन पहले बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत के मामले में बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीलीभीत रोड निवासी नितिन सनवाल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि 28 दिसंबर को शाम करीब साढ़े पांच बजे उसके पिता हरिश्चंद्र सामंत मंडी समिति की ओर जा रहे थे। साल बोझी के पास मोटरसाइकिल से उसके पिता को टक्कर मार दी। उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया। जहां दो जनवरी को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

घर से सामान चोरी

किच्छा। चोरों ने घर से हजारों रुपये का माल चोरी कर लिया। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में खुरपिया गेट, थाना किच्छा निवासी रणजीत सिंह ने बताया कि 16 जनवरी की सुबह घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। पता चला कि चोरों ने रात्रि घर में घुसकर सिलेंडर एवं मिक्सी चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो वांछितों को दबोचा

काशीपुर/बाजपुर। आबकारी एक्ट में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वारंट के आधार पर आईटीआई थाना पुलिस ने ग्राम छोटी बरखेड़ी निवासी जगीर सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। वहीं बाजपुर में आईपीसी में फरार चल रहे ग्राम फौजी कालोनी निवासी वेद प्रकाश को भी पुलिस टीम ने दबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

बेकरी मालिक पर जीजा ने चलवाई थी गोली, तीन धरे

अपने फार्म पर काम करने वाले मजदूरों को दी थी तीन लाख की सुपारी, घटना में प्रयुक्त तमंचा व बाइक बरामद

खुलासा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: बेकरी स्वामी पर उसके जीजा ने ही सुपारी देकर गोली चलवाई थी। मामले में पुलिस ने जीजा सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गुरुवार को कोतवाली में मामले का खुलासा कर एएसपी अभय सिंह और सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि 30 दिसंबर 2023 को आवास विकास में बेकरी चलाने वाले व ढकिया नम्बर एक कुंडेश्वरी निवासी अजय को उस समय गोली मारकर घायल कर दिया था, जब वह अपने पिता के साथ रात में बेकरी बंद कर घर वापस जा रहे थे। मामले में पुलिस ने अजय के चचेरे भाई योगेंद्र कुमार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। मामले में पुलिस ने उसके जीजा गदरपुर के ग्राम श्यामनगर निवासी जीजा अनिल गुंबर पुत्र करम चन्द्र, ग्राम खटोला थाना दिनेशपुर निवासी राजू पुत्र राजपाल व ग्राम महावीर नगर आदर्श नगर थाना गदरपुर निवासी हीरा लाल पुत्र राम सुभाष को गिरफ्तार किया, जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा व बाइक बरामद की है। तीनों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनको कोर्ट में पेश किया। खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने ढाई हजार रुपये इनाम दिये जाने की घोषणा की।

गिरफ्तार आरोपियों व पुलिस टीम के साथ घटना का खुलासा करते एएसपी व सीओ। ● अमृत विचार

जमीन हड़पने की नियत से चलवाई गोली

एएसपी अभय सिंह ने बताया कि अजय का जीजा अनिल उसकी पत्नी पर बुरी नजर रखता था और वही उसकी जमीन को भी हथियाना चाहता था। जिसकी भनक ना तो अजय को लगी और ना ही अजय की पत्नी को। घटना को अंजाम देने के लिए आरोपी ने अपने फार्म में कार्य करने वाले राजू व हीरा को तीन लाख रुपये की सुपारी देकर अजय की हत्या करने की साजिश रची। बताया कि गोली चलाने के लिए अनिल ने ही राजू व हीरा को तमंचा भी उपलब्ध कराया, जिन्होंने 30 दिसंबर को अजय व उसके पिता का रात में बेकरी बंद कर घर जाते समय पीछा किया और कुंडेश्वरी में एक स्कूल के पास सुनसान जगह पर अजय को गोली मार दी। गोली लगने से अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज दिल्ली में चल रहा है।

अजय के हमलावरों को गिरफ्तारी को लेकर पुलिस को करता रहा गुमराह

अजय ऊपर गोली चलाने वालों में पुलिस ने दो सुपारी किलर सहित उसके जीजा को गिरफ्तार किया है। अजय पर हमले के बाद से जहां पुलिस मामले की जांच में लगी हुई थी। वहीं उसका जीजा मुख्य आरोपी अनिल पुलिस को उस पर शक न हो, इसके लिए कई बाद कुछ लोगों को लेकर पुलिस के पास पहुंचा और हमलावरों की गिरफ्तार की मांग की। वहीं पुलिस को भी इस बीच उस पर कोई शक नहीं हुआ, लेकिन बाद में पुलिस को चौकाने वाले तथ्य मिले।

बेटी की शादी के बाद उठाया कदम ले गया सलाखों के पीछे

अर्शी खान, काशीपुर

अमृत विचार: आर्थिक तंगी के चलते बेटी की शादी के लिए उठाया कदम एक पिता को सलाखों के पीछे ले गया। पिता ने जहां सोचा इस कदम से बेटी की शादी धूमधाम से कर देगा। लेकिन बानगी देखिए अब वहीं पिता अपनी बेटी की शाद में शामिल नहीं हो सकेगा। बेटी के लिए देखे उसके सारे सपने चकनाचूर हो गए।

कहते हैं ना अपराध कभी छिपता नहीं है, एक न एक दिन कानून के हाथ अपराधियों तक पहुंच ही जाते हैं। ऐसा ही कुछ काशीपुर में बेकरी स्वामी पर हुए हमले में घटित एक घटना में हुआ है। अजय के जीजा अनिल जहां उसकी पत्नी पर बुरी नियत रखा हुआ था, वहीं वह उसे मारकर उसकी संपत्ति भी हड़पना चाहता था, जिसके लिए वह पिछले एक साल से अजय को मारने की साजिश रच रहा था। घटना से चार माह पूर्व भी उसने अजय पर हमला करवाया था, जिसमें अजय को काफी चोट भी आई थी, लेकिन अजय मारपीट को सड़क की एक आम घटना समझा और उसे गंभीरता से नहीं लिया। बाद में उसने अजय को मारने के लिए अपने फार्म पर कार्य करने वाले राजू को इस काम के लिए राजी किया। दरअसल राजू की बेटी की शाद 31 जनवरी को होनी है। आर्थिक रूप से कमजोर राजू को बेटी की शादी के खर्चे के लिए रकम देने का आश्वासन देकर उसे अपने साथ कर लिया। राजू की बेटी की शादी के खातिर अपराध करने को राजी हो गया और उन्होंने हीरा भी पैसे का लालच देकर साथ मिलाया। बाद में उन्होंने अजय का पीछा कर उसको गोली मार दी। इस दौरान दोनों ने भागने के लिए खेतों का रास्ता चुना, जिससे सीसीटीवी कैमरे की नजर में न आ सके और पुलिस उन तक नहीं पहुंच सके, लेकिन पुलिस भी अपना खुफिया तंत्र मजबूत कर टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर राजू तक पहुंच गई और सारी घटना खुल गई। जिसके बाद पुलिस ने हीरा व मुख्य आरोपी अनिल को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं राजू का बेटी की शादी के लिए उठाया अपराध का एक कदम उसे सलाखों के पीछे ले गया।

प्रेमी संग फरार हुई नाबालिग को बरामद किया

बाजपुर। कोतवाली पुलिस ने सप्ताहभर पहले प्रेमी संग फरार हुई नाबालिग को बरामद कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नगरीय सीमा से सटे एक गांव निवासी व्यक्ति ने 11 जनवरी को कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को अफजलगढ़ बिजनौर (उप्र) निवासी युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। वह 27 दिसंबर को काम पर चला गया और उसकी पत्नी रिश्तेदारी में गई हुई थी। आरोप है कि कुछ समय बाद घर वापस पहुंचा तो पुत्री घर पर नहीं थी तथा 3 तोले सोना, आधा किलो चांदी एवं 60 हजार रुपये गायब थे। उसे ज्ञात हुआ कि बेटी को आरोपी युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। आरोपी के परिजनों से संपर्क करने पर वह गाली-गलौच कर उसकी बेटी को वापस नहीं करने की धमकी देने लगे। इसके चलते पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी।

एसएसआई जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि किशोरी ने कोतवाली आकर बयान दर्ज करवाए हैं जिसे बाद में सक्षम अधिकारी के समक्ष पेश किया गया और उनके आदेश पर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

बाघ ने बाइक सवारों पर किया हमला, दो घायल

खटीमा। खटीमा-पूरनपुर मार्ग पर माधोटांडा की ओर से बाइक पर आ रहे ससुर दामाद पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पूरनपुर रोड पर हुई घटना महोफ रेंज जनपद पीलीभीत क्षेत्र की बताई जा रही है।

बाघ के हमले में घायल जहीरूद्दीन।

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद के पूरनपुर से पूरनपुर-खटीमा रोड से घर लौट रहे इस्लामनगर निवासी जहीरूद्दीन (55) और मो अजीम (31) पर बाघ ने हमला कर दिया और दोनों बाइक सहित गिर पड़े। उसी दौरान कई वाहनों के आ जाने से बाघ वहां से चला गया और दोनों की जान बच गई। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सुरई रेंज की वन विभाग की टीम ने अस्पताल में जाकर घायलों को देखा और उनसे घटनास्थल के संबंध में जानकारी ली। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को घर भेज दिया।

कनेक्शन के लिए ली अतिरिक्त धनराशि लौटाएं

ज्ञापन

- प्लेटिनम टावर कालोनी के लोगों ने किच्छा विधायक के नेतृत्व में डीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ज्येष्ठा प्लेटिनम टावर कालोनी के लोगों ने कॉलोनी में सरकारी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था कराने और विद्युत आपूर्ति में सरकारी दरों से दोगुनी दरों पर ली गयी अतिरिक्त धनराशि वापस दिलाने की मांग की है।

इसको लेकर कॉलोनी के लोगों ने किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने इस अतिरिक्त राशि को वापस दिलाने की मांग की है। गुरुवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह को सौंपे ज्ञापन में कॉलोनी के लोगों का कहना है कि पिछले लम्बे समय से कॉलोनी में रह रहे हैं, लेकिन कॉलोनी के चेयरमैन ने विद्युत कनेक्शन लेने और सरकारी कनेक्शन देने के लिए अतिरिक्त धनराशि ली गयी है।

डीएम को ज्ञापन सौंपते कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

बावजूद कॉलोनी के लोग विगत कई वर्षों से विभिन्न सेवाओं और सुविधाओं का संचालन और रखरखाव स्वयं के व्यय पर कर रहे हैं। उन्होंने इस अतिरिक्त राशि को वापस दिलाने की मांग की है। इस अवसर पर राजेश कुमार सिंह, अजीत कुमार, सुभाष गोयल, कुलदीप शर्मा, कलावती जोशी, ज्योसना पांडेय, गुंजन पांडेय, रश्मि राठौर, मंजू रावत, कुलदीप शर्मा, गिरीश गबडवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

घरेलू एलपीजी सिलेंडर का दुरुपयोग : जहां शासन-प्रशासन घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दुरुपयोग को रोकने में लगा है वहीं कुछ लोग धड़ल्ले से वाहनों में इसको ईंधन के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। ऐसा करके वह खुद व यात्रियों के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। ऐसा ही एक नजारा गुरुवार को काशीपुर के कुंडेश्वरी रोड पर देखने को मिला, जहां एक ऑटो चालक ईंधन खत्म होने के बाद बीच सड़क पर घरेलू एलपीजी सिलेंडर से टेम्पो में एलपीजी गैस भरता हुआ नजर आया। ● करन सिंह।

जज्बा 20 गांवों की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में भूमि बचाओ आंदोलन जारी

कड़ाके की ठंड में भी आंदोलनकारियों के हौसले बुलंद

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ आंदोलन के आंदोलनकारियों के हौसले कड़ाके की ठंड के बावजूद भी बुलंद हैं। हाड़ कंपाती ठंड के बावजूद भी आंदोलनकारी किसान, मजदूर व व्यापारी अपने जज्बे में गर्मी को बरकरार रखे हुए हैं।

पिछले 5 महीने से भी अधिक समय से धरना प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक भूमिधरी अधिकार वापस नहीं मिल जाते तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। क्रमिक अनशन पर शेर सिंह, पाला संधू, देवेश प्रताप सिंह, सुरेश गोयल व कमलजीत सिंह बैठे। अनशनकारियों को भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा व भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड़ा द्वारा माल्यार्पण कर बैठाया गया। एक अगस्त से तहसील परिसर में धरना दे रहे किसान भूमिधरी अधिकार मिलने तक आंदोलन करने का संकल्प लेकर डटे हैं। सरकार द्वारा मजबूत आश्वासन के बाद भी समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो सका है। आंदोलन स्थल पर करमजीत सिंह शौकर, प्रताप सिंह संधु, हरदयाल सिंह, राज किशोर सिंह, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, हरपिंदर सिंह, जसवीर सिंह खैरा आदि थे।

बाजपुर में सत्याग्रह स्थल तहसील परिसर में प्रदर्शन करते किसान, मजदूर व व्यापारी। ● अमृत विचार

कनाडा से आकर शामिल हुए

ग्राम बिरहा निवासी कमलजीत सिंह रोजगार की उद्देश्य से कनाडा गए हुए थे जमीन के भूमिधरी अधिकार छीन लिए जाने पर कनाडा से वापस आकर आंदोलन में परिवार पत्नी हरजिंदर कौर व बेटी हरसिमरत सहित शामिल हुए हैं और गुरुवार को क्रमिक अनशन पर भी बैठे।

सरकार हल निकाले

भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि सरकार द्वारा मजबूती से समाधान का आश्वासन दिया जा चुका है। ऐसे में सरकार को आश्वासन के अनुरूप बाजपुर के परिवारों को यथाशीघ्र न्याय देना चाहिए और समस्या का हल करना चाहिए।

तेंदुए की दहशत, घर से निकलना दूभर

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : दिनेशपुर के सुंदरपुर गांव में तेंदुए की दस्तक से दहशत है। लोग सुबह व शाम लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं।

विदित हो कि दिनेशपुर के सुंदरपुर में नौ जनवरी को ग्रामीण तेंदुआ देखने के बाद दहशत में आ गए थे, 10 जनवरी को ग्रामीणों द्वारा तेंदुए की दस्तक की सूचना वन विभाग को दी, 11 जनवरी को वन विभाग रुद्रपुर के रेंजर भूपाल सिंह कैड़ा के नेतृत्व में टीम ने तेंदुए के पंजे के निशान देखे, 12 जनवरी को वन विभाग की टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से तेंदुए को सरसों व गन्ने के खेत में घूमते हुए देखा था। जिसे देखकर क्षेत्र में है। विधायक शिव अरोड़ा ने शासन व वनाधिकारियों की मदद से अनुमति मिलने पर गांव के गन्ने के खेत में पिंजरे लगावाए। उसके बाद से ग्रामीणों को तेंदुवा नहीं दिखा। वन विभाग की टीम क्षेत्र में निगरानी रखे हुए हैं। सुंदरपुर गांव के तेंदुए की दस्तक के बाद अब क्षेत्र में अफवाहों का दौरा काफी तेजी के साथ खेल रहा है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग कई वर्ष पुरानी वीडियो डालकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। जिससे क्षेत्रवासी उसे सच मानकर दहशत में है। इलाके के लोगों का कहना है कि स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। तेंदुआ क्षेत्र में है या नहीं है। वहीं अफवाह फैलाने वालों पर वन विभाग की टीम कड़ी नजर बनाए रखें। वन विभाग टीम का कहना है की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

दिनेशपुर के सुंदरपुर गांव में गन्ने के खेत में रखा खाली पिंजरा। ● अमृत विचार

एक नजर

राजकीय महाविद्यालय में नहीं लगे सीसी कैमरे

जसपुर। राजकीय महाविद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू होने के बाद भी कैमरे नहीं लग पाये, जिससे महाविद्यालय असुरक्षित है। सरकार ने ग्राम शिवराजपुर पट्टी के महाविद्यालय में वर्ष 2021 में शिक्षण कार्य शुरू कराया था। इस महाविद्यालय में काफी संख्या में छात्राएं अध्यनरत हैं, लेकिन अभी तक सीसीटीवी कैमरें नहीं लगाये गये, जिससे छात्राओं की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। गौरतलब है कि गत वर्ष चोरों ने महाविद्यालय के अंदर घुसकर चोरी ली थी। उसके बाद भी कालेज प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.रीटा शर्मा ने कहा कि वे छात्राओं के हित में महाविद्यालय में सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि महाविद्यालय में कैमरे लगाने के सम्बन्ध में उन्होंने विभाग को कई बार पत्र लिखा है। उनकी ओर से प्रस्ताव भी बनाकर भेजा चुका है।

जसपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता दूल्हे खां का निधन

जसपुर। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता दूल्हे खां का निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे। उनके निधन पर क्षेत्रीय विधायक आदेश सिंह चौहान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रवि डोगरा, सरदार सुखदेव सिंह, सरदार महेन्द्र सिंह, जमील अहमद, राजेन्द्र बिट्टू, अतीकुर्रहमान गरहबर, इख्तियार बबलू, गजेंद्र सिंह चौहान, अनीस अहमद, भूदेव सिंह चौहान, नूर हसन सिद्दीकी, आफताब आलम, अमृत सिंह, मोइनुद्दीन मजनू, हाफिज सिराजुद्दीन बीड़ी वाले, देवेंद्र सिंह चौहान, उस्मान डम्पी, जाकिर हुसैन आदि ने शोक व्यक्त किया।

कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किए

काशीपुर। अनमोल फाउंडेशन की ओर से संचालित दिव्यांग आवासीय स्कूल काशीपुर में कुमार ग्रुप ऑफ कंपनीज ऊधम सिंह नगर की ओर से दिव्यांगों को कंबल वितरित किए गए। गुरुवार को स्कूल में कंपनी जीएम सौरभ अग्रवाल और एचआर हेड एचसी डोगरा ने कड़ाके की ठंड में राहत देने के लिए दिव्यांगों, वृद्ध व गरीब महिलाओं को कंबल वितरित किए। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ऊधम सिंह नगर के नोडल अधिकारी सतीश कुमार चौहान और फाउंडेशन की सीईओ मीनाक्षी चौहान ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों का आवासीय स्कूल शीघ्र शुरू करने जा रहे हैं। कंपनी ने विगत दिनों दिव्यांगों को स्वावलंबी बनाने के लिए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में दिव्यांगों को उनकी योग्यता व क्षमता के अनुसार नौकरी प्रदान करने को कैंप भी लगाया था। शीघ्र दिव्यांगों को उनकी योग्यता अनुसार सेवाएं प्रदान की जाएंगी। वहां पर आकांक्षा, मेघा बिष्ट, प्रियांशु रावत आदि मौजूद रहे।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में उठीं सड़कों व नहरों की समस्याएं

बैठक में ग्राम प्रधानों ने उठाई आवाज, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुईखेड़ी से ग्रामीणों का कब्जा हटवाने की मांग

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: क्षेत्र पंचायत की बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बदहाल सड़कों के निर्माण, नहरों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने, राजकीय प्राथमिक विद्यालय से ग्रामीणों का कब्जा हटाए जाने आदि समस्याओं को उठाया गया।

गुरुवार को ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख पूनम रानी ने की। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं को कृषि अधिकारी के सामने रखा। आनंद खेड़ा के ग्राम प्रधान इंद्रपाल सिंह ने सिंचाई विभाग द्वारा काफी समय से नहरों की सफाई न किए जाने की बात रखी। उनका कहना था कि नहरों की सफाई न होने से नहर का ओवरफ्लो पानी किसानों के खेतों में जा रहा है, जिससे किसानों का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब विभाग नहरों की सफाई नहीं करवा पा रहा तो उसे किसानों से लगान अपासी नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर नहरों की सफाई नहीं की गई तो 10 साल बाद नहरों का अस्तित्व ही खत्म हो जायगा। मोतियापुरा के बीडीसी सदस्य सलविंदर कलसी ने विद्युत विभाग से ग्राम बलखेड़ा से जा रही विद्युत लाइन की झूलती तारों को बदलने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि आपस में तारों के टकराने से खेतों में खड़ी फसल के जलने का हमेशा खतरा बना रहता है।

ग्राम पंचायत अलखदेवा की ग्राम प्रधान कवलजीत कौर ने ग्राम रतनपुरा में 110 परिवारों के घरों के पानी की निकासी के नाले की निर्माण की मांग की उनका कहना था कि 2 साल से अपनी मांग को रख रही है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके अलावा उन्होंने एनएच 74 मुख्य मार्ग महतोश से लेकर ग्राम मनु नगर तक जर्जर हो चुकी सड़क के निर्माण की मांग की की। आनंद खेड़ा की बीटीसी सदस्य सुरबाला मंडल ने राधाकान्त और मोतीपुर में विद्युत पोल लगाए जाने की मांग रखी। उनका कहना था कि उनके द्वारा क्षेत्र पंचायत की बैठक में कई बार इस मुद्दे को उठाया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बीटीसी प्रतिनिधि रामपाल ने ग्राम कुईखेड़ी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है ग्रामीण उसे जगह पर कूड़ा करकट डाल रहे हैं। उसे खाली कराने की मांग की। जिला पंचायत सदस्य सुमन सिंह ने ग्राम कुल्हा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में चारदीवारी बनाने की मांग की। ग्राम खटोला के ग्राम प्रधान मुकेश राणा ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय में कक्ष बनाने की मांग की। उनका कहना था कि स्कूल में बच्चे ज्यादा हैं और कक्ष कम हैं। उनका कहना था प्रधानाचार्य को कक्ष में बैठकर स्कूल का कार्य करना पड़ता है जिससे काफी परेशानी होती है। ग्राम सभा लखनऊ की ग्राम प्रधान कमलजीत कौर ने ग्राम करतारपुर में सड़क बनाई जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा गांव में सड़क बदहाल है। इसे जल्द बनाया जाना चाहिए। ग्राम झगड़पुरी के प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में घरों में कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। उनका कहना था कि कई लोगों के पास अपने घरों रजिस्ट्री एवं स्वामित्व नहीं है। उन्हें विद्युत विभाग कनेक्शन नहीं दे रहा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पूनम रानी, जेस्ट ब्लॉक प्रमुख टिप्सन नरूला, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष कमलजीत कौर, ग्राम प्रधान कवलजीत कौर, बीडीसी सदस्य सलविंदर सिंह कलसी, खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी, उपखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर आनंद पांडे, परमजीत कौर, सुंदर गोस्वामी, इंद्रपाल सिंह, गीता रानी, सुनील मंडल, जितेंद्र नाथ राय काफी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

गदरपुर के विकास खंड सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करतीं ब्लॉक प्रमुख पूनम रानी।

गदरपुर ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक में शिकायत रखतीं ग्राम प्रधान कमलजीत कौर। ● अमृत विचार

बैठक में अधिकारी व्हाट्सएप में व्यस्त थे

क्षेत्र पंचायत की बैठक में जब परियोजना अधिकारी बीडीसी सदस्यों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बातों का जवाब दे रहे थे उसे दौरान उनके साथ वाली सीटों पर बैठे अधिकारी मोबाइल में व्हाट्सएप पर व्यस्त थे जिससे लगता है कि अधिकारी बैठक में कितनी तैयारी कर कर आए थे।

कई लोगों को बाहर जाना पड़ा

क्षेत्र पंचायत की बैठक शुरू होने से पहले खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी द्वारा जनप्रतिनिधियों को अंदर बैठने की बात कहने पर कई लोगों को बाहर जाना पड़ा क्योंकि ज्यादातर बैठकों में महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति बैठकों में भाग लेते हैं।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में जनप्रतिनिधि भी रुचि नहीं ले रहे

क्षेत्र पंचायत की बैठक में जब अधिकारी सदस्यों का जवाब दे रहे थे उसे दौरान ब्लॉक सभागार में रखी आदि से ज्यादा सीट खाली थी इससे लगता है कि जनप्रतिनिधि भी बैठकों में रुचि नहीं ले रहे।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स जूडो के लिए विराज का चयन

खटीमा। सरस्वती एकेडमी विगराबाग के छात्र विराज कलोनी का 20 से 23 तक चेन्नई में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स जूडो प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। विद्यालय परिवार की तरफ से विराज कलोनी तथा उनके परिवार को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कर सम्मानित किया।

विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति बिष्ट ने कहा कि उनका विद्यालय खेल के साथ-साथ संपूर्ण शैक्षणिक क्षेत्र में बच्चों को नियमित प्रगति की ओर आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। विद्यालय के विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। हम आशा करते हैं कि विराज खेलो इंडिया यूथ गेम्स जूडो प्रतियोगिता में भी जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामयश सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

स्वयंसेवकों ने रैली से दिया मतदान का संदेश

शांतिपुरी में मतदाता जागरूकता रैली निकालते एनएसएस के स्वयंसेवक।

शांतिपुरी में स्वयंसेवकों को वालीबॉल भेंट करते आरएसएस प्रचारक मोहित गोस्वामी।

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी राजकीय इंटर कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर लोगों को मतदान करने का संदेश दिया।

शिविर स्थल से मुख्य बाजार होते हुए पंचायत भवन, गांधी स्तमारक निधि होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल तक मतदान जागरूकता रैली निकाली। इससे पूर्व शिविर के बौद्धिक सत्र में उत्तर प्रदेश गांधी स्मारक निधि संस्था के प्रबंधक राजकिरन तिवारी व संचालक मोहन प्रसाद ने एनएसएस स्वयंसेवकों को खादी वस्त्र बनाने के लिए उपयोग में लाई जाने वाले अत्याधुनिक व पुरातनकालीन चरखे दिखाकर उनके उपयोग एवं ऑस्ट्रेलियन ऊन से धागे तैयार करने कार्यशैली से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को कच्ची धानी अथवा कोल्हू से तेल पिलाई व रेशम उद्योग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक मोहित गोस्वामी ने एनएसएस स्वयंसेवकों को वॉलीबाल भेंट की। इस दौरान प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद, तारासिंह कोरंगा, नंदन सिंह कोरंगा, फकीर चंद, राजेन्द्र शर्मा, माध्वानंद बहुगुणा, चंदन नेगी, हेमा धामी, अनिल कुमार, एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद रहे।

पतंग महोत्सव से किया जागरूक

आयोजन

▸▸ छात्र-छात्राओं ने पतंग उड़ाकर मतदाताओं को जागरूक किया

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता समिति एवं रोवर-रेंजर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता के लिए 'पतंग महोत्सव' का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पतंग उड़ा कर मतदाताओं को जागरूक किया।

गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य शर्मिला सक्सेना ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर सके इसके लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान पतंग महोत्सव' के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पतंग पर मतदाता जागरूकता हेतु संदेश और स्लोगन लिखकर उन्हें उड़ाया गया। पतंग महोत्सव को देखने के लिए काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। इस मौके पर डॉ अशोक कुमार, डॉ अर्चना वर्मा, महाविद्यालय मतदाता जागरूकता समिति के संयोजक डॉ हरि प्रसाद, रोवर- रेंजर इकाई प्रभारी प्रमोद वर्मा, प्रभजोत कौर, विदिशा, इंदु, कुमारी मंतशा, विकास, लुकमान, मोहम्मद शमी, अनिकेत कुमार सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

राजकीय महाविद्यालय में पतंग महोत्सव पर पतंग उड़ाते छात्र-छात्राएं।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में रोहित प्रथम

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: पंतनगर के सभागार में विवेकानंद स्वाध्याय मंडल के तत्वावधान में उदभव इंटर यूनिवर्सिटी में वाद-विवाद प्रतियोगिता में एसएसपब्लिक स्कूल ने सीनियर ग्रुप में रोहित भुसरी ने प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता का मुख्य विषय (उपयुक्त ज्ञान की आवश्यकता सोशियल मीडिया से कभी पूरी नहीं हो सकती है।) जिसमें रोहित ने उच्च स्तर का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की टीम का मार्ग दर्शन काजल अरोरा एवं काशिफ खान, जगदीश चन्द्र द्वारा किया गया किया। विद्यालय के चेयरमैन डीपी सिंह एवं सचिव अभिषेक ने स्कूल के छात्र प्रताप सिंह की उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी और बच्चों को आशीर्वाद दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा जो छात्र स्थान प्राप्त नहीं कर पाये उनका मनोबल बढ़ाते हुए भविष्य में और मेहनत करके उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने टीम का मार्गदर्शन करने वाले सभी काजल अरोरा, काशिफ खान, जगदीश चंद्र को और अधिक से अधिक बच्चों को भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिता के लिए तैयार करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य परमिंदर सिंह उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रसाद, उमेश कुमार, काजल अरोड़ा, कशिश खान सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

55 लीटर शराब बरामद, दो तस्कर मौका देखकर फरार

दिनेशपुर। मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। जयनगर से बिन्दुखेड़ा जाने वाले मार्ग पर स्कूटी से जूट के कट्टे में 163 पाउच लगभग (55) लीटर अवैध शराब खाम के मय स्कूटी बरामद की।

पुलिस टीम ने बताया कि हरजिन्दर सिंह एवं लखविन्दर सिंह निवासी रायपुर, कोतवाली रुद्रपुर टीम को देखकर शराब एवं स्कूटी को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष उपाध्याय ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दबिश जारी है।

रोजगार परक शिक्षा से संवरेगा बच्चों का भविष्य

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: अजीविका अवसर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उत्तराखंड बहुद्देशीय वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से विजन एजुकेशनल सोसाइटी की ओर से अनुसूचित जाति समाज के 20 बेराजगार युवक - यु वतियों को दिए जाने वाले निशुल्क टैली विद् जीएसटी कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सभासद जगतजीत सिंह व संस्था के अध्यक्ष धर्मवीर सरना की ओर से संयुक्त रूप से किया गया।

गुरुवार को नगरपालिका के वार्ड नंबर-2 एक्सिस बैंक के पीछे स्थित विजन एजुकेश नल एंड सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी में आयोजित कार्यक्रम में जगतजीत सिंह ने कहा कि रोजगार परक शिक्षा से अनुसूचित जाति के बच्चों का भविष्य संवरेगा। बेरोजगार युवक-युवतियों के पास प्रशिक्षण प्राप्त करके आत्मनिर्भर बनने का इससे सुनहरा मौका नहीं मिलेगा। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष धर्मवीर सरना ने वर्तमान समय में संचालित सरकार की विभिन्न रोजगार परक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उनका लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने अवगत कराया कि उनकी संस्थान द्वारा ट्रिपल सी कंप्यूटर कोर्स, ब्यूटी पार्लर, टैली विद् जीएसटी एवं सिलाई ट्रेड, टाइपिंग, टेली कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाता है। सभी अभ्यर्थी प्रशिक्षण के उपरांत नौकरी या फिर स्वरोजगार कर सकते हैं। स्वरोजगार के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा योग्यता के आधार पर सहायता प्रदान की जाती है। इस मौके पर प्रशिक्षक नीरज गोला, रीमा सरना, जैबा खान, अभिषेक, नेहा, राबिया खान आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में विजन एजुकेशनल एंड सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी में आयोजित निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिरकत करते विद्यार्थी एवं अतिथि।

कवि सम्मेलन | अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने किया

तम की घटा छटने वाली, झूमो मिलकर मेरे राम का मंदिर खुलने वाला है...

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: नगर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में काशीपुर के विवेक ब्याव ने अपनी बात कुछ इस तरह से कही- वक्त थोड़ा बिता के जाना तुम, फर्ज अपना निभा के जाना तुम, राह में यदि मिले शहीद का घर अपने सर को झुका के जाना तुम।

बुधवार को एक बारात घर में रात्रि में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रोहित हुड़िया उर्फ लवली ने कहा इस तरह के कार्यक्रम हर शहर में होने चाहिए। उन्होंने कहा कि कवि अपनी वाणी से बड़ी बात को कुछ शब्दों में ही रखकर बहुत कुछ कह देते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सिकंदराराऊ की धरती से आई कवयित्री गीता सिंह जीत की बनी वंदना से हुई। इसके बाद काशीपुर के विवेक ब्याव में अपनी ओजपूर्ण रचनाओं से सबको ओत प्रोत कर अपनी बात कुछ इस तरह से कही वक्त थोड़ा बिता के जाना तुम, फर्ज अपना निभा के जाना तुम। राह में यदि मिले शहीद का घर, अपने सर को झुका के जाना तुम।

दिल्ली के कवि मोहन मुंतजिर ने रामभक्ति पर अपनी बात कुछ इस तरह से रखी - सागर में अपने धर्म का पैगाम लिख दिया, पत्थर पे वानरो ने श्रीराम लिख दिया। बाजपुर के कवि डॉक्टर सुरेंद्र जैन ने अपनी रचनाएं कुछ इस तरह से पढ़ी - भरत भूमि पर रामराज का अब फिर से निर्माण हुआ, बलिवेदी पर चढ़कर ही तो शक्ति का सन्धान हुआ। उज्ज्वल था संकल्प हमारा और समर्पण भाव प्रबल, भव्य मनोहर मंदिर निर्मित भगवा हिंदुस्तान हुआ। मेरठ से आए हास्य कवि डॉ. प्रतीक गुप्ता ने पहले तो अपनी क्षणिकाओ से लोगों को खूब हंसाया बाद में राम मंदिर की बात करते हुए दर्शकों को संजिदगी भी किया -तम की घटा है छटने वाली, हो रहा अब उजाला है। खुल रहा मन की चाबी से बंद पड़ा जो ताला है, ढ़ोल नगाड़े ताशे बाजे बज बज कर यह कहते हैं, झूमो मिलकर मेरे राम का मंदिर खुलने वाला है। उत्तराखंड के हास्य व्यंग्य के हस्ताक्षर जयंत साह अपनी बात कुछ इस तरह से कहीं - नाउम्मीद से जो लड़ा है उम्मीद जगाता है वो ही,

खेला है लहरों से जिसने पार लगाता है वो ही। इतना आसान नहीं तमासबीन बनना इस जहां में आंसू की कीमत जो जानता है मुस्कुराता है वो ही। कवि सम्मेलन के अंत में लाफ्टर किंग लपेटे में नेताजी फेम प्रताप फौजदार ने अपनी टाइमिंग, सेंस ऑफ ह्यूमर से नगर के लोगों को हंसा हंसा कर लोट पोट कर दिया। इसके अतिरिक्त उन्नाव से प्रियंका शुक्ला व दिल्ली से विनीत पांडे ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जयंत साह ने किया। इस मौके पर वशिष्ठ अतिथि रोहित हुड़िया उर्फ लवली पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू भुड्डी ओमियो विश्वास, ग्राम प्रधान संघ के उपाध्यक्ष संजय चौधरी, विजय सिडाना, सलविंदर सिंह कलसी, सुरेश खुराना स्वदेश कुमार, डीपी सिंह, शांतनु त्यागी, दीपक चौहान, मनोज राय, विकास सरकार, जुल्फिकार, जय किशन अरोरा, रोहित बत्रा शाहिद काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

गदरपुर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का उद्घाटन करते दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता एवं जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं अन्य।

भाजपा को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया

खटीमा में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

खटीमा। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा नानकमत्ता के झनकट मंडल की बैठक में लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि अबकी बार 400 पार को धरातल पर उतरना है। झनकट मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट के आवास पर उनकी ही अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनउपयोगी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को जागरूक करने के काम में तेजी लायी जाय। इस अवसर पर भाजपा विधानसभा विस्तारक हरीश भट्ट, जिला मंत्री भुवन जोशी, हरीश वर्मा, दीपक भट्ट, जानकी पांडे, मनोज राणा, हरेंद्र राणा, अनिता ज्याला, प्रेमा महर, महेश राणा, राजेन्द्र विष्ट आदि थे।

श्रीराम मंदिर जन आह्वान यात्रा समिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य शोभायात्रा के दौरान काशीपुर में श्रीराम दरबार की आरती करते पुजारी। ● अमृत विचार

काशीपुर में शोभायात्रा के दौरान जेसीबी पर खड़े होकर पुष्प वर्षा करते लोग। ● अमृत विचार

श्रीराम के जयघोष से राममय हुआ काशीपुर

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत धूमधाम से निकाली जन आह्वान शोभायात्रा, रामभक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रीराम मंदिर जन आह्वान यात्रा समिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य शोभायात्रा में पूरा शहर श्रीराम के नारे से राममय हो उठा। लोगों में यात्रा को लेकर भारी उत्साह देखा गया। सनातन धर्मावलम्बी रामभक्तों ने यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

गुरुवार को रामनगर रोड स्थित श्री रामलीला मैदान से निकली शोभायात्रा में श्री अयोध्या धाम में आगामी 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काशीपुर वासियों में भी भारी उत्साह देखा गया। कड़ाके की ठंड में राम भक्त गाजेबाजे के साथ नाचते हुए रामधुनी गाते हुए और जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए शोभा यात्रा में शामिल हुए।

शोभा यात्रा रामलीला ग्राउंड से शुरू होकर चीमा चौराहा, माता मंदिर रोड, रतन सिनेमा रोड, डाक्टर लाइन, मोहल्ला किला, मुख्य बाजार, महाराणा प्रताप चौक होते हुए रामलीला मैदान में समाप्त हुई। इसके बाद राम दरबार आरती हुई। आरती के बाद राम भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इधर राम भक्तों ने कहा कि 22 जनवरी का दिन देशवासियों के लिए अत्यंत सौभाग्य का दिन है।

गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकालते श्रीराम भक्त। ● अमृत विचार

छोलिया नृत्य पर जमकर थिरके राम भक्त

यात्रा में पर्वतीय समाज छोलिया नृतकों के साथ शामिल हुआ। छोलिया नृतकों के धून पर पूरा रामलीला मैदान राम भक्ति में डूब गया। लोगों ने जमकर नृत्य कर जय श्रीराम के नारे लगाए। पूरी यात्रा के दौरान छोलिया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

यात्रा के दौरान राम भक्तों का पुष्प वर्षा कर कई स्थानों पर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक, राजनीतिक संस्थाओं व अन्य संगठनों के अलावा बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल रहे।

इस मौके पर जिलाध्यक्षा भाजपा गुंजन सुखीजा, सौरभ, अमित सिंह, अमित नारंग, राहुल पैगिया, विनीत चौधरी, बिट्टू राणा, सुरेंद्र सिंह जीना, गुरविंदर चंडोक, अरविंद राव, आकाश गर्ग, खिलेंद्र चौधरी, ऊषा चौधरी, दीपक बाली, राम मेहरोत्रा, रविंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

जेसीबी से की रामभक्तों पर पुष्प वर्षा

शोभायात्रा के दौरान पांच जेसीबी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खड़े होकर रामभक्तों पर पुष्प वर्षा की। इसके लिए जेसीबी को फूलों से सजाया गया था। इस दौरान जब रामलीला मैदान से यात्रा निकली तो रामनगर रोड पर लोगों ने जेसीबी के अगले हिस्से में खड़े होकर रामभक्तों पर पुष्प वर्षा की। साथ ही पूरी यात्रा के दौरान जेसीबी मशीन यात्रा में शामिल रही।

शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में रामभक्तों पर पुष्प वर्षा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : अयोध्या में श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लगातार चौथे दिन प्रात : कालीन श्रीराम शोभायात्रा प्रभात फेरी निकाली गई।

गुरुवार को रामलीला मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा तहसील रोड से विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर कंजाबाग रोड स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर पहुंची, जहां कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान समिति के कार्यकर्ताओं ने श्रीराम शोभायात्रा का भव्य स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। जैसे-जैसे राम मंदिर उद्घाटन का समय पास आता जा रहा है वैसे वैसे शोभायात्रा में राम भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है। सैकड़ों की संख्या में राम भक्त जय श्रीराम के नारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल रहे। जगह-जगह शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। लंगर लगाकर राम भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में रमेश चंद्र जोशी, मोहनी पोखरिया, मनोज वाधवा, सतीश गोयल, संतोष अग्रवाल, रेखा देवल, हरिमोहन जोशी, सुमित भटनागर, हिमांशु अग्रवाल, नीरज रस्तोगी, आलोक गोयल, मनोज रस्तोगी, मीना अग्रवाल, बल्लू जौहरी, नीरज श्रीवास्तव, घनश्याम अग्रवाल, दर्पण कपूर, विश्वनाथ यादव, राजीव बंसल, भुवन जोशी, इंद्रेश गुंबर, भगवान दास गुप्ता, उमेश, गौरी शंकर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, घनश्याम, चिरंजीवी बत्रा, भानु, सजल, नीलू, स्वाति मिश्रा, अनुपम, बीएस मेहता आदि थे।

खटीमा में प्रात : कालीन शोभायात्रा निकालते रामभक्त। ● अमृत विचार

कार्यक्रम की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण कुमार अग्रवाल ने आगामी 22 जनवरी को श्रीराम महापर्व पर प्रमुख व्यवस्थाएं कराने को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा कि 22 जनवरी को श्री अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने जा रही है, इसी के चलते काशीपुर में भी विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा श्रीराम अमृत महोत्सव को लेकर उत्साह है। इस क्रम में उन्होंने महानगर क्षेत्र में सुरक्षा संबधी सभी उचित प्रबंध करने, प्रकाश व शुद्ध पेयजल व्यवस्था आपूर्ति व सोमवार 22 जनवरी को मांसाहारी व मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने व अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

महिलाओं को सिलाई केंद्र से मिलेगा स्वरोजगार

गांव रामनगर वन में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का सं युक्त रूप शुभारंभ करते अतिथि।

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : सामाजिक संस्था उत्तरी देवधाम जनकल्याण समिति की ओर से समीपवर्ती गांव रामनगर वन में अनुसूचित जाति की युवतियों व महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम से पोषित सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र खोला गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रीना व विशिष्ट अतिथि सीए पंकित गिरि (टैक्स अधिवक्ता) ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष महाराज सिंह चौहान ने समिति के प्रोजेक्ट पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और उसके संचालन में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर ग्राम सभासद शशि, समिति के सचिव रवि कश्यप दीप, उपसचिव रचना शर्मा, प्रशिक्षिका पूजा रानी, सत्यम चौधरी तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं मौजूद रहीं।

गुरिल्लों का तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन

टनकपुर, अमृत विचार : एसएसबी स्वयंसेवक कल्याण समिति ने गुरुवार को गुरिल्लों की मांगों के समाधान को लेकर टनकपुर तहसील गेट के पास प्रदर्शन कर नारेबाजी की। बाद में उन्होंने एसडीएम आकाश जोशी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन में उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण न करने पर आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान भी किया।

इससे पूर्व गुरिल्लों ने संगठन के मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह कुलयाल के नेतृत्व में तहसील गेट के पास पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में प्रेम सिंह, बलवंत सिंह कुल्याल, कैलाश सिंह, मोहन चंद्र खर्कवाल, प्रकाश राम, हंसी देवी, चंद्रशेखर पाटनी, अनिल चंद्र, रोहित भट्ट, कमला चन्द, योगेंद्र चन्द ,शकुंतला देवी,ममता देवी, देवेन्द्र भट्ट आदि शामिल रहे।

प्राण प्रतिष्ठा के तहत 20 को चार उपनगरों में होंगे धार्मिक अनुष्ठान

▸▸ **सरस्वती शिशु मंदिर से गांधी पार्क तक निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा**

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति के जिला संयोजक मुकेश पारेख ने बताया कि पूरे भारत को 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार है। इस दिन को सफल बनाने के लिए 20 जनवरी को संतों-महंतों की उपस्थिति में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होगा।

गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर रुद्रपुर में पत्रकार वार्ता के दौरान समिति के जिला संयोजक पारेख ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम अपने जन्मस्थली पर भव्य और नवनिर्मित मंदिर के घर में विराजित होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन देश भर में कई कार्यक्रम और पूजा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होगा। यह आयोजन चार उपनगरों में आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि सुभाष उपनगर के लोग चामुंडा मंदिर में, दयानंद उपनगर के लोग कटोरी देवी प्राण में, भगत सिंह उपनगर के लोग गल्ला मंडी में और शिवाजी उपनगर के लोग सरस्वती शिशु मंदिर में एकत्र होकर शोभायात्रा के रूप में गांधी पार्क मे पहुंचेंगे। साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर आयोजन समिति के सह संयोजक अंजुल त्यागी, आयोजन समिति के जिला मीडिया संयोजक योगेश वर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख विशाल खेड़ा, जिला प्रचार प्रमुख धीरेंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

पत्रकारों को जानकारी देते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

योजनाओं का आमजन तक पहुंचाएं लाभ : भंडारी

संवाददाता, लोहाघाट

अमृत विचार : चम्पावत जिला सह प्रभारी व दर्जा राज्यमंत्री गणेश भंडारी के लोहाघाट आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाली। बाद में वे ऋषेश्वर मंदिर में चले स्वच्छता अभियान में शामिल हुए और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। गुरुवार को पहुंचे जिला सह प्रभारी व दर्जा राज्यमंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

पाटन पुल से ऋषेश्वर महादेव मंदिर तक बाइक रैली निकाली। इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ ऋषेश्वर महादेव मंदिर परिसर एवं लोहावती नदी में चलाए गए स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों से 22 जनवरी तक नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम का संचालन करने की अपील की। कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन हर घर में दीपावली मनाई जाएगी। कहा कि सभी लोग अपने घर में पूजा अर्चना करने के साथ दीप जलाएं। जिला सह प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, जिला महामंत्री मुकेश कलखुडिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहित पाठक, बाराकोट ब्लाक प्रमुख विनिता फर्त्याल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन जोशी,ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा पाटनी, सतीश पांडेय, कैलाश खर्कवाल, रेनू गड़कोटी, निर्मला अधिकारी, विधान सभा विस्तारक सतीश भट्ट, विनोद बगौली आदि मौजूद रहे।

सौगात | बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 14 करोड़ रुपये जारी, प्रत्येक छात्रा के खाते में जाएंगे 2850 रुपये

50 हजार छात्राओं को मिलेंगीं साइकिल

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नौ की 50 हजार छात्राओं को मुफ्त साइकिल दी जायेगी। जिसके लिये शिक्षा निदेशालय ने 'बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना' के तहत सभी 13 जिलों को 14 करोड़ से अधिक की धनराशि जारी कर दी है। योजना के तहत प्रत्येक छात्रा के खाते में डीबीटी के माध्यम से साइकिल क्रय हेतु रुपये 2850 दिये जायेंगे।

सूबे में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना शुरू की है, जिसके तहत प्रदेशभर के विद्यालयों में कक्षा नौ में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को मुफ्त साइकिल योजना का लाभ दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक छात्रा के खाते में साइकिल क्रय हेतु रुपये 2850 की धनराशि संबंधित जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय से डीबीटी के माध्यम से जमा कराई जायेगी। इस योजना की खास बात यह है कि मैदानी क्षेत्रों के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नौ की सभी छात्राओं को अनिवार्य रूप से साइकिल क्रय करनी होगी जबकि पर्वतीय क्षेत्रों की बालिकाओं को मुफ्त साइकिल क्रय करने अथवा किसी अधिकृत बैंक व डाकघार में चार वर्षीय एफडी जमा करने का विकल्प दिया गया है। जिस योजना का लाभ प्रदेश की करीब 50 हजार छात्राओं को मिलेगा जिस हेतु शिक्षा विभाग ने 14 करोड़ से अधिक की धनराशि जारी कर दी है। जिसमें जनपद अल्मोड़ा में 3492 बालिकाओं के लिए एक करोड़, बागेश्वर में 1595 के लिए 45 लाख, चमोली 2533 के लिए 72 लाख, चम्पावत 1677 के लिये 47 लाख, देहरादून 5615 के लिए 1 करोड़ 60 लाख, पौड़ी 3284 के लिए 94 लाख, हरिद्वार 7075 बालिकाओं के लिए 2 करोड़, नैनीताल 5021 के लिए एक करोड़ 43 लाख, पिथौरागढ़ 2635 के लिये 75 लाख, रुद्रप्रयाग 1736 बालिकाओं के लिये 50 लाख, टिहरी 3780 के लिए एक करोड़ आठ लाख, उत्तरकाशी 2258 छात्राओं के लिए 64 लाख तथा ऊधमसिंह नगर 8429 छात्राओं के लिये 2 करोड़ 40 लाख की धनराशि आवंटित की गई है।

चार सदस्यीय समिति गठित की

योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये संबंधित जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, वित्त अधिकारी एवं जनपद के वरिष्ठतम प्रधानाचार्य की चार सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो रैण्डम रूप से ब्लॉक स्तर पर 20 प्रतिशत लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करेगी। इसके अलावा समिति को मैदानी जनपदों में साइकिल क्रय व पर्वतीय जनपदों में एफडी का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट निदेशालय को भेजनी होगी।

"राज्य में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिये सरकार ने शासकीय व अशासकीय विद्यालायों में अध्ययनरत कक्षा नौ की छात्रों को मुफ्त साइकिल देने का निर्णय लिया है। जिसका लाभ प्रदेशभर की 50 हजार छात्राओं को मिलेगा। जिस हेतु विभाग द्वारा 14 करोड़ से अधिक की धनराशि जनपदों को आवंटित कर दी गई है।

– डॉ. धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड सरकार

स्वास्थ्य विभाग में डॉ. कुलदीप की तैनाती

देहरादून। उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अधिकारी पद पर डॉ. कुलदीप मार्तोलिया ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले आईईसी अधिकारी का कार्य डॉ. मंयक बडोला देख रहे थे तो 2 वर्ष के लिए बतौर सीएमओ प्रतिनियुक्ति पर मसूरी स्थित एलबीएस अकादमी में चले गए हैं।

कार्यों से पहचान बनाएं विधायक

लखनऊ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायक नकारात्मक कार्यशैली से बचकर अपने सकारात्मक कार्यों से अपनी पहचान बनाने का काम करें। प्रदेश के विधायकों के साथ क्षेत्रवार चल रहे 'संवाद कार्यक्रम' के तहत विधानसभा अध्यक्ष को विधानभवन में विधायकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

डीजीपी ने उत्तराखंड सदन में किया बैरक का उद्घाटन

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन के भूतल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशानुसार उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने पुलिस बैरक का उद्घाटन किया। उत्तराखंड सदन में पुलिसकर्मियों की सुविधा हेतु नवीनीकृत बैरक बनाए गए हैं।

बैरक में तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं जिसमें पुलिसकर्मी ड्यूटी के बाद आराम कर पाएंगे। इन आधुनिक सुविधाजनक बैरक में ठहरने वाले पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी जिससे वे तनाव मुक्त रहेंगे। बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों के लिए तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नवीनीकृत बैरक में कुल 4 कक्ष बनाए गए हैं। उद्घाटन के दौरान उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने पुलिसकर्मियों को भविष्य में हरसम्भव सहायता उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान उत्तराखंड सदन के मुख्य सुरक्षा अधिकारी मनोज रावत सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस बैरक का उद्घाटन करते उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषेते ।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम : ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

संपादकीय

अस्थिरता का खतरा

बीते दो दिनों में पाकिस्तान और ईरान द्वारा एक-दूसरे के क्षेत्र में मिसाइल हमले किए जाने के बाद क्षेत्र में अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच तनाव का हल शीघ्र न निकला तो क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है। पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में, कथित आतंकी ठिकानों पर गुरुवार तड़के हमले किए। इससे पहले मंगलवार को पाकिस्तान के अशांत ब्लूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच चरमपंथी समूह 'जैश-अल-अदल' के दो ठिकानों को निशाना बना कर ईरान ने हमले किए। ध्यान रहे पाकिस्तान पहला ऐसा देश नहीं है जहां ईरान ने पिछले कुछ दिनों में हमला किया हो। पाकिस्तान से पहले इराक और सीरिया पर भी हमला किया था। ये हमले ऐसे समय किए गए जब मध्य पूर्व में पहले से ही गाजा और इजरायल के बीच युद्ध को लेकर तनाव है। इन दो घटनाओं ने मध्य पूर्व की आग को दक्षिण एशिया तक पहुंचा दिया है। हमलों से कूटनीतिक विवाद छिड़ गया है। पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया और अपने पड़ोसी के सभी उच्च-स्तरीय यात्राओं को निलंबित कर दिया। चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने और तनाव बढ़ने से बचने का आग्रह किया है।

भारत ने कहा कि ये ईरान और पाकिस्तान का आपसी मामला है। जहां तक भारत का सवाल है, तो आतंकवाद को लेकर हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। सभी देशों की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। पाकिस्तान ईरान का आठवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। ईरान को पाकिस्तान के प्रमुख निर्यातों में चावल, मांस, कागज, वस्त्र और फल शामिल हैं। ईरान से पाकिस्तान के प्रमुख वस्तुओं के आयात में कार्बनिक रसायन, प्लास्टिक, खनिज, तेल, लोहा और इस्तपात शामिल हैं। ईरान और पाकिस्तान के बीच बड़ी अड़चन ईरान का सिस्तान और पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत रहा है। दोनों देशों ने सीमा पर अशांत बलूच क्षेत्र में लंबे समय से आतंकवादियों से लड़ाई लड़ी है। दोनों देशों के दुश्मन एक ही तरह के हैं, जो अलगाववाद की भावना रखते हैं, लेकिन सीमा पार एक दूसरे की धरती पर इन अलगाववादियों पर हमला करना असामान्य है। यदि मौजूदा हालात पर नीति निर्माताओं द्वारा कूटनीतिक रूप से नियंत्रण नहीं किया जाता है तो मौजूदा गलतफहमी उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण हो सकती है। यह अब दोनों देशों पर निर्भर करता है कि वे दोनों पक्षों की बेहतरी और समृद्धि के लिए कौन सा रास्ता खोज निकालते हैं? क्योंकि ईरान और पाकिस्तान की चिंताओं तथा हितों का नए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय माहौल से गहरा संबंध है।

अन्य धर्मावलंबियों की भी नगरी है अयोध्या

डॉ. रामानंद शुक्ल
अयोध्या

बौद्धों से भी अयोध्या का घनिष्ठ संबंध रहा है। बौद्ध-वाङ्मय में इस नगर के दो अन्य नाम साकेत और विशाखा भी कहे गए हैं। दिव्यावदान ग्रंथ में कहा गया है कि-स्वयमागतं स्वयमागतं साकेत साकेतमिति संज्ञा संवृत्ता। यहां बुद्ध द्वारा कई चातुर्मास बिताए गए थे। अयोध्या के दंतधावनकुंड पर उनकी दातून से उत्पन्न वृक्ष का भी उल्लेख है।

कालक्रम से अयोध्या लुप्त-गुप्त और परिवर्तित होती रही है। रामावतार के कारण अयोध्या का नाम साकेत हो गया। उनके दिव्य साकेतधाम गमनोपरांत पहली बार त्रेतायुग में अयोध्या उजड़ गई। रामात्मज कुश ने इसे फिर बसाई। इसका प्राचीन इतिहास बताता है कि वर्तमान अयोध्या प्रतापी महाराज विक्रमादित्य की बसाई हुई है। इससे संदर्भित कई कथानक उपलब्ध हैं।

एक तो यह कि किसी दैवज्ञ ने कहा था कि चलते-चलते जहां आपका अश्व रुक जाएगा, वहीं खुदाई कराना यदि पादुका (खड़ाऊ) की प्राप्ति हो तो उसे अयोध्या जानना। दूसरा यह कि एक बार विक्रमादित्य देशाटन करते हुए संयोगवश यहां सरयू किनारे पहुंचे। वहां उनकी सेना ने शिविर डाल दिया। उस समय वहां वन था। कोई प्राचीन तीर्थ-चिह्न नहीं था। इस भूमि पर उन्हें कुछ चमत्कार एवं आध्यात्मिक सकारात्मक ऊर्जा जान पड़ी, महसूस हुई। तत्पश्चात उन्होंने अन्वेषण-शोध प्रारंभ किया। योगसिद्ध त्रिकालदर्शी साधकों-संतोष की कृपा से उन्हें यह परिज्ञात हुआ कि यह श्रीअवध की भूमि है। उनके निर्देश से महाराज ने यहां अनेक सर्वसुलभ साधनों के निर्माण कराए। शोध-सुलभ जानकारी के अनुसार कालांतर में अयोध्या पुनः विक्रमादित्य के द्वारा विनिर्मित हुई। आततायी आक्रमणकारियों की अनेक बार आखेट होती रही। इस प्रकार यहां की भूमि और निरंतर सलिल समन्विता सरयू अयोध्या की परम प्राचीनतमा गवाह हैं। अवधधाम-क्षेत्र के अंगभूत तीर्थ भी रामधाम की पुरातनता के प्राचीन प्रमाण-धरोहर हैं। पुरातात्विक अवशेष और यहां की स्थापत्य मूर्तिकला-भित्तिचित्र भी महन्महनीय साक्ष्य सिद्ध हुए हैं।

अनादि काल से अयोध्या साहित्य, संस्कृति एवं सभ्यता की केंद्र भी रही है। इसके पावनत्व से आकृष्ट हो करके ही अन्य धर्मावलंबियों ने इस सिद्धस्थली को अपना आश्रय बनाया। जैन-बौद्ध, सिक्ख, मुसलमान पीर-फकीर, श्रीवैष्णव, शैव-शाक्त, पलटू-रैदास तथा कबीर सभी धर्म, पंथ-संप्रदाय, मत-मजहब के लोगों, धर्मचार्यों ने अयोध्या का आश्रय ग्रहण किया। अपने धर्मायतन सुस्थापित किए। साधना तथा

> अनादि काल से अयोध्या साहित्य, संस्कृति एवं सभ्यता की केंद्र भी रही है। इसके पावनत्व से आकृष्ट हो करके ही अन्य धर्मावलंबियों ने इस सिद्धस्थली को अपना आश्रय बनाया। जैन-बौद्ध, सिक्ख, मुसलमान पीर-फकीर, श्रीवैष्णव, शैव-शाक्त, पलटू-रैदास तथा कबीर सभी धर्म, पंथ-संप्रदाय, मत-मजहब के लोगों, धर्मचार्यों ने अयोध्या का आश्रय ग्रहण किया। अपने धर्मायतन सुस्थापित किए।

सिद्धांतोपदेश से श्रीसमृद्ध हुए। इसकी सांस्कृतिक समरसता अद्यतन-अद्यावधि अटूट और अक्षुण्ण है। उसी का यह परिणाम रहा कि सुदूर विदेशों, अन्य प्रांतों, भारतीय उपनिवेशों में इस नाम के अन्य नगर बसाए गए। यहां से संबंधित आध्यात्मिक तौर-तरीकों को अपनाया गया। कई नगरों के नाम तो अयोध्या शब्द को थोड़ा-बहुत रूपांतरित करके अयोध्योपुर रखे। मलय की वर्तमान नजूथिया या यूथिया अयोध्या का ही अपभ्रंश है।

जैन-परंपरा में अयोध्या का अतीव आदरास्पद महत्व सार्वकालिक है। यह अनादि शाश्वत, क्षेत्रमंगल-स्थावर तीर्थ है। यह आदि तीर्थंकर ऋषभदेव सहित कुल पांच इक्ष्वाकुवंशी तीर्थंकरों की जन्मभूमि है। जैनग्रंथों का कथन है कि इसी नगरी से समग्र विश्व में जीवनयापन की कला प्रादुर्भूत एवं विकसित हुई। मनुस्मृति के वचन से कितना साम्य है--एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः। स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्याः सर्व मानवाः। अतएव मनुष्यता की प्रथम शुरुआत शिक्षा इसी भूमि से हुआ। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम और जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी इसी का नेहनिष्ठ नारा है। यह सब यहीं से विश्वव्यापी हुआ। जैन परंपरा की मान्यता है कि स्त्री-शिक्षा का शुभारंभ-सूत्रपात इसी अयोध्या की धरती से ऋषभदेव ने अपनी पुत्री ब्राह्मी-सुंदरी को पढ़ाकर किया। समग्र संसार को सर्वोदय सिद्धांतों से परिचय तीर्थंकरों ने अयोध्या से ही कराया। यहां स्वयंभू मनु के प्रपौत्र नाभिराय को इस कल्पकाल का अंतिम मनु कहा गया है। उनकी पत्नी मरुदेवी की कुक्षि से ऋषभदेव का अवतरण बताया गया है। उनके जन्मोपलक्ष्य में ही देवताओं ने आदि नगरी अयोध्या का निर्माण किया। यहां उन्हीं का अपर नाम इक्ष्वाकु कहा गया है।

बौद्धों से भी अयोध्या का घनिष्ठ संबंध रहा है। बौद्ध-वाङ्मय में इस नगर के दो अन्य नाम साकेत और विशाखा भी कहे गए हैं। दिव्यावदान ग्रंथ में कहा गया है कि-स्वयमागतं स्वयमागतं साकेत साकेतमिति संज्ञा संवृत्ता। यहां बुद्ध द्वारा कई चातुर्मास बिताए गए थे। अयोध्या के दंतधावनकुंड पर उनकी दातून से उत्पन्न वृक्ष का भी उल्लेख है। बौद्धों की श्रावस्ती और साकेत से संबद्धता अधिक दिखती है। बौद्धधर्म यहां से सातवीं-आठवीं शताब्दी के उपरांत प्रायः तिरोहित होने लगा। उधर शुंगकाल से ही जैन परंपरा की गति मंद पड़ने लगी। मुसलमान शासनकाल में इनका और अधिक ह्रास हुआ। सिख परंपरा के संस्थापक गुरु नानक देव भी अयोध्या आए थे। गुरु गोविन्द सिंह भी यहां आए, कुछ काल रहे। उनकी स्मृति में अयोध्या के सरयूतटोपरि स्थित ब्रह्मकुंड पर ऐतिहासिक सिख-गुरुद्वारा आज भी विद्यमान है। यह पौराणिक एवं ऐतिहासिक आख्यानों से महामहिमा-मंडित है।

मुसलमानों के अनेक पीर-औलियों ने अयोध्या को पाकभूमि पुकारकर यहां डेरा डाला। मदीनुत्तुल औलिया नामक किताब के अनुसार अयोध्या हजरत आदम के समय से अद्यावधि अनेक फकीरों की साधना भूमि रही है। अबुल फजल और आइने अकबरी में अयोध्या के चमत्कारिक मजारों का, खुर्दमक्का का बड़े ही अदब के साथ जिक्र किया गया है। महमूद गजनबी के भांजे सैयद सालार मसऊद गाजी ने 1032 ईसवी के लगभग अयोध्या पर आक्रमण किया था। सन् 1200 ई के आसपास सुल्तान मुहम्मद गोरी के भाई मखदूम शाह जूरन गोरी ने अयोध्या पर आक्रमण किया। कुछ दिन अमीर खुसरो के भी अयोध्यावास का संकेत मिलता है। तेरहवीं शती के प्रारंभ में दिल्ली में मुसलमानों की सत्ता आसीन हुई और औध को उन्होंने सूबा अवध का शासनकेन्द्र बनाया। गुलाम, खल्जी, तुगलक, सैयद, लोदी और सूर पठानों के शासनकाल में एक के बाद एक मुसलमान अवध के सूबेदार होते रहे। बीच में 15 वीं शती में जौनपुर के शर्की सुलतानों का भी अयोध्या पर अल्पावधि आधिपत्य रहा। 16 वीं शती में बाबर द्वारा विधिवत मुगल-शासन की स्थापना हुई। इस संक्रमण काल में अयोध्या का प्राचीन वैभव प्रारंभिक तीन शाब्दियों में तो समाप्त प्रायः ही हो गया था, किंतु मुगलकाल के प्रारंभ से ही यह नगर वैष्णवों का गढ़ बनता गया। उत्तर मुगलकाल अर्थात् अवध के नवाबों के शासनकाल में तो अयोध्या पूर्ण रूप से विकसित धर्मतीर्थ बन गई।

14-15 वीं शताब्दी से अयोध्या में वैष्णवों का वर्चस्व बढ़ने लगा। 1528 ई. में यहीं के दो मुसलमान फकीरों फजल अब्बास कलंदर और मूसा आसिकान के आग्रह पर बाबर ने अपने सिपहसलार मीरबकी के द्वारा अयोध्या के रामकोट स्थित श्रीरामजन्मभूमि को विध्वंस कर उसके स्थान पर त्वरितगति से बाबरी मस्जिद बनवाई। अकबर और जहांगीर के शासनकाल में उनकी तटस्थता या मौन स्वीकृति के कारण कतिपय मठ-मंदिर पुनः स्थापित हुए। आगे औरंगजेब ने उन्हें भी तुड़वा दिया। अतएव अधिकांश मठ-मंदिर और जिनालय अवध के नबाबों और ब्रिटिश शासनकाल में बने हैं।

सन् 1722 में मुहम्मद अमीन सादत खां बुरहनुल्मुल्लक की नियुक्ति अवध के सूबेदार के रूप में हुई। अवध के नवाबी राजवंश का वह ही संस्थापक था। अवध की यह नवाबी 11 वें नवाब वाजिद अली शाह के साथ 1856 ई में समाप्त हुई। नवाब सफदरजंग के समय में फैजाबाद नाम से वहां एक कस्बा भी बसने लगा। तीसरे नवाब शुजाउद्दौला ने तो उसे एक रमणीक नगर बनाकर अपनी राजधानी ही बना लिया। उसके उत्तराधिकारी आसुफुद्दौला ने फैजाबाद का भी परित्याग करके लखनऊ को राजधानी बनाया। अयोध्या के धर्मस्थानों को लेकर इन नवाबों के काल में भी सांप्रदायिक संघर्ष होते रहे। सन् 1857 के आसपास यहां अंग्रेजी शासन स्थापित हुआ और इसी के सन्निकट फैजाबाद नगर को जनपद का मुख्यालय घोषित किया गया।

प्रसंगवश

तात्पर्य-निर्णय

हम सब प्रायः प्रतिदिन ही देखते रहते हैं कि पूरे ग्रंथ को पढ़े बिना ही लोग अपना फतवा जारी कर देते हैं। कभी मनुस्मृति की एक पंक्ति को पकड़ लाए तो कभी रामचरित मानस की पंक्ति को उठा लाए पूछने लगे कि क्या यह ठीक है? फिर उसे जला दिया अथवा ऊटपटांग आलोचना कर दी। देश काल को जाने-समझे बिना एक-दो पंक्तियां उद्धृत करने से ग्रंथ का तात्पर्य-निर्णय नहीं हो जाता, जो लोग परिवेश तत्व से ही अपरिचित हैं। देशकाल पात्र पर विचार नहीं करते, वे प्रामाणिक ही नहीं हैं।

पांच सौ वर्ष पहले क्या परिवेश था? एक जमाने में दासप्रथा भी थी और यहीं नहीं संसार के अन्य देशों में भी थी, अमेरिका में अभी भी नस्लवाद और रंगभेद है। रचना परिवेश का सच होता है। आज जो समाज है, वह कल नहीं था। दासयुग के जमाने की कविता को आप आज के प्रतिमान से नहीं समझ सकेंगे। वे यह नहीं समझना चाहते कि देशकाल परिवर्तनशील है और एक देशकाल का सच दूसरे देशकाल में आकर

> पांच सौ वर्ष पहले क्या परिवेश था? एक जमाने में दासप्रथा भी थी और यहीं नहीं संसार के अन्य देशों में भी थी, अमेरिका में अभी भी नस्लवाद और रंगभेद है। रचना परिवेश का सच होता है। आज जो समाज है, वह कल नहीं था।

असिद्ध हो जाता है। वह कथन किस पात्र का है, नायक, प्रतिनायक या सामान्य पात्र का? अध्ययन-अनुसंधान की परंपरा कोई आज की तो है नहीं, आगे भी बड़े-बड़े अध्येता थे। उन्होंने बहुत विचार करके तात्पर्य-निर्णय के सिद्धांत निर्धारित किए। उपक्रम (भूमिका) को पढ़कर उपसंहार पर गंभीरता से विचार करके, अभ्यास अर्थात् एक सिद्धांत को ग्रंथकार प्रकार-प्रकार से कह रहा है। अपूर्वता अर्थात् मौलिकता, फल (चरितार्थता) अर्थवाद (पुष्टि-या समर्थन-वाक्य) उपपत्ति (युक्ति या तर्क) ये छह तत्व हैं जिनसे अध्येता किसी ग्रंथ का तात्पर्य-निर्णय करते हैं। इसके लिए ग्रंथ में डूबना पड़ता है। उसके लिए धैर्य की जरूरत होती है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सेक्सटॉर्शन की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक

टेक्नोलॉजी ने बेशक हमारे जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन सहूलियत के इस दौर में मुसीबतें भी बढ़ती जा रही हैं। स्मार्टफोन के इस दौर में साइबर ठग नित नए हथकंडे अपना रहे हैं। अभी हाल के दिनों में वीडियो कॉल के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाने के मामले बड़े पैमाने पर देखें जा रहें हैं। ताज्जुब की बात यह है कि ठगी का धंधा मेट्रो शहरों से निकलकर दूर-दराज के क्षेत्रों तक फैल चुका है। एक छोटी सी भूल या चूक कहिए। फिर क्या, उसके बाद जिंदगी बेजार हो जाती है।

दरअसल पिछले कुछ समय से सेक्सटॉर्शन वीडियो कॉल यानी नग्न तस्वीर या पोर्न वीडियो के जरिए लोगों को शिकार बनाया जा रहा है। स्कैमर्स वाट्सएप या मैसेंजर पर वीडियो कॉल करते हैं। सामने से लड़की का पोर्न या लड़की कपड़े उतारते हुए बात करना शुरू कर देती है। साथ ही इसका वीडियो भी रिकार्ड कर लेती है। इसके बाद शुरू होता है खेल ब्लैकमेलिंग का। अधिकतर मामलों में तो सामने वालों को पता भी नहीं होता है कि उनके साथ क्या हो रहा है? जब तक उन्हें इस बात की भनक लगती है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अक्सर देखा गया है कि जागरूकता की कमी के चलते लोग सेक्सटॉर्शन के जरिए ठगी के शिकार हो जाते हैं।

समाज में शर्मिंदगी के चलते अपने साथ हुई ठगी की जानकारी तक साझा नहीं करते हैं और न ही पुलिस में इसकी शिकायत करते हैं। यही वजह है कि सेक्सटॉर्शन की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। राजस्थान के मेवात क्षेत्र, भरतपुर, हरियाणा और दिल्ली के दूर दराज क्षेत्रों में ऐसे कई गिरोह बैठे हुए हैं। ये गिरोह पुरुषों को आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। वैसे भी उम्रदराज लोगों को लेकर

सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

> समाज में शर्मिंदगी के चलते अपने साथ हुई ठगी की जानकारी तक साझा नहीं करते हैं और न ही पुलिस में इसकी शिकायत करते हैं। यही वजह है कि सेक्सटॉर्शन की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। राजस्थान के मेवात क्षेत्र, भरतपुर, हरियाणा और दिल्ली के दूर दराज क्षेत्रों में ऐसे कई गिरोह बैठे हुए हैं। ये गिरोह पुरुषों को आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। वैसे भी उम्रदराज लोगों को लेकर हमारे समाज का नजरिया बहुत अलग रहता है।

हमारे समाज का नजरिया बहुत अलग रहता है। उम्रदराज लोगों की भी सेक्सुअल डिजायर रहती है, लेकिन दादा-नाना की उम्र में हमारा समाज ऐसी बातें स्वीकार नहीं करता है। समाज को लगता है कि यह उम्र नाती-पोते खिलाने की या फिर भजन भक्ति की होती है। यही वजह है कि उम्रदराज लोग अपनी सेक्सुल इच्छा को छुपाकर रखते हैं, लेकिन जब कभी उन्हें ऐसा मौका मिलता है तो वो खुद पर काबू नहीं रख पाते हैं। यही वजह है कि उम्रदराज लोग सेक्सटॉर्शन का आसानी से शिकार ज्यादा हो रहे हैं। गौरतलब है कि सेक्सटॉर्शन ठगी का नया तरीका है। इसमें ठगी गैंग बनाकर की जाती है। ठग पहले तो सोशल मीडिया पर वीडियो को अपलोड करने या फिर परिवार के सदस्यों को वीडियो भेजने की धमकी देते हैं। उसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य अलग-अलग कॉल करके ब्लैकमेलिंग करते हैं। राजस्थान के राजसमंद में सेक्सटॉर्शन के जरिए ठगी करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया तो करीब पांच करोड़ की ठगी का मामला सामने आया। आम आदमी से लेकर नेता, अभिनेता, बिजनेसमैन हर किसी को ये गिरोह अपने जाल में फंसा रहें हैं और इस जाल में फंसने वाले लोग अपने खून पसीने की कमाई बर्बाद कर रहे हैं। कई लोगों ने अपनी इज्जत-आबरू की खातिर मौत तक को गले लगा लिया है। साइबर क्राइम विशेषज्ञों की माने तो सेक्सटॉर्शन के मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आंकड़ों की मानें तो हर राज्य में रोजाना करीब 100-200 शिकायतें आ रही हैं। जबकि अधिकतर मामलों में तो रिपोर्ट दर्ज तक नहीं हो पाती हैं। ऐसे में ये समय है जागरुक होने की, न कि समाज से भय खाकर चुपचाप बैठने की। कोरोना से भी भयानक यह महामारी बन जाए और लोग इस ठगी के दलदल में उलझते चलें जाए। उससे लाख गुना जरूरी है इस जघन्य अपराध को रोकने के लिए खुलकर सामने आया जाए। जब ऐसे मामले पुलिस थानों में दर्ज होंगे और कड़ी कार्रवाई होगी तभी ऐसे मामले कम होंगे। इसलिए जरूरत है सजगता की और ऐसे कुकृत्य के खिलाफ आवाज बुलंद करने की।

सोशल फोरम

कुछ सवाल जो करने हैं

रांची जैसे शहर में 200 से ज्यादा धर्म स्थल हैं। इससे आप पूरे देश का अनुमान लगा सकते है। ये संख्या शायद लाखों में है। कुछ धर्म स्थल बहुत प्रतिष्ठित हैं, लेकिन जिस तरह जगह घेर-घेर कर नित नए छोटे-छोटे धर्म स्थल जबरन बनाए जा रहे हैं। क्या उससे ऊपर वाले की प्रतिष्ठा में जरा सा भी इजाफा होता है?

मेरी नजर में हर नया धर्म स्थल ऊपर वाले के प्रति मेरा भरोसा थोड़ा और डगमगा जाता है। अगर सच में कोई ऊपर वाला है तो उसका ये मौन मुझे खटकता है। मैं समझ नहीं पाता कि आखिर उसके सब्र का बांध कब टूटेगा। कब उसे लगेगा कि नहीं बहुत हो गया? अब मौन रहने से नहीं चलेगा। जिस गति से धर्म बढ़ रहा है। पूजा पाठ बढ़ रहा है। उससे दुगनी गति से पाप, अनाचार, झूठ, छल, कपट बढ़ रहा है। सवाल है कि धार्मिक होकर लोगों ने क्या सीखा? जब उनके व्यवहार से ही धर्म न झलके तो धार्मिक होने का क्या औचित्य। देखा जाए तो धर्म लोगों को एक बेहतर इंसान बनाने में नाकामयाब रहा। जब पत्ता भी उसकी मर्जी से खड़कता हो तो ये उसी की जिम्मेवारी बनती थी।

> मेरी नजर में हर नया धर्म स्थल ऊपर वाले के प्रति मेरा भरोसा थोड़ा और डगमगा जाता है। अगर सच में कोई ऊपर वाला है तो उसका ये मौन मुझे खटकता है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

अर्थशास्त्र का एक नियम है कि जैसे-जैसे हमारे पास किसी वस्तु की इकाइयां बढ़ने लगती है। वैसे -वैसे प्रत्येक वस्तु से मिलने वाली उपयोगिता भी घटने लगती है।

इसे आप अर्थशास्त्र के मांग और आपूर्ति के नियम से भी समझ सकते हैं। जब सप्लाई बढ़ जाए तो वस्तु का मूल्य गिर जाता है। अब इहलोक के प्राणियों ने ऊपर वाले की सप्लाई इतनी बढ़ा दी कि अब कोई उससे नहीं डरता। वैसे भी जब ऊपर वाले की प्राण प्रतिष्ठा एक इंसान करने लगे जिसमें छप्पन किस्म के दोष हों तो सवाल तो होगा ही। नीचे रहने वाले मनुष्यों से और ऊपर रहने वाले सर्व शक्तिमान से।

-फेसबुक वॉल से

बाल मन के अनुपम चितेरे: निरंकार देव सेवक

वर्ष 1997-98 की बात है। उत्तर प्रदेश में बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तक विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। बाल स्वभाव और मनोवृत्तियों के अनुरूप बाल साहित्य की तलाश में देश-विदेश के तमाम स्थापित रचनाकारों के साहित्य को जानने समझने का यह अनुकूल अवसर भी था। उन्हीं दिनों एक कार्यशाला में प्रसिद्ध शिक्षाविद और साहित्यकार प्रोफेसर कृष्ण कुमार से निरंकार देव सेवक जी के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। विशेषकर यह जानकारी कि वे बरेली निवासी थे और बाल साहित्य के अनुपम चितेरे। मुलाकात के दौरान कृष्ण कुमार जी द्वारा मुझे उनके और सेवक जी द्वारा संपादित बीसवीं सदी की श्रेष्ठ हिंदी बाल-कविताओं का संकलन 'महके सारी गली गली' भेंट किया गया और एक अपेक्षा भी कि बरेली वापस लौटकर सेवक जी के घर जरूर जाना।

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

मैं तब बरेली में नया था। पोस्टिंग को दो माह ही हुए थे अतः परिचय भी सीमित। कार्यशाला से वापस बरेली पहुंचा तो सेवक जी के घर का पता किया। उनकी पुत्र वधु श्रीमती पूनम सेवक जी से मुलाकात हुई। पूनम जी ने सेवक जी से जुड़े तमाम संस्मरण साझा किए और उनका बाल साहित्य भी उपलब्ध कराया। निस्संदेह अच्छे बाल साहित्य की जो खोज थी वह यहां आकर काफी हद तक पूरी हुई। हिंदी की पाठ्यपुस्तक में जब सेवक जी की कविता 'भारत है मेरा घर' प्रकाशित हुई तो पुस्तक समीक्षा में उसे बच्चों के द्वारा पुस्तक की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली कविता पाया गया। प्रश्न यह उठता है कि निरंकार देव सेवक प्रौढ़ साहित्य रचते-रचते अचानक बच्चों के बीच इतने मकबूल कैसे हो गए ? उत्तर पर जाने से पूर्व यह विचारना आवश्यक होगा कि बच्चों के बारे में हम बड़ों की मान्यताएं क्या हैं। बच्चे ये नहीं जानते, वो नहीं जानते, क्यों बच्चों जैसी बात कर रहे हो, कभी तो बड़े बन जाइए-जैसे तमाम आक्षेप-आरोप लगाने वाले हम क्या कभी बच्चों की सहजता, सरलता और निर्मलता से जुड़ पाए? बच्चों की बालसुलभ जिज्ञासाओं को बचकानी बात कहकर टाल देने वाले हम बड़ों ने क्या बच्चों की स्वाभाविक और निश्छल जिज्ञासाओं को व्यावहारिक व प्रामाणिक आधार देने की कोशिश की? बच्चों की अनंत जिज्ञासाओं के समाधान के बजाय उन्हें महंगे खिलौनों और गैजेट्स में उलझा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेने वाले हम तमाम बड़ों ने क्या कभी यह जानने की कोशिश की कि बच्चे के पिटारे में आज कितनी बातें हैं, जो वह हमसे करना चाहता है? कि उसने आज अपनी कल्पना से कौन सी नई इबारत उकेरी है, जो वह हमसे साझा करना चाहता है? उत्तर हो शायद नहीं। लगभग ऐसा ही कुछ तथाकथित बाल साहित्यकारों ने किया। जिन्होंने ऊल-जुलूल तुकबंदियां भिड़ाने, कोरी नैतिकता सिखाने अथवा फिजूल ज्ञान बघारने के चक्कर में, जो भी साहित्य रचा वह बच्चों के लिए कम उनके खुद के लिए ज्यादा जरूरी था।

वर्तमान समय में बाल साहित्य स्थापित स्थिति में है, लेकिन अगर बाल मनोविज्ञान, संप्रेषणीयता प्रभावोत्पादकता और बच्चों में स्वीकार्यता जैसे बाल साहित्य के मानकों के आधार पर आंकलन किया जाय तो कम ही बाल साहित्यकार उन मानकों और कसौटियों पर खरे उतरते हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण यही है कि अधिसंख्य बाल साहित्यकारों की रचनाओं में उनका प्रौढ़ नजरिया ही दृष्टिगत होता है। निरंकार देव सेवक जी बाल साहित्य सम्राट इसलिए कहे जाते हैं कि पर्याप्त मात्रा में प्रौढ़ साहित्य का सृजन करने के बाद जब उन्होंने बच्चों की दुनिया में प्रवेश किया तो बहुत सहजता, सरलता और सूक्ष्मता से बालमन के बारीक मनोभावों को पकड़ा और उनका चित्रण किया।

सेवक जी की रचनाएं इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि उन्होंने बाल अनुभूतियों और मनोविज्ञान पर विस्तृत अध्ययन, चिंतन और मनन किया। वे ऐसे सिद्धहस्त रचनाकर रहे जिन्होंने बच्चों की वय, अवस्था, प्रकृति, परिवेश, भाषा-भूषा, बोलियों, रुचियों-अभिरुचियों आदि की सूक्ष्म पड़ताल के बाद शिशु अवस्था, बाल्यावस्था और किशोरावस्था की आवश्यकताओं को जानकर सरलता, रोचकता, ज्ञान, समझ और कौशल का सम्यक संतुलन स्थापित किया। सेवक जी के बाल साहित्य की बड़ी खूबी यह भी रही कि उन्होंने बच्चों पर कोई धारणा थोपी या आरोपित नहीं की, बल्कि उनसे उनके ही लहजे में बात की। उनका जन्म दिवस यह संकल्प लेने का दिन है कि हम सब बच्चों को बालमन के अनुरूप ऐसा साहित्य उपलब्ध कराएं, जो उन्हें किसी भी प्रकार के पूर्वाग्रह से मुक्त कर उनमें तार्किकता, मानवीय मूल्यों और रचनात्मकता का समावेश करे। वह साहित्य जिसमें बच्चों को अपना अक्स दिखाई दे, जो उनका हमजोली हो जिसमें उनकी तमाम जिज्ञासाओं का समुचित समाधान हो और जो उन्हें 'एनिमल' नहीं 'अच्छा इंसान' बनाए।

चेष्टा चेतना की पहली अभिव्यक्ति

चेष्टा चेतना की पहली अभिव्यक्ति है। चेष्टा का अर्थ ही है अनेक संभव विकल्पों में से किसी एक को, उस विकल्प को जो सर्वाधिक इष्ट प्रतीत हो, चुनना। इसमें तीन तत्व हैं, एक तो विकल्प हों, दूसरा कि इष्ट या चाहत स्पष्ट हो और तीसरा कि सारे विकल्प समान रूप से इष्ट नहीं हों। अतः मौलिक रूप में चेष्टा के पहले चेतना को इष्ट का ज्ञान होना, विकल्पों का ज्ञान होना और उन विकल्पों का इष्ट प्रतिपादन क्षमता का ज्ञान होना आवश्यक है, किंतु केवल ज्ञान होने से चेतना की अभिव्यक्ति नहीं होती।

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अभिव्यक्ति चेष्टा में होती है। चेतना सभी जीवों में होती है, अतः चेष्टा भी सभी जीवों में होती है। पौधे अपने इष्ट के लिए प्रकाश की तरफ मुड़ जाते हैं और लताएं सहारों की तरफ रुख कर लेती हैं। अन्य जानवर और मनुष्य तो चेष्टा करते ही हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने मानव और प्रकृति के बीच एक द्वैधीभाव की भावना को बड़े प्यार से पाल रखा है। कुछ ऐसा लगता है कि मानव चेष्टाएं और उनसे बना संसार गैर-प्राकृतिक है। शायद इसका स्रोत वह कहानी है जिसमें भगवान ने सारी दुनिया को बनाया और फिर आदमी को अपने प्रतिरूप में बनाकर कहा कि जाओ यह सारी दुनिया तुम्हारे लिए है, लेकिन ध्यातव्य है कि मां-बाप अपने सारे बच्चों को ऐसा ही कुछ कहकर बहलाते हैं। भगवान ने शायद बाघ को भी यही कहा होगा और बकरियों को भी। मालूम नहीं, हम कब तक बच्चे रहेंगे।

चेतना भी प्रकृति की उपज है। प्रकृति स्व आयोजन प्रणाली है। जब चेतना के आगे प्रकृति विकल्पों को परोसती है तो खुद के आगे खुद को परोसती हैं। जब चेतना को इष्ट का ज्ञान होता है और चेतना चेष्टा करती है तो यह प्रकृति के अंदर ही है, बाहर नहीं। इसीलिए तथाकथित मानवकृत संसार भी प्राकृतिक है।

द्वैधीभाव भ्रम है, जो कुछ भी घटित होता है वह अप्राकृतिक नहीं होता। ऐसा कुछ भी नहीं हो सकता जिसकी प्रकृति अनुमति न दे। बया ने अपना घोंसला बनाया, मधुमक्खी ने अपना छत्ता और लता की जड़ों ने अपनी खाद तो यह नैचुरल है। जब आदमी ने घर बनाया, कपड़े बनाए और हथियार बनाए तो यह मैन-मेड (मतलब प्राकृतिक नहीं) है। कमाल है।

एक नजर

महीने में दो दिन आयोजित होगा तहसील दिवस

टनकपुर : जिले में अब माह के पहले व तीसरे मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय के निर्देश पर जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस तिथियों में राजकीय अवकाश होने पर तहसील दिवस उसके अगले कार्य दिवस को होगा। जारी रोस्टर के अनुसार लोहाघाट में 23 जनवरी को चतुर्थ मंगलवार, पाटी में 20 फरवरी तृतीय मंगलवार, चम्पावत में 5 मार्च को प्रथम मंगलवार, पूर्णागिरि (टनकपुर) 16 अप्रैल तृतीय मंगलवार, बाराकोट में 7 मई प्रथम मंगलवार, पुल्ला गुमदेश 4 जून प्रथम मंगलवार, मंच 17 जुलाई तृतीय बुधवार, लोहाघाट 6 अगस्त प्रथम मंगलवार, चम्पावत 3 सितंबर प्रथम मंगलवार, पाटी 15 अक्टूबर तृतीय मंगलवार, पूर्णागिरि (टनकपुर) 19 नवंबर तृतीय मंगलवार, बाराकोट 17 दिसंबर तृतीय मंगलवार को तहसील दिवस आयोजित किए जाएंगे।

सरकार ने तत्काल मांगा पूर्णागिरि क्षेत्र के विकास के लिए मास्टर प्लान

एसीएस के निर्देश- मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर इंटिग्रेटेड अप्रोच के साथ करें काम

संवाददाता, देहरादून/चम्पावत

अमृत विचार : अपर मुख्य सचिव (एसीएस) राधा रतूड़ी ने पूर्णागिरि क्षेत्र के विकास के लिए मास्टर प्लान तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शासन स्तर के अधिकारियों एवं डीएम चम्पावत को मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर इंटिग्रेटेड अप्रोच के साथ काम करते हुए जल्द से जल्द योजनाओं को पूरा करने की हिदायत दी है।

गुरुवार को सचिवालय में एसीएस ने चम्पावत विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने डीएम चम्पावत को जिले में विशेष रूप से दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बैठक में शहरी विकास विभाग ने बताया कि चम्पावत के गौरलचोड़ मैदान को स्टेडियम का स्वरूप देने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा 45 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति को प्रस्ताव सचिव आवास को भेज दिया गया है। बनबसा में मुक्तिधाम के निर्माण के कार्य को जल्द ही सिंचाई विभाग को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। नगर क्षेत्र चम्पावत में सीवर लाइन के सम्बन्ध में यूएसडीए द्वारा डीपीआर पर कार्य किया जा रहा है। चम्पावत में पंचमुखी गौशाला धाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा स्थल चयन समिति से आख्या मांगी गई है। टनकपुर में कम्युनिटी हॉल के निर्माण के सम्बन्ध में कार्यवाही गतिमान है।

बैठक करतीं एसीएस राधा रतूड़ी।

ईको टूरिज्म हब, एडवेंचर पार्क, हैरिटेज स्ट्रीट

बैठक में पर्यटन विभाग ने बताया कि चम्पावत में एडवेंचर पार्क और हैरिटेज स्ट्रीट के निर्माण के साथ ही पूर्णागिरि क्षेत्र को ईको टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने, गौरलचौड़ मैदान के समीप ओपन एयर थियेटर के निर्माण तथा गोल्ज्यू मंदिर के समीप पर्यटन अवस्थापनाओं के विकास के सम्बन्ध में कार्यवाही गतिमान है। पीडब्ल्यूडी ने तहसील चम्पावत के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण की जानकारी दी। बैठक में अपर सचिव नितिन भदौरिया, विनीत कुमार, पूजा गर्ब्याल तथा वर्चुअल माध्यम सें जिलाधिकारी चम्पावत नवनीत पांडेय सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

राम दरबार के साथ निकलेगी शोभायात्रा

रानीखेत, अमृत विचार: 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर रानीखेत में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने हेतु श्री पंचेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण रानीखेत में एक बैठक का आयोजन किया गया।

इसमें निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को केएमओयू स्टेशन से शिव मंदिर प्रांगण तक प्रातः 10:00 बजे श्री राम परिवार, झांकी संग एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी व श्री पंचेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड, भजन कीर्तन, हवन, प्रसाद वितरण के आयोजन में समस्त क्षेत्र वासियों के सहयोग के साथ ही, महिला मंडली व स्थानीय क्लबों को भी सम्मिलित किया जाएगा। बैठक में जगदीश अग्रवाल, पूरन नेगी, दिनेश अग्रवाल, निकेत जोशी, धर्मानंद जोशी, मनीष चौधरी, सुरेश सिंह फर्त्याल, दीप पांडे व रमेश अधिकारी मौजूद थे।

सार-संक्षेप

हुक्का क्लब में होगा रामलीला का मंचन

अल्मोड़ा : नगर के श्री लक्ष्मी भंडार हुक्का क्लब में अयोध्या में राममंदिर उद्घाटन के दिन होने वाले कार्यक्रमों कर तैयारियां तेज हो गई हैं। 22 जनवरी को जहां श्री लक्ष्मी भंडार हुक्का क्लब में रामलीला का मंचन किया जाएगा। वहीं दिन में भजन कीर्तन व आरती के कार्यक्रम होंगे। झांकी भंडारे के साथ ही रात में दीपोत्सव, आतिशबाजी, रामदरबार आरती के कार्यक्रम होंगे। संस्था के सचिव विनीत बिष्ट ने बताया कि इस दिन को भव्य व दिव्य बनाने के लिए संस्था के सभी सदस्य बढ़ चढ़कर भागीदारी कर रहे हैं। कहा है कि यह पावन दिन कई वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आया है। इसलिए संस्था भवन 501 दीयों से जगमगाया का निर्णय भी लिया गया है। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने कहा कि हिंदू समाज की वर्षों की इच्छा पूरी होने जा रही है। कई लोगों ने इसके लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। इसलिए लिए इस दिन का भव्य तरीके से उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। इधर, श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के दिन चौखुटिया गेवाड़ घाटी के रामगंगा नदी तट पर स्थित रामपादुका मंदिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

22 जनवरी को होगा अखंड रामायण पाठ

बनबसा : मां पूर्णागिरि सांस्कृतिक उत्थान समिति की बैठक में 22 जनवरी अयोध्या में भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा के दिन अखंड रामायण पाठ किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष सुरेश उप्रेती की अध्यक्षता में हुई बैठक में 21 और 22 जनवरी को अखंड रामायण पाठ करवाए जाने पर सहमति बनी है। समिति ने राम भक्तों से अखंड रामायण पाठ में भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। बैठक में दीपक रजवार, जगदीश कॉलोनी, चंचल गोवाडी, शेखर जोशी, ललित कॉलोनी, किशन, सागर भट्ट, केशर सिंह खोलिया आदि समिति के सदस्य मौजूद रहे।

शारदा घाट में आज होगी राम राग जुगलबंदी

टनकपुर : अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह तक प्रदेश भर में हो रहे आयोजनों के क्रम में टनकपुर शारदा घाट पर भव्य सांस्कृतिक उत्सव जारी है। शुक्रवार को आज राम राग की जबरदस्त जुगलबंदी होगी। घाट पर तैयारी के साथ सायंकालीन आरती हुई। साथ ही श्रद्धालु जनों ने सुंदर भजनों से समा बांधा। राग जुगलबंदी के लिए शारदा तट पर आज मंच निर्माण सहित अन्य तैयारी हो चुकी है। डीएम नवनीत पांडेय के निर्देश पर स्वच्छता सहित तैयारी की गई। आयोजन के लिए एसडीएम आकाश जोशी, जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़, ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी ने दिशा निर्देश दिए।

बुजुर्ग दंपति से मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

अल्मोड़ा : जिले की द्वाराहाट के पूजाखेत निवासी बुजुर्ग दंपती ने परिवार के ही चार सदस्यों पर मारपीट व जान से मारने की कोशिश का मुकदमा दर्ज कराया है। वादी जोधा सिंह का कहना है कि उनके बच्चे घर पर नहीं हैं व वह अपनी बुजुर्ग पत्नी के साथ अकेले रहते हैं। 13 जनवरी को एक स्कूल संचालक ने खेतों में ताड़बाड़ लगाई, इससे उनके खेतों का रास्ता बंद हो गया। विरोध करने पर आरोपी चंदन सिंह और बचे सिंह ने उन्हें लाठी-डंडों से पीट दिया। आरोपी ज्योति बिष्ट ने घर में घुसकर उनकी पत्नी का गला दबाया व उस पर हथौड़े से हमला किया। वहीं चौथे आरोपी राजेंद्र ने उन्हें कमरे में बंद कर जान से मारने की कोशिश की। मामला थाने पहुंचा तो आरोपियों ने माफीनामा लिखा। फिर से उन्हें आरोपियों की तरफ से लगातार धमकी मिलती रही। पीड़ित के सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आवश्यक धाराओं में केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

अल्मोड़ा : दन्या पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। चेकिंग अभियान के दौरान धौलादेवी ब्लॉक के पास ग्राम काफली निवासी पंकज सिंह गैड़ा पुत्र उम्मेद सिंह के पास से काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर दन्या थाने में उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

लोगों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। सरकार चिकित्सा विभाग में शीघ्र 11 हजार लोगों को विभिन्न पदों पर और नौकरी देने जा रही है। वर्तमान में नर्सिंग अधिकारियों के जिन पदों पर नियुक्ति की गई है। वह स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। यह सरकार की प्राथमिकता में शुमार है।

यह बात प्रदेश के चिकित्सा एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को अल्मोड़ा मेडिकल कालेज में अल्मोड़ा और बागेश्वर जिले के नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कही। चिकित्सा मंत्री ने अल्मोड़ा के 113 और बागेश्वर के 57 नव नियुक्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

प्रदेश सरकार ने अल्मोड़ा मेडिकल कालेज के लिए 379 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। मेडिकल कालेज के प्राचार्य को निर्देश देते हुए कहा कि सांसद, जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। कहा कि खत्याड़ी क्षेत्र के लोगों द्वारा मेडिकल कालेज के लिए जो भूमि दी है। उसकी रजिस्ट्री के लिए सरकार ने चार करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिए हैं। जबकि सोमेश्वर उपजिला चिकित्सालय के लिए भी तीस करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई है। कहा कि जिले के मानिला और लमगड़ा में भी अस्पताल के नए भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। सरकार अल्मोड़ा और बागेश्वर जिले में चिकित्सकों के सौ प्रतिशत पदों को भरने जा रही है। सरकार ने प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने का अभियान भी शुरू किया है। कहा कि प्रदेश में जो बांडधारी चिकित्सक गायब चल रहे हैं। सरकार उन्हें बर्खास्त करने की कार्रवाई कर रही है। सांसद अजय टम्टा ने भी नव नियुक्त कर्मचारियों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करने की बात कही। इस मौके पर प्राचार्य सीपी भैंसोड़ा, उपाध्यक्ष एनआएचएम सुरेश भट्ट, रमेश बहुगुणा, इद्र सिंह, कैलाश शर्मा, रघुनाथ चौहान, ललित लटवाल, गोविंद पिलख्वाल, कैलाश गुरुरानी, सीडीओ आकांक्षा कोंडे, एसएसपी देवेंद्र पींचा, सीएमओ डॉ. आरसी पंत, डीपी जोशी आदि मौजूद रहे।

नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत व अन्य।

ढाना मूलेश्वर सड़क की मांग को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के जोग्यूड़ा व सिमखल्या गांव के ग्रामीणों ने ढाना मूलेश्वर मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि वह लंबे समय से इस मोटर मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे हैं। लेकिन संबंधित विभाग उनकी मांग पर कोई गौर नहीं कर रहा है। गुरुवार को जिला मुखलय से करीब पच्चीस किमी दूर ढाना में जोग्यूड़ा व सिमखल्या गांव के ग्रामीण एकत्र हुए। ग्रामीणों ने यहां सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारेबाजी भी की। बाद में ग्रामीण धरने पर बैठ गए।

वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को सड़क की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डाना मूलेश्वर मोटर मार्ग को स्वीकृति प्रदान की गई। करीब सात आठ साल पूर्व सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया। लेकिन कार्यदायी संस्था केवल कटान का कार्य ही पूरा कर पाई है। लेकिन कई बार की शिकायतों के बाद भी सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर पंद्रह दिनों के अंदर मार्ग निर्माण का कार्य सुचारू नहीं किया गया तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। प्रदर्शन में बसंत बल्लभ जोशी, ब्रह्मानंद डालाकोटी, दौलत सिंह, पूरन सिंह सुप्याल, गोपाल सिंह, रमेश पाठक, सुंदर, जीवन, भगवान सिंह, पदमा दत्त आदि रहे।

जनविरोधी ताकतों को उखाड़ फेंकना जरूरी

स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद उपपा कार्यकर्ता।

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश में जनविरोधी ताकतें लगातार मजबूत हो रही हैं। इन ताकतों को उखाड़ फेंकना काफी जरूरी है। इसके लिए प्रदेश की सभी संघर्षशील ताकतों का एक होना जरूरी है। तभी राज्य की अवधारणा का जीवित रखाा जा सकेगा।

यह बात उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि उपपा ने अपनी स्थापना के इन पंद्रह वर्षों में अपनी वैचारिक प्रखरता, संघर्षशीलता, समाज के दबे कुचले, पीड़ित लोगों से एकजुटता कायम करते हुए जनविरोधी ताकतों से लोहा लिया है। उपपा अध्यक्ष ने कहा कि एक ऐसे दौर में जब देश की राजनीति को भ्रष्ट एवं आवारा पूंजी का गुलाम बनाया जा रहा है। राजनीति सेवा नहीं केवल धंधा बन गई है। दूषित चुनाव प्रणाली से निहित स्वार्थी लोग सत्ता में पहुंच कर अपने निजी सत्ता स्वार्थों के लिए समाज में वैमनस्य का बीज बो रहे हैं। उपपा इनका मुकाबला करते हुए जनता के पक्ष में सामाजिक, राजनीतिक, व्यवस्था परिवर्तन के साथ उत्तराखंडी अस्मिता की रक्षा के लिए आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में आनंदी वर्मा, नारायण राम, हीरा देवी, भगवती कोहली, भावना पांडे, भाष्कर तिवारी, सुमित, रंजना सिंह, जीवन चंद्र, भारती, सौरभ भट्ट समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ट्रैक्टर ने पूर्व प्रधान को कुचला, मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर के जाखन देवी में सीवर लाइन के कार्य में लगे एक ट्रैक्टर ने एक बाइक चालक को टक्कर मारकर कुचल दिया। स्थानीय लोगों ने बाइक चालक को तत्काल गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

गुरुवार को हवालबाग विकास खंड के बिमोला गांव निवासी पूर्व प्रधान हरीश सिंह बिष्ट (45) उर्फ शंकर अपनी बुलेट बाइक से अल्मोड़ा की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह जाखनदेवी के पास पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार सीवर लाइन के निर्माण में लगे एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गए। इसी बीच ट्रैक्टर उनके ऊपर चढ़ गया और उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। आनन फानन में आसपास के लोग उन्हें अस्पताल ले गए। लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक ने बताया कि घायल व्यक्ति के पेट और चेस्ट में गंभीर चोट थी। अस्पताल पहुंचने के कुछ मिनट बाद ही घायल ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतक अपनी पत्नी, दस वर्ष के एक बेटे और सात वर्ष की बेटी के साथ गांव में रहता था।

गुरुवार को वह किसी काम से अल्मोड़ा आ रहे थे कि यह हादसा हो गया। हादसे की खबर मिलने के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। इधर निजी कंपनी का ट्रैक्टर चला रहा चालक और ट्रैक्टर में सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए हैं। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

मृतक हरीश सिंह बिष्ट।

यातायात नियमों के पालन के लिए किया जागरूक

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिले भर में पुलिस का 34वां सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम जारी है। पुलिस जगह-जगह जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के पालन करने की जानकारी दे रही है। सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात निरीक्षक गणेश सिंह हरड़िया के नेतृत्व में पुलिस ने नगर के टैक्सी स्टैंड में जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस कार्मिकों ने इस दौरान दोपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी देकर उनका अनुपालन किए जाने, अनिवार्य रूप से हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने की बात कही।

भाजपा जिलाध्यक्ष को पितृ शोक

टनकपुर/बनबसा, अमृत विचार : भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल मेहरा के पिता भाजपा के संस्थापक सदस्य पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हयात सिंह मेहरा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। स्व. माहरा का अंतिम संस्कार गुरुवार को रामेश्वर घाट में किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र निर्मल सिंह माहरा व अनुज कुंदन सिंह माहरा ने दी। उनके निधन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त कर आगामी तीन दिनों तक होने वाले अपने सभी कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया है। शौक व्यक्त करने वालो में सीएम धामी, भगत सिंह कोश्यारी, डा. धन सिंह रावत, ज्योति राय, कैलाश गहतोड़ी, खुशाल सिंह अधिकारी, हेमेश खर्कवाल, गणेश भंडारी, पूरन सिंह फर्त्याल, मोहित पाठक, विनीता फर्त्याल, कमलेश भट्ट, हेमा जोशी, हरीश पांडेय, संजय जोशी, रुचि धस्माना, शंकर लाल वर्मा, जतिन देऊपा, बलवीर सिंह आदि शामिल रहे।

वर्ग पहेली-317

बाएं से दाएं

1.1. पुट्ठा 2. ढोल पर मढ़ा जाने वाला चमड़ा।

3.1. चित्तवृत्तियों का निरोध और इन्हें सांसारिकता से विमुख कर अंतर्मुखी करने की एक जटिल भारतीय साधना पद्धति 2. नाथ पंथियों में योग का एक प्रकार जिसमें कुंडलिनी जागरण कराकर 'सहस्रारचक्र' तक ले जाया जाता है। उक्त योग में कठिन आसन मुद्राओं का विधान है।

5. मृतक संबंधी एक कृत्य जो किसी की मृत्यु के छह महीने बाद किया जाता है, छमासी।

8.1. बहुत दूर या समुद्र पार का देश, पराया देश, विदेश 2. पिछली सदी में भारतीय जन सामान्य द्वारा इंग्लैंड के लिए प्रयुक्त नाम।

ऊपर से नीचे

2. अलग करने वाला, पृथक करने वाला।

4. सूर्यकांत मणि।

6. ऊंचे पहाड़ों की एक लता, निसोथ।

7.1. रेती (औज़ार) से रगड़कर काटना 2. चिकना करना 3. रेतने वाले औज़ार की धार से रगड़ना।



वर्ग पहेली - 316 का हल

		1 नि	2 गो	ड़ी		
	3 द		पी		4 ति	
	नु		चं		र	
	5 ज	6 ल	द		मि	
7 चु		8 प	न	9 भ	रा	
10 क	रें	सी		र		
ना			11 चौ	त	नी	

सुडोकू-34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5		3		9			6	
	7		8				5	1
4			6			3		
	3			1			4	
1		4			2		3	
			3			1		6
3				5			1	
8			4				7	3
		5			8	6		

सुडोकू - 33 का हल

8	1	2	6	7	5	3	9	4
3	6	5	1	4	9	8	2	7
9	7	4	3	8	2	5	1	6
1	9	6	5	2	7	4	3	8
2	4	3	8	6	1	9	7	5
7	5	8	4	9	3	1	6	2
6	3	1	2	5	8	7	4	9
5	2	7	9	1	4	6	8	3
4	8	9	7	3	6	2	5	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जनवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 19.51 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.56-12.38 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.05-09.47, 12.38-13.21 तक।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 20 जनवरी 02.50 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज कला और संगीत में आप काफी रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए अनुभव मिलेंगे। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयत्न करेंगे। व्यवसाय में आपको अच्छा धन लाभ हो सकता है। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे।

वृष — आज अति आत्मविश्वास के कारण आपको परेशानी झेलनी पड़ेगी। बेवजह के मामलों में उलझ सकते हैं। बुरी संगत वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

मिथुन — आज सामाजिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे। आलस्य की वजह से काम में रुकावटें आ सकती हैं।

कर्क — आज चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। नई जॉब के लिए आवेदन कर रहे हैं तो दिन शुभ है। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनंद लेंगे। घर में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

सिंह — आज मनोरंजन संबंधित कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। रुके हुए सरकारी कार्य पूरे हो जाएंगे। बड़े अधिकारी आपसे बहुत प्रसन्न रहने वाले हैं। आपकी जीवनशैली में सुधार आएगा। कार्यक्षेत्र में आपकी बातों को विशेष महत्व मिलेगा।

कन्या — आज सुख-सुविधाओं में कमी आएगी। कही-सुनी बातों पर सहसा विश्वास न करें। संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर सावधानी रखें। काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं, इसीलिए नये काम की शुरुआत न करें। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव बढ़ेगा।

तुला — आज कारोबारी अनुबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। बच्चों की उपलब्धि से हर्षित रहेंगे। निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

वृश्चिक — आज सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें। सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। यदि आप किसी काम को टालते हैं, तो भविष्य में भी उसके टलने की संभावना बढ़ जाएगी।

धनु — आज अधूरे कार्यों को समय पर निपटा लें। बच्चों को अनुशासन की शिक्षा अवश्य दें। नए प्रेम संबंधों में परेशानी आने की आशंका है। आप वही काम करना पसंद करेंगे, जो आपका शौक बन गया हो। पुरानी गलतियों के कारण आपको समस्या हो सकती है।

मकर — आज लेन-देन में की गई जल्दबाजी आपको आर्थिक हानि पहुंचा सकती है। वाणी में हल्के शब्दों का प्रयोग करना उचित नहीं है। वाहन का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आपको व्यर्थ दौड़-धूप करनी पड़ेगी, लेकिन उसका परिणाम कुछ खास नहीं मिलेगा।

कुंभ — आज नई तकनीक की जानकारी को लेकर आप काफी सजग रहेंगे। मांगलिक उत्सवों में भाग लेंगे। नौकरीपेशा लोगों का ट्रांसफर हो सकता है। व्यापार में बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। रूपरेखा बनाकर काम करना लाभकारी सिद्ध होगा।

मीन — आज आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। लोग आपके सही काम का भी विरोध करेंगे। अपनी खानपान की आदतों पर ध्यान दें। जोखिम भरे निवेश करने से आपको बचना चाहिए। बच्चों को लेकर कुछ परेशान हो सकते है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया — दोपहर : 12.00
शान — रात : 07.00

SONY MAX
मेरी प्यारी बिंदु — सुबह : 10.34
पीके — रात : 07.00

SONY PIX
हेलबॉय — सुबह : 10.28
एक्वामैन — रात : 08.45

ZEE CINEMA
वेलकम बैक — सुबह : 10.30
द लास्ट कलर — रात : 07.30

colors CINEPLEX
हम दिल दे चुके सनम — सुबह : 08.33
भेड़िया — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

देवभूमि से पीएम मोदी की हर अपील का देश-विदेश में बड़ा असर

सीएम धामी ने प्रधानमंत्री को राज्य में चल रहीं अहम योजनाओं की प्रगति बतायी, विभिन्न योजनाओं की स्वीकृतियों के लिए रखा ठोस आधार

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड राज्य के प्रति विशेष लगाव रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवभूमि उत्तराखंड से जो भी अपील की, उसका देश-विदेश में बड़ा असर हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से शिष्टाचार भेंट के दौरान इसके लिए उनका आभार व्यक्त करने के साथ ही राज्य में चल रहीं अहम योजनाओं की प्रगति के बारे में अवगत कराया। विभिन्न योजनाओं की स्वीकृतियों के लिए ठोस आधार रखते हुए अनुरोध भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग के लिए अम्ब्रेला ब्रान्ड के रूप में हाउस ऑफ हिमालयाज का प्रधानमंत्री ने लोकार्पण किया था, जिसके बाद राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों ने हाउस ऑफ हिमालयाज से जुडने के लिए उत्साह दिखाया है। प्रथम चरण में मिलेट्स, राजमा, पर्वतीय दालें, लाल चावल, हल्द्वी, पहाड़ी नमक, शहद, एरोमेटिक एंड हर्बल टी, नैनीताल मोमबत्ती, ऐपण, पिछौड़ा को शार्टलिस्ट किया गया है। राज्य के सभी जीआई उत्पादों को हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रान्ड में विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकास योजनाओं की जानकारी देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

भारत सरकार वहन करे पूरा भार

सीएम ने पीलीभीत-खटीमा राजमार्ग के 4 लेन के चौड़ीकरण हेतु परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण के लिए कार्यदायी संस्था नामित करते हुए कार्य प्रारम्भ कराने, मसूरी में 2 लेन टनल परियोजना के कार्य हेतु पीडब्ल्यूडी को कार्यदायी संस्था बनाने और टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करते हुए व्यय का पूर्ण भार भारत सरकार द्वारा वहन करने का भी अनुरोध किया।

सीएम ने कहा कि राज्य के त्वरित विकास के रोडमैप में आगामी 5 साल में राज्य की जीएसडीपी दोगुनी करने का लक्ष्य पाने के लिए राज्य के आधारभूत ढांचे में व्यापक वृद्धि प्रस्तावित है, जिससे राज्य में औद्योगिकीकरण, सेवा क्षेत्र जिसमें पर्यटन से जुड़ा आधारभूत ढांचा मुख्य है। कृषि एवं वानिकी तथा शिक्षा आदि क्षेत्रों में मुख्य रूप से निवेश आकर्षित करना प्रस्तावित है, जिस कारण निकट भविष्य में विद्युत की मांग में तेज वृद्धि आशान्वित है। राज्य में निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में पर्यावरणीय कारणों से हो रहे विलम्ब के फलस्वरूप, राज्य में विद्युत की मांग के सापेक्ष विद्युत उपलब्धता में अन्तर लगातार बढ़ता जा रहा है जिसका अन्तर उपरोक्त कारणों से भविष्य में और अधिक हो जाएगा। कहा कि पिथौरागढ़ क्षेत्र की धौलीगंगा तथा गौरी गंगा क्षेत्र में बहने वाली नदियां राज्य के अन्तर्गत बहने वाली गंगा एवं उसकी सहायक नदियों से इतर हैं। उक्त क्षेत्र की जल विद्युत परियोजनाओं बौकांग बेलिंग (330 मेगावाट) एवं सेलाउथिंग (202 मेगावाट) की स्वीकृतियां प्रदान करने का भी मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया। कहा कि, राज्य की विद्युत ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति को उत्तराखंड को खुले बाजार से प्रतिवर्ष 1000 करोड़ की ऊर्जा क्रय करनी पड़ती है, जो कि पर्वतीय राज्य के वित्तीय संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ डालता है। अतः राज्य की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए तत्काल चरणबद्ध रूप से अन्य नदी घाटियों में प्रस्तावित परियोजनाओं के निर्माण हेतु सकारात्मक कार्यवाही करना आवश्यक है।

इन विषयों पर भी चर्चा, अनुरोध

- काशी-विश्वनाथ की तर्ज पर हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर विकसित करने का कार्य यूआईआईडीबी द्वारा किया जाएगा। प्रारम्भिक चरण में हरिद्वार एवं देहरादून में हेलीपोर्ट तैयार करने प्रस्तावित हैं।
- गंगा व सहायक नदियों के अतिरिक्त अन्य नदी घाटी परियोजनाओं के त्वरित विकास एवं निर्माण की अनुमति का अनुरोध
- देहरादून में छरबा एजुकेशन सिटी, ऊधमसिंह नगर में विकसित हो रहा नॉलेज पार्क
- पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों में 2-2 नई टाउनशिप बनाने की योजना
- राज्य में स्थापित किए जा रहे आईएमसी खुरपिया जिला ऊधमसिंह नगर की परियोजना का अनुमोदन देने का अनुरोध।
- इन्वेस्टर समिट में हुए करारों की ग्राउंडिंग के लिए हो रहे विशेष प्रयास
- एयरपोर्ट के पास आई.टी. टावर का निर्माण प्रस्तावित
- काशीपुर, सितारगंज, रुद्रपुर, हरिद्वार, देहरादून में विकसित हो रहे नए औद्योगिक आस्थान

सहकारिता में 'नमो सहकारी कवच कार्ड'

सीएम ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि सहकारिता से जुड़े सदस्यों की आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में परिजनों को सामाजिक सुरक्षा जैसी सेवाओं का लाभ पहुंचाने के दृष्टिगत् 'सहकारी किसान समृद्धि कार्ड योजना' शुरू होगा, जिसके अन्तर्गत वितरित होने वाले कार्ड का नाम 'नमो सहकारी कवच कार्ड' किया जाना प्रस्तावित है।

शिव नगरी की थीम पर गुंजी का विकास

मुख्यमंत्री ने बताया कि मानसखंड मन्दिर माला मिशन के तहत चिन्हित 48 पौराणिक मन्दिरों में से 16 में अवस्थापना विकास के कार्य शुरू हो चुके हैं। जागेश्वर धाम को 150 करोड़ रुपये का मास्टर प्लान बनाया गया है। पूर्णागिरि धाम विकसित करने को शारदा कॉरिडोर के विकास की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। कैंची धाम के विकास को मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। पिथौरागढ़ स्थित सीमान्त गांव गुंजी (आदि कैलाश क्षेत्र) को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। गुंजी को 'शिव नगरी' थीम के आधार पर विकसित करने के लिए छह घटक-कला, संस्कृति, कौशल, ज्ञान, ध्यान, विज्ञान तथा विश्राम में बांटा गया है। प्रथम चरण में स्वदेश दर्शन योजना-2.0 के अन्तर्गत गुंजी में साधना केन्द्र, ईको ट्रेल, संसाधन केन्द्र, हेरिटेज ग्राम विकसित करना और साहसिक गतिविधियां प्रस्तावित हैं। सरकार ने गुंजी, आदि कैलाश व ओम पर्वत के लिए हेली सेवा उपलब्ध कराने को सर्वे कर लिया है।

मोदी-योगी के नाम पर साइबर ठगी का मैसेज

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : राम मंदिर, भाजपा और मोदी-योगी का नाम लेकर साइबर अपराधी आम जनता को ठगने की कोशिशों में लगे हैं। साइबर ठग सोशल मीडिया पर मैसेज भेजकर जनमानस को फ्री मोबाइल रिचार्ज कराने का झांसा दे रहे हैं। उत्तराखंड पुलिस ने फेक मैसेज अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि फ्री रिचार्ज संबंधी ये मैसेज फर्जी हैं और लोग झांसे में न आएं।

इनमें प्रधानमंत्री मोदी का फोटो लगे एक मैसेज में 'बीजेपी फ्री रिचार्ज योजना' में क्लेम बीजेपी ऑफर नाऊ के तहत नए साल के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री की तरफ से 3 महीने का फ्री रिचार्ज देने का झांसा दिया जा रहा है। दूसरे मैसेज में लिखा गया है कि, 22 जनवरी को अयोध्या में राम मन्दिर स्थापित होने की खुशी में मोदी और योगी दे रहे हैं पूरे भारत को फ्री के 749 रुपये वाला 3 महीने का रिचार्ज। तो अभी नीचे नीले रंग के लिंक पर क्लिक करके अपने नंबर पर रिचार्ज करें।

इस संबंध में उत्तराखंड पुलिस ने गुरुवार को अपने फेसबुक पेज पर दोनों फोटो शेयर करते हुए लिखा है कि व्हाट्सएप पर चल रहे फ्री रिचार्ज सम्बन्धी यह मैसेज पूरी तरह से फर्जी हैं। इस पर दिए गए लिंक को क्लिक न करें। इस लिंक पर क्लिक करने से कोई भी रिचार्ज नहीं मिलने वाला है, बल्कि इस लिंक को खोलने पर आपके ब्राउजर का एक्सेस लेकर आपकी निजी जानकारी, मोबाइल नम्बर इत्यादि लेकर आपके साथ साइबर ठगी हो सकती है। ऐसे भ्रामक सन्देशों को शेयर व फॉरवर्ड करने से बचें। स्वयं भी जागरुक रहकर होने वाले सम्भावित नुकसान से औरों को भी बचाएं।

सावधान

- राम मंदिर के नाम पर दे रहे फ्री रिचार्ज का झांसा
- लिंक पर न करें क्लिक, निजी जानकारी हो जाएगी सार्वजनिक

गहतोड़ी के स्वास्थ्य लाभ के लिए किया सुंदरकांड

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर रोडवेज के कर्मचारियों ने रोडवेज कार्यशाला गेट के पास हनुमान मंदिर परिसर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। जिसमें रोडवेज कर्मचारियों के अलावा क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुंदरकांड के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। इस मौके पर प्रदेश के संविदा, विशेष श्रेणी चालक परिचालक व तकनीकी अस्थाई कर्मियों को रोडवेज में नियमित किए जाने की मुख्यमंत्री से मांग की गई।

इस मौके पर नेपाल से आए पंडित श्रीकांत भट्ट शास्त्री द्वारा पूजा अर्चना कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में कैलाश चंद्र भट्ट, हरीश जोशी, वीरेंद्र पुरी, गौरव गुप्ता, रमेश कुमार डीशू, चंद्र बल्लभ पांडे, हिम्मत सिंह, विक्रम सिंह, दीप चंद्र पाठक, भारत पाठक आदि कर्मचारी व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

टनकपुर रोडवेज वर्कशॉप में सुंदरकांड का किया गया आयोजन। ● अमृत विचार

राजकुमार फुटेला बने पत्रकार यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष

देहरादून, अमृत विचार : उत्तराखंड पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह कंडारी ने रुद्रपुर के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार फुटेला को प्रदेश उपाध्यक्ष व भास्कर पोखरियाल को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया है।

कंचन वर्मा को ऊधम सिंह नगर का जिलाध्यक्ष, फणींद्र नाथ गुप्ता को जिला संरक्षक, सुरेश शर्मा को काशीपुर का महानगर अध्यक्ष, विपिन चौहान को जिला उपाध्यक्ष, विनोद सिंह को जिला महामंत्री व सौरभ अग्रवाल को पूर्व में ही जिला सचिव नामित किया है। नव मनोनित पदाधिकारियों को सांसद अजय भट्ट, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, जसपुर विधायक आदेश चौहान, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, राजेश शुक्ला, मीना शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विकास शर्मा, भारत भूषण चुघ, संजय ठुकराल ने शुभकामनाएं दी हैं।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता आस्था ने जीता रजत

ताइक्वांडो रजत पदक विजेता आस्था।

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: राजकीय जूनियर हाईस्कूल पान, बैरती में सेवारत सहायक अध्यापिका लीला संगेला जोशी की सुपुत्री आस्था के राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने पर क्षेत्र के तमाम खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उसे बधाई दी।

बैतूल, मध्य प्रदेश में संपन्न 67वीं राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के 14 से 19 वर्ग में चौखुटिया की होनहार छात्रा आस्था पुत्री दिनेश चन्द्र व लीला जोशी ने रजत पदक प्राप्त कर क्षेत्र को पुनः गौरवान्वित किया। बता दें कि मात्र साढ़े पांच वर्ष की उम्र में 2016 में चेन्नई में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आस्था ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर जिला व राज्य का भी नाम रोशन किया। इसके अलावा 2022 में देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में तथा गत वर्ष तेलंगाना, हैदराबाद में भी नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आस्था स्वर्ण पदक विजेता रही है।

उसकी उपलब्धियों पर खुशी जताते हुए खंड शिक्षा अधिकारी चौखुटिया चंदन सिंह बिष्ट, गजेंद्र सिंह नेगी, दिनेश जोशी, प्रदीप कैड़ा, राजेश जोशी, दीपक जोशी, मीना नेगी, मुन्नी मठपाल, हरीश चन्द्र पांडेय एवं ललित प्रसाद पांडेय आदि ने उसे बधाई दी।

भाषण प्रतियोगिता में शिवांगी जीतीं

टनकपुर राजकीय महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता टनकपुर

अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग परिषद का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष दीक्षा कापड़ी, उपाध्यक्ष निकिता जोशी, महासचिव शिवांगी, सचिव उमंग जोशी, कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह भंडारी निर्विरोध चुने गए। विभागीय परिषद गठन के बाद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

असाइनमेंट प्रतियोगिता, जिसमें प्रथम दीक्षा कापड़ी, द्वितीय निकिता जोशी व तृतीय मुस्कान कोहली रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम शिवांगी, द्वितीय विक्रम सिंह भंडारी व तृतीय मेघा पंत रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम मेघा पंत व तृतीय निकिता जोशी रहे। कार्यक्रम में डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. पंकज उप्रेती, विभागध्यक्ष डॉ. डीवी सिंह मौजूद रहे।

हिंदी विभाग परिषद का गठन, उज्मा बनीं अध्यक्ष

टनकपुर, अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय में हिन्दी विभाग परिषद का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष उज्मा, कक्षा प्रतिनिधि माधवी, उपाध्यक्ष भास्कर जोशी, कक्षा प्रतिनिधि राजेंद्र कोहली, सचिव खुशी चौहान, कक्षा प्रतिनिधि सुमन चौड़ाकोटी, कोषाध्यक्ष विशाल सिंह, कक्षा प्रतिनिधि हिमानी जोशी व खीम सिंह रावत सर्वसम्मति से चुने गए। इस मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन कुमारी द्वारा सभी पदाधिकारियो को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में जो भी कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं होंगी उसमें सभी सहयोग और निष्ठा पूर्वक अपने-अपने कार्य का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. पंकज उप्रेती, डॉ किरन दानू आदि रहे।

उत्तर प्रदेश

विधानसभा में पेश होगी अतीक और अशरफ की जांच रिपोर्ट

लखनऊ, अमृत विचार: प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी चार शूटरों के एनकाउंटर और अस्पताल में माफिया अतीक व उसके भाई अशरफ की हत्या की न्यायिक जांच रिपोर्ट कैबिनेट में प्रस्तुत की गई। कैबिनेट ने दोनों न्यायिक आयोग की जांच रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने की मंजूरी प्रदान कर दी है। अभी दोनों रिपोर्ट में दिए तथ्यों को सार्वजनिक नहीं किया गया है। उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी शूटर अरबाज को 27 फरवरी और विजय चौधरी को प्रयागराज पुलिस ने 6 मार्च 2023 को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। उसके बाद एसटीएफ ने झांसी के बड़ागांव क्षेत्र में अतीक के बेटे असद और शूटर मोहम्मद गुलाम को भी मुठभेड़ में मार गिराया था।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर राजनीति का लगा ठप्पा

संवाददाता, जसवंतनगर-इटावा

अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय महासचिव और क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भाजपा पर फिर हमलावर हुए। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम बताया। वहीं रामलला के प्रति आस्था भी जताई। कहा कि 22 जनवरी को भाजपा के कार्यक्रम में नहीं, लेकिन इसके बाद वह सपरिवार अयोध्या रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

पूर्व मंत्री शिवपाल जसवंतनगर में नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम लोगों की लड़ाई दोगली बात करने वाली भ्रष्ट और धोखेबाज पार्टी से है। झूठे सपने दिखाकर जनता को बरगलाने में वह नंबर वन है। इन्होंने भगवान राम को भी नहीं छोड़ा। अयोध्या में धर्म के नाम पर राजनीतिक कार्यक्रम हो रहा है। भगवान राम सबके हैं। 22 जनवरी को नहीं लेकिन इसके बाद हम सब दर्शन करने जाएंगे। कहा कि भाजपा सरकार संविधान के विपरीत काम कर रही है। विपक्षी अगर आवाज उठाते हैं तो उनके पीछे ईडी, सीबीआई लगाकर डराया जाता है। सपा सरकार में हमेशा विपक्ष को तवज्जो दी जाती रही। उनकी बात सुनी जाती थी। भाजपा सरकार में मुनाफे की सारी संपत्तियां पूंजीपतियों के हवाले कर दी गई।

प्रदेश में सबसे ठंडा रहा बरेली

बरेली, अमृत विचार : दो दिन से धूप नहीं खिलने की वजह से ठंड से लोग कांप रहे हैं। कोहरे और पाले से मुसीबत और बढ़ गई है। प्रदेश में गुरुवार को बरेली में दिन सबसे ठंडा रहा। मौसम विभाग ने अभी 20 जनवरी तक घने कोहरे और ठंड का पूर्वानुमान जताया है। इसके अलावा न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। जिले में गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री कम 10.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में करीब दो डिग्री का अंतर रहा।

मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह के अनुसार ऊपरी क्षोभ मंडल में 250-290 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही जेट स्ट्रीम के कारण उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों से ठंडी पछुआ हवाएं आ रही हैं।

मानहानि मामले में राहुल के वकील ने मांगा समय

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ल ने एमपी-एमएलए की कोर्ट में हाजिर होकर कार्रवाई के लिए समय मांगा और साथ ही उन्होंने परिवाद पत्र की प्रति की भी मांग की है।

उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि राहुल गांधी को समन अभी हाल ही में मिला है, परंतु भारत जोड़ो न्याय यात्रा के परिपेक्ष्य में वर्तमान समय में नागालैंड से आसाम में जनसंपर्क कार्यक्रम में व्यस्त हैं। जिस कारण अदालत में हाजिर होने में असमर्थ हैं। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 20 फरवरी की तारीख नियत की है।

परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। जिसमें गुरुवार को राहुल गांधी को अदालत में हाजिर होना था। राहुल गांधी के वकील की तरफ से मौके व परिवाद प्रति की मांग की गई है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 20 फरवरी की तारीख नियत की है।

सार-संक्षेप

19 लाख रुपये के डोडा समेत पांच तस्कर गिरफ्तार

हल्दौर, बिजनौर) : पुलिस ने 240 किलोग्राम डोडा पोस्त के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह डोडा 19 बोरों में भरकर झारखंड से ट्रक में भरकर हरिद्वार ले जाया जा रहा था। पकड़े गए डोडा पोस्त की कीमत 19 लाख रुपये बताई जा रही है। गुरुवार को थाना पुलिस और स्वाट टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि डोडा पोस्ट की अवैध खेप क्षेत्र से गुजरने वाली है। इस पर पुलिस ने वाहनों की चेकिंग करनी शुरू कर दी। मुखबिर द्वारा बताए गए ट्रक को रोक कर तलाशी ली। उसमें 19 बोरों में डोडा पोस्त लदा था। ट्रक में पांच लोग सवार थे। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर पांचों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि यह डोडा झारखंड के रांची के डाल्टनगंज से ट्रक में भरकर हरिद्वार ले जाया जा रहा था। हरिद्वार में इसे मोटे मुनाफे में बेचा जाना था। पकड़े गए 240 किलोग्राम डोडा पोस्त की कीमत 19 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़े गए तस्करों ने अपने नाम हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव बाजिदपुर निवासी सुबोध व नवादा तुल्ला निवासी बिकुल, हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव सबलपुर रेहरा निवासी कुलजीत व मनौटा निवासी त्रिमल और कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव सडियापुर निवासी खिलेंद्र बताए हैं।

निर्माण की धीमी प्रगति पर प्रमुख सचिव नाराज

मुरादाबाद : प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग अनिल कुमार ने गुरुवार को अटल आवासीय विद्यालय ग्राम पिपली तहसील बिलारी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति होने पर नाराजगी जताई। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह आदि के साथ प्रमुख सचिव अनिल कुमार पिपली पहुंचे। उन्होंने यहां बन रहे अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को अप्रैल तक हर हाल में निर्माण कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। जिससे बच्चों की सत्र 2024-25 में ही विद्यालय में पढ़ाई कराई जा सके। प्रमुख सचिव ने मंडलायुक्त व जिलाधिकारी से यहां पर साप्ताहिक निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, उपायुक्त श्रम एवं सेवायोजन विभाग, सीके कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रदेश के पहले वीडियो रिकॉर्डिंग रूम का आरंभ

रामपुर : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गुरुवार को प्रदेश के पहले रिकार्डिंग रूम का विधायक आकाश सक्सेना ने फीता काटकर आगाज किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि जनपद के वह विद्यालय जहां स्मार्ट क्लासेस हैं, सीधा प्रसारण किया जाएगा। इससे जिले के अलग-अलग विषयों के पारंगत शिक्षक शैक्षणिक कार्य कर छात्रों को लाभान्वित करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विधायक आकाश सक्सेना, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने प्रदेश के पहले वीडियो रिकॉर्डिंग रूम का आरंभ किया। नगर विधायक ने कहा कि वीडियो रिकॉर्डिंग रूम के माध्यम से यू ट्यूब चैनल द्वारा परिषदीय विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लासेस में स्कूलों के टाइम टेबल के अनुसार, शैक्षिक कार्य का प्रसारण लाइव किया जाएगा। जिले के 1596 परिषदीय और 133 माध्यमिक विद्यालयों के बच्चे लाभान्वित होंगे। इससे विद्यालय में छात्र-छात्राओं के ठहराव, नामांकन में वृद्धि होगी।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय में वर्किंग वूमेन हॉस्टल बनेगा

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) ने सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को वर्किंग वूमेन हॉस्टल बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अनुदान भी दिया जाएगा। यूजीसी ने दस दिन में जमीन आदि संबंधी जानकारी भी मांगी है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है।

यूजीसी ने निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियां बेहतर शिक्षा और रोजगार के लिए मेट्रो सिटी और टायर वन शहरों में पढ़ाई के लिए जाती हैं। उन्हें सुविधाजनक और सुरक्षित स्थान के लिए वर्किंग वूमेन हॉस्टल (शक्ति निवास/डब्ल्यूडब्ल्यूएच) की आवश्यकता होती है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने विश्वविद्यालयों में वर्किंग वूमेन हॉस्टल बनाने के निर्देश दिए हैं। यदि विश्वविद्यालय इसके लिए स्थान का चयन करेगा तो निर्माण और प्रबंधन का खर्चा मंत्रालय उठाएगा।

पासपोर्ट कार्यालय 22 को रहेंगे बंद

बरेली, अमृत विचार : राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वजह से 22 जनवरी को सरकार ने सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। विदेश मंत्रालय के निर्देशानुसार क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय-बरेली, पासपोर्ट सेवा केंद्र-बरेली ,पासपोर्ट कार्यालय बरेली के अंतर्गत संचालित सभी पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र 22 जनवरी को बंद रहेंगे। पासपोर्ट अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि जिन आवेदकों के अपॉइन्टमेंट हैं, उन्हें उनके रजिस्टर्ड नंबर पर मेसेज भेजकर सूचित किया जाएगा।

भाजपाई हो चुकी हैं निदा... कुबूल करना थोड़ा और मुश्किल पड़ेगा

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : निदा खान और उनके पति शीरान रजा के बीच करीब आठ साल पहले शुरू हुई कानूनी लड़ाई पेचीदगी और उतार-चढ़ाव के कई दौर से गुजर चुकी है। दरगाह आला हजरत जैसे बेहद सशक्त खानदान के सदस्य शीरान के आगे निदा की शुरू में कोई हैसियत नहीं थी, लेकिन यह लड़ाई जैसे-जैसे आगे बढ़ी, शीरान के लिए एक के बाद एक नई मुश्किलें खड़ी होती रहीं। अब अदालत के निदा को घर में रखने के फैसले को शीरान के लिए सबसे बड़ी मुश्किल माना जा रहा है।

निदा खान।

दो साल पहले निदा भाजपा से जुड़ चुकी हैं। लिहाजा ससुराल पहुंचने के बाद आला हजरत खानदान में वह पहली भाजपा समर्थक बहू होंगी। निदा ने 2016 में पति शीरान रजा खां के साथ सास-ससुर और देवर के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराया था। ससुराल वालों पर दहेज मांगने के भी आरोप लगाए। शीरान ने उन्हें तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। शीरान और उनके परिवार वालों के साथ कानूनी लड़ाई के लिए अदालत पहुंचने के बाद एक के बाद एक उनके साथ कई घटनाएं हुईं।

सड़कों पर रेला, हाथों में श्रीराम ध्वज, जुबां पर सीताराम

उदया से लता चौक तक लाइव रिपोर्ट

पांच किमी में 16 जगह भंडारे, 29 स्थानों पर दिखी पिकेट्स

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

अमृत विचार : श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। सरयू की कल-कल के बीच सीताराम-सीताराम की ध्वनि पूरे वातावरण को राममय बना रही है। सड़कों पर श्रद्धालुओं का ऐसा रेला ऐसे उमड़ पड़ा है कि मानो सारे देवी-देवताओं के दर्शन अयोध्या में ही होने वाले हैं। हाथों में श्री राम ध्वज लिए नंगे पांव चल रहे श्रद्धालुओं को पता ही नहीं चल रहा कि वे कितनी दूरी आ गए। न खाने की फिक्र है और न ही उन्हें आराम करने की चिंता। उदया चौराहे से लता चौक (पांच किमी.) तक 16 जगहों पर गुरुवार को भंडारे चलते दिखे। 29 जगहों पर पुलिस की टुकडिय़ां तैनात थीं। लता चौक तो सुरक्षा का हब बना हुआ है।

अयोध्या में उदया चौराहे से प्रवेश करते ही भंडारों की शुरुआत हो जाती है। एक तरफ जय गुरुदेव का भंडारा चल रहा था तो दूसरी तरफ विहिप की महाराष्ट्र इकाई की ओर से भव्य प्रसाद का इंतजाम किया गया था। कार्यकर्ता हाथ जोड़कर प्रसाद ग्रहण करने की अपील कर रहे थे। इसके आगे बढ़ने पर रानोपाली में श्रद्धालु झंडे लेकर जाते नजर आ रहे थे। साकेत महाविद्यालय से सुरक्षा का चक्र बढ़ा दिया गया है। महाविद्यालय के मैदान में तीन हैलीपैड बन रहे हैं। लोग चर्चा कर रहे थे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहीं उतरेंगे। कैथाना पहुंचे तो महिलाएं बल्लियों से लगाई जा रही बैरिकेडिंग को देख रही थीं। संगीता और गुंजन से पूछा कि ये क्या हो रहा है तो उन्होंने बताया कि मंदिर बन गया है। रामजी विराजमान हो गए हैं। मोदी जी आएंगे और पूजा-पाठ करेंगे। इसके आगे नगर निगम के जोनल कार्यालय के पास सड़कों की धुलाई चल रही थी। जन्मभूमि पथ से 50 मीटर पहले पंजाब के शिव शक्ति संघ की ओर से बड़े भंडारे का आयोजन किया गया था। सीताराम-सीताराम बोलकर श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते दिखे। व्यवस्था देख रहे अनिल ने बताया कि एक महीने तक भंडारा अनवरत चलेगा। जन्मभूमि पथ पर वाहनों से उतरते ही लोग राम के दर्शन के लिए लगभग भागते दिखे। सभी में पहले पहुंचने की होड़ थी। अगल-बगल और सामने सिर्फ सवारी वाहनों से लोग उतरकर जन्मभूमि पथ की ओर जा रहे थे। आगे हनुमानगढ़ी चौराहे के पास बाजार में काफी रौनक थीं। बर्तन, धार्मिक पुस्तकों, चूड़ी आदि की दुकानों पर भारी भीड़ लगी हुई थी। सिर पर गठरी ले जाते हुए भी महिलाएं दिखीं।

लता चौक पर सबसे अधिक भीड़ थी। यहां दूर-दराज से आए लोग सेल्फी लेने में व्यस्त थे। चौक पर बनी रंगोलियां लोगों को आकर्षित कर रही थीं। एटीएस के जवान बख्तरबंद गाड़ियों में तैनात दिखे।

ढोल मंजीरा बजाते हुए दर्शन के लिए जाती महिलाओं की टोली।

लता चौक पर सेल्फी लेती महिला। अमृत विचार

बड़े-बड़े ब्रांड प्रचार करने में भी जुटे

आगामी दिनों में अयोध्या में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। इसे देखते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ब्रांड ने अपना प्रचार करना शुरू कर दिया है। बड़ी-बड़ी होर्डिंगों में रामचरितमानस की चौपाइयों के साथ अपने ब्रांड का प्रचार कर रही हैं। इसमें सीमेंट, अगरबत्ती, तेल इत्यादि शामिल हैं।

साकेत से लेकर नयाघाट तक सड़क के दोनों ओर लगाई गई बैरीकेडिंग।

राम की पैड़ी पर लेजर शो की तैयारियां

नया घाट स्थित राम की पैड़ी इन दिनों खूब चहक रही है। यहां एक बार फिर से लेजर शो करने की तैयारियां चल रही हैं। लाइटें इत्यादि लगाई जा रही हैं। पैड़ी के हर एक घाट पर मीडिया का भी जमवाड़ा है। यहां पहुंचने वाले लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद ले रहे हैं।

श्रद्धालु कारसेवकपुरम में देखने पहुंच रहे उपहार

मंदिर आंदोलन से जुड़े कारसेवकपुरम में भी लोग पहुंच रहे हैं। यहां श्रीराम को मिले उपहारों के सामने माथा टेक रहे हैं। यहां भी भंडारे का आयोजन किया गया है। मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल की तरफ से रोज 10 हजार लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया जा रहा है। 30 लाख की राशन सामग्री आई है। तीन लाख लोगों को भंडारा कराने का लक्ष्य रखा गया है।

भंडारों का भंडार, होटल-रेस्टोरेंट बेजार

भक्तों के आगमन को देखते हुए जगह-जगह पर लाखों रुपये की लागत से आयोजक भंडारे करा रहे हैं। इसमें पूड़ी, सब्जी, दाल, चावल, दूध, काफी, चाय, बिस्किट और रस्क भी शामिल हैं। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भंडारों का आनंद ले रहे हैं। ऐसे में अयोध्या धाम के सभी होटल-रेस्टोरेंट में सन्नाटा पसर गया है। संचालकों को घाटा उठाना पड़ रहा है।

अयोध्या पहली बार आया हूं। बहुत ही पीसफुल लग रही है। सभी घर एक ही रंग के देखकर मन प्रसन्न हो गया। श्रीराम के दर्शन हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही जाऊंगा। **-जसबीर सिंह, दिल्ली**

अयोध्या आकर मन प्रसन्न हो गया है। दर्शन-पूजन के साथ ही सरयू स्नान किया। बोटिंग भी की। मुझे लता चौक बहुत सुंदर लगा। पीएम मोदी ने अयोध्या को चमका दिया है। **-रघुबीर सिंह, हरियाणा**

अयोध्या बदल गई है। मुझे भी खुशी हो रही है कि श्रीराम विराजमान होने जा रहे हैं। 23 के बाद घर पर रिश्तेदार आना शुरू हो जाएंगे। सभी दर्शन करने आ रहे हैं। **-सत्य प्रकाश मिश्र, कौशलपुरी**

मोदी और योगी की जोड़ी ने अयोध्या को विश्व पटल पर ला दिया। दूर-दराज से लोग आ रहे हैं। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यहां के व्यापारियों की आय भी बढ़ेगी। **-अंकित सिंह, तुलसी उद्यान**

रामरथ पर सवारी, श्रद्धालुओं को लग रही प्यारी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते सरकार ने अयोध्या में यातायात के तमाम साधनों को उतार दिया है। लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के निहित 100 ई-बसें व 25 इलेक्ट्रिक ऑटो की खेप अयोध्या में उतारी गई है। श्रद्धालुओं को सबसे अधिक खुले वाहन पसंद आ रहे हैं। लोग पर्यटन विभाग की ओर से चलाए जा रहे इलेक्ट्रिक रामरथ पर सवारी कर रहे हैं। रामरथ पर 12 सवारियां आसानी से बैठ सकती हैं। चालक अनिल ने बताया कि इस तरह से छह रामरथ अयोध्या में उतारा गया है, जिसका न्यूनतम किराया 10 रुपये है।

भक्तों को लुभा रहा श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का गीत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान होने में मात्र तीन दिन और 88 घंटे शेष रह गए हैं। चहुंओर प्रभु की आगमन की प्रतीक्षा में आनंदोत्सव छाया है। इसी के बीच श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह गीत श्रद्धालुओं को उल्लास से सराबोर कर रहा है। प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत सोशल मीडिया पर भी तेजी से चल रहा है। लोग एक दूसरे से अभियान गीत शेयर कर रहे हैं। जानिए और पढ़िए क्या है प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत और क्या हैं गीत के बोल -

श्री रघुवर जी के अवधपुरी में,
प्राण प्रतिष्ठा होना है।
निमन्त्रण को स्वीकार करो,
अब सबको अयोध्या चलना है।
जय बजरंगी जय हनुमान,
वन्दे मातरम जय श्री राम।
श्री राम जय राम,जय-जय राम,
वन्दे मातरम, जय श्री राम।

इस मंदिर को पाने हेतु,
बार बार संघर्ष हुआ।
राम भक्तों के बलिदानों से,
मंदिर बन कर खड़ा हुआ।
अब मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा,
धूमधाम से होना है।
निमन्त्रण को स्वीकार करो,
अब सबको अयोध्या चलना है...

प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत राम मंदिर आन्दोलन की गौरव गाथा एवं राम के विराजने के उत्सव का गीत है। सनातन समाज की भावनाओं को परिलक्षित करता है। **-शरद शर्मा, प्रान्तीय प्रवक्ता, विश्व हिंदू परिषद।**

रामपथ पर लगे मंदिर आंदोलन के नायक सिंघल के कटआउट

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पूजन से पूर्व अयोध्या धाम के रामपथ पर राम मंदिर आन्दोलन के नायक विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अशोक सिंघल के कटआउट लगाए जा रहे हैं। अशोक सिंघल फाऊंडेशन की ओर से रामपथ पर यह बड़े कट आऊट लगाए गए हैं। इनमें अशोक सिंघल का सफेद धोती कुर्ता और गले में गमछा डाले और हाथ जोड़े नमस्कार व अभिवादन की मुद्रा में चित्र है। ऊपर फाऊंडेशन का लोगो और नीचे सभी रामभक्तों का हार्दिक स्वागत लिखा है। विहिप के प्रान्तीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि इस तरह के 100 से अधिक कट आऊट लगाए जा रहे। मंदिर आन्दोलन के नायक कहलाने वाले अशोक सिंघल के कटआउट के जरिए उन्हें याद कर श्रद्धांजलि भी दी जा रही है।

500 टन गेंदा के फूलों की लड़ियां बना रहे 1500 माली

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रामनगरी को फूलों से सजाने के लिए पिश्चम बंगाल के खड़गपुर से ट्रकों में फूल अयोध्या पहुंच रहे हैं। तकरीबन 500 टन पीले और केसरी रंग के फूलों से मंदिर और मार्गों को सजाया जाएगा। इसके लिए 1500 माली दिल्ली और वाराणसी से आए हैं, जो फूलों की लरिया बनाने के साथ ही श्रीराम लिखा हुआ स्वागत द्वार बनाने का कार्य कर रहे हैं। अयोध्या धाम स्थित पराग रेस्टोरेंट में फूलों की लरियां उतारी गई हैं। देखरेख में जुटे कालीचरण ने बताया कि आरबीएस लॉन समेत तीन जगहों पर फूलों की लरिया तैयार की जा रही है। श्रीराम और सीताराम लिखा हुआ द्वार तैयार किया जा रहा है। दो ट्रक अशोक की पत्तियां भी आई हैं। उन पत्तियों से तोरणद्वार बनाया जाएगा।

आराध्य को हृदय में बसाए रामधुन में रमा हर श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : आज से तीन दिन बाद 22 जनवरी को रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह बढ़ता जा रहा है। जिसकी बानगी गुरुवार को रामनगरी की सड़कों पर देखने को मिली। हर कोई मन में श्रीराम की छवि और होठों पर राम का नाम लेकर यहां आ रहा है और रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए लालायित है। अयोध्या की आध्यात्मिकता और बदलती सूरत को देख आह्लादित और आनंदित है।

अमृत विचार ने जब राम की पैड़ी पर रामनाम के धुन में रमे कुछ श्रद्धालुओं से बात की तो उनके मुंह से सिर्फ यही शब्द निकला- यह पल अविस्मरणीय और अद्भुत है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए ग्वालियर से यहां पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि इतने संघर्षों के बाद अब जब श्रीराम अपने भव्य दिव्य मंदिर में विराजनाम होने जा रहे हैं। हम ही नहीं पूरा देश आह्लादित है। देश के हर कोने में जश्न की तैयारी की जा रही है। हम लोग भी इस स्वर्णिम पल को अपनी नजरों से यहीं रहकर देखना चाहते हैं। यह पल हमारे जीवनकाल का सबसे सौभयशाली पल होगा।

हमारे आराध्य अब अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इससे बड़ी खुशी की बात क्या हो सकती है। इस खुशी को शब्दों में बयां करना असंभव है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर ग्वालियर के लोग दिवाली मनाएंगे। 14 जनवरी को यहां आए हैं। यहां बदलाव को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। **- जयकरन सिंह, श्रद्धालु, ग्वालियर**

रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ ही रामनगरी की आध्यात्मिता अब और बढ़ गई है। पहले जब यहां आते थे तो बिलकुल अच्छा नहीं लगता था। हमारे आराध्य अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। यह पल हमारे लिए सौभाग्यशाली पल है। हम लोग इसे उत्सव के रूप में मनाएंगे। **- हरिबाबू सिंह, श्रद्धालु ग्वालियर**

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर यहां जो अजब सा उत्साह देखने को मिल रहा है। वह आनंदित करने वाला है। श्रीराम नेपालवासियों के दामाद हैं। अब जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं तो इससे ज्यादा खुशी हमारे लिए और क्या हो सकती है... यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। **- लोकेंद्र बहादुर मल्ला, श्रद्धालु, धनगढ़ी, नेपाल**

जय श्रीराम का उद्घोष करता प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लेने के लिए पुणे (महाराष्ट्र) से आया श्रद्धालुओं का दल। अमृत विचार

4000 महिलाओं ने राम की पैड़ी पर किया दुरदुरिया पूजन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव सकुशल संपन्न हो, इसके लिए गुरुवार को राम की पैड़ी पर चार हजार महिलाओं ने दुरदुरिया पूजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महापौर व तीन कलश तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने की। यह आयोजन वशिष्ठ फाउंडेशन की सचिव राजलक्ष्मी त्रिपाठी के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि देशवासियों के लिए 22 जनवरी सबसे बड़ा दिन है। हम सभी की मनोकामना पूरी हो रही है। श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। इस अवसर पर हम बहनों ने अवसान माता की पूजा कर सुख समृद्धि और शांति की कामना की है। 15-15 की टोली में 251 समूह में 4000 महिलाओं ने एक साथ विधि विधान पूर्वक पूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, आभा सिंह, सीमा तिवारी, सरिता सिंह, आंचल मिश्रा, रूबी पोद्दार, सुभाषनी अवस्थी, बिंदु सिंह, प्रियंका अवस्थी सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

17 साल से सिर्फ एक काम सरयू तीरे लिख रहे राम-राम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या में राम नाम की धूनि रमाने वालों की कमी नहीं है, अगर देखना है तो रामनगरी चले आइये। यहां एक साधु ऐसे हैं जो 17 वर्षों से राम का नाम लिखते आ रहे हैं। ड्राइंग पेपर पर अलग-अलग पैटर्न पर लाल और हरे पेन से अपने आराध्य को जीवंत कर रहे हैं। बलिया जिले के रहने वाले विनोद मिश्र बताते हैं कि 2006 में उन्हें प्रयाग मेले के दौरान एक संत से राम नाम लिखने की प्रेरणा मिली। इसके बाद उन्होंने परिवार को छोड़ दिया और अयोध्या आकर राम-राम लिखने लगे। उन्होंने बताया कि वह कभी भी चित्रकला में रुचि नहीं रखे, लेकिन आराध्य के प्रति ऐसी लगन लगी कि खुद ब खुद राम-राम लिखते-लिखते चित्र बनने लगा। नया घाट पर ही रहते हैं। खाने को कुछ मिल गया तो ठीक नहीं सरयू का जल पीकर ही वह अपनी भूख मिटा लेते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में मंदिर निर्माण का कार्य प्रशस्त कर दिया है। इसलिए अब वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या धाम जी में आ रहे हैं लिख रहे हैं। इसमें भी एक-एक शब्द राम-राम से बनाया गया है। उन्हें लखनऊ विश्ववद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय की तरफ से राम शब्द से बने विभिन्न रूपों का अद्भुत सुलेखन के लिए प्रशिस्त पत्र भी मिल चुका है।


विनोद मिश्र अब राम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिख रहे हैं।

रामोत्सव

आस्था के साथ सम्भाल रहे हैं पिता की विरासत, राग-भोग के लिए तैयार करते हैं प्रसाद सामग्रियां

रामनाम से 'काज' शुरू करता है 'सीताराम' का परिवार...

अंकित सेन, अयोध्या

अमृत विचार : राम से बड़ा राम का नाम... इसी आस्था और विश्वास के साथ हर कोई अपने दिन की शुरूआत रामनाम से करता है, लेकिन रामनगरी के रहने वाले सीताराम का परिवार अपने दिन की शुरूआत ही रामकाज से करते हैं। रामकोट स्थित अमावा मंदिर के सामने श्रीरामलला भोग प्रसादम के नाम से मिष्ठान की दुकान चलाने वाले सीताराम यादव 70 सालों से रामलला के भोग प्रसाद के लिए रबड़ी व पेड़ा तैयार कर रहे हैं। अब रामलला 22 जनवरी को अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं, इसको लेकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। उनका कहना है कि 70 सालों की तपस्या का इससे बढ़कर कोई फल नहीं है।

बुजुर्ग हो चुके सीताराम यादव का कहना है कि उनका परिवार बड़े ही आस्था से रामलला के राग-भोग तैयार करता है। इसके लिए प्रतिदिन पांच किलो रबड़ी, ढाई किलो पेड़ा व साढ़े तीन किलो दूध मंदिर में जाता है। प्रभु के लिए तैयार किया जाने वाले प्रसाद बड़ी स्वच्छता व शुद्धता के साथ बनाया जाता है। इसके लिए सुबह से ही दूध कढ़ाई पर चढ़ा दिया जाता है। दिन भर प्रक्रिया चलने के बाद रबड़ी और पेड़ा तैयार किया जाता है। कर्मचारी आता है और डिब्बे में सारा सामान लेकर मंदिर के लिए चला जाता है। उनका कहना है कि अब सुबह के अलावा जरूरत पड़ने पर जब कहा जाता है तो और भी सामान तैयार कराया जाता है।

रामलला के राग-भोग के लिए मिष्ठान्न तैयार करने के लिए पकाया जा रहा दूध व मिष्ठान्न।

▸▸ 70 वर्षों से रामलला के भोग के लिए समर्पित है परिवार

सीताराम यादव।

35 वर्षों तक परिसर में रही दुकान, जाती थी एक किलो रबड़ी

सीताराम यादव ने बताया कि रामलला के राग-भोग के लिए रबड़ी, पेड़ा व अन्य प्रसाद सामग्री बनाते हुए 70 वर्ष बीत गए। इससे पहले 35 वर्षों तक जन्मभूमि परिसर स्थित दुकान से सारा सामान तैयार होकर जाता रहा। वह अपने पिता धनपत यादव के साथ दुकान पर जाकर प्रसाद सामग्री तैयार करते थे। जब प्रभु टेंट में थे तो सीमित मात्रा में रबड़ी, पेड़ा व दूध जाया करता था। अब प्रतिदिन पांच किलो रबड़ी, ढाई किलो पेड़ा व साढ़े तीन किलो दूध तैयार कर भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि भेजी जा रही प्रसाद सामग्री के बाबत श्रद्धा के साथ जो मिल जाता है, उसे स्वीकार कर लेते हैं।

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 815 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1880, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1790, फॉर्चुन ली0 1610, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1485, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1695, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, ग्लैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल6950-7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7100, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14400, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 10900, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11600, अरहर पटका छोटा 13600-14000, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 4070, पीलीभीत 4030, नवाबगंज 4010, बहेड़ी (नई) 4030 रुपये।

आरबीआई के बुलेटिन लेख में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जताई गई उम्मीद

आर्थिक वृद्धि दर बेहतर रहने का अनुमान

मुंबई, एजेंसी

देश की आर्थिक वृद्धि दर 2023-24 में उम्मीद से कहीं बेहतर रहने का अनुमान है। साथ ही सरकार के पूंजीगत व्यय पर जोर से निजी निवेश बढ़ना शुरू हुआ है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में यह कहा गया है। 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर प्रकाशित लेख में कहा गया है कि विश्व अर्थव्यवस्था को लेकर निकट भविष्य में वृद्धि के मामले में संभावनाएं अलग-अलग हैं और एशिया के नेतृत्व में उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं बाकी दुनिया से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

इसमें कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2023-24 में उम्मीद से अधिक मजबूत रहने का अनुमान है। यह वृद्धि उपभोग से निवेश की ओर बदलाव पर आधारित है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्र की अगुवाई वाली टीम द्वारा लिखे गए इस लेख में कहा गया है कि सरकार ने बढ़-चढ़कर पूंजीगत व्यय किया है, उसका असर दिखने लगा है। इससे निजी निवेश बढ़ना शुरू हुआ है। देश में संभावित उत्पादन में तेजी आ रही है। वास्तविक उत्पादन इससे अधिक है। हालांकि, अंतर बना हुआ है लेकिन वह कम है।

लेख में कहा गया है-वृहद आर्थिक मोर्चे पर स्थिरता है। ऐसे में 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्ध दर कम-से-कम सात प्रतिशत बनाए रखकर इस गति को बनाए रखना चाहिए। इसको देखते हुए मुद्रास्फीति को इस साल की दूसरी तिमाही के लक्ष्य के अनुरूप रखने की जरूरत है।

आरबीआई के लेख के अनुसार, साथ ही वित्तीय संस्थानों के बही-खातों को मजबूत बनाने और संपत्ति गुणवत्ता में और सुधार की जरूरत है। इसके साथ राजकोषीय और अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन के स्तर पर खातों में मजबूत का जो दौर चल रहा है, उसे बनाए रखने की आवश्यकता है। इसमें कहा गया है-जो बदलावकारी प्रौद्योगिकी के लाभ हैं, उसका उपयोग एक मजबूत जोखिम-मुक्त परिवेश में समावेशी विकास के लिए किया जाना चाहिए।

पूंजीगत व्यय से निवेश के लिए सकारात्मक माहौल बना

आरबीआई बुलेटिन में छपे लेख के अनुसार-सबसे महत्वपूर्ण, सरकारी पूंजीगत व्यय से निवेश के लिए जो सकारात्मक माहौल बना है, उसमें कंपनियों की भागीदारी और यहां तक की इस मामले में उनकी अगुवाई जरूरी है। साथ ही पूरक के रूप में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी होना चाहिए। लेख में कहा गया है कि अभी जो वैश्विक परिदृश्य कमजोर बना हुआ है, अगर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जारी तनाव खत्म होता है और उसके प्रभाव को जिंस और वित्तीय बाजार, व्यापार तथा परिवहन एवं आपूर्ति नेटवर्क के जरिये काबू किया जाता तो स्थिति बेहतर हो सकती है। आरबीआई ने यह साफ किया है कि बुलेटिन में प्रकाशित विचार लेखकों के हैं और यह केंद्रीय बैंक के विचारों को प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

भारत में हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक 30 करोड़ होने की उम्मीद : सिंधिया

हैदराबाद, एजेंसी

▸▸ **केंद्रीय विमानन मंत्री ने विंग्स इंडिया 2024 के सम्मेलन को किया संबोधित**

केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक बढ़कर सालाना 30 करोड़ होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा 2023 में 15.3 करोड़ था। सिंधिया ने यहां नागरिक विमानन सम्मेलन और प्रदर्शनी-'विंग्स इंडिया 2024' के उद्घाटन सत्र में कहा कि देश में हवाई अड्डों और बंदरगाहों की संख्या मौजूदा 149 से बढ़कर 200 से अधिक हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक सालाना 30 करोड़ यात्रियों के साथ भारत में विमानन पहुंच 10 से 15 प्रतिशत होगी। इस तरह यहां वृद्धि की गुंजाइश आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में घरेलू हवाई यात्री यातायात में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को यहां आयोजित विंग्स इंडिया-2024 के मौके पर एयरबस के सहयोग से स्थापित जीएमआर स्कूल ऑफ एविएशन की भी ऑनलाइन शुरुआत की।

2,840 नए विमान, 41 हजार पायलट की जरूरत

भारत को अगले 20 साल में 2,840 नए विमानों और 41,000 पायलटों की जरूरत होगी। एयरबस भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी मेलार्ड यह अनुमान जताते हुए कहा कि साथ ही देश में 47,000 तकनीकी कर्मचारियों की आवश्यकता भी होगी। उन्होंने विमानन सम्मेलन एवं प्रदर्शनी - 'विंग्स इंडिया 2024' के मौके पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एयरबस इस दशक के अंत तक भारत से अपनी सोर्सिंग को मौजूदा 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर से दोगुना कर 1.5 अरब डॉलर कर देगी।

उन्होंने कहा कि पिछले साल एयरबस को 750 विमानों का ऑर्डर मिला और उसने भारतीय एयरलाइन कंपनियों को 75 विमानों की आपूर्ति की।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,875
गिन्नी (प्रति नग)	47,550-47,750
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,500
चांदी तैयार	73,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,400
सोना जेवरात गिन्नी	62,400
चांदी पक्की	729 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,500
चांदी आभूषण	73,000।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 85 मसूरी 65 पूसा बासमती 52, **दाल दलहन**-काला चना 101 साबुत चना दाल 63-64 साबुत मूंग 93-99 राजमा 180-187 मलका लाल 75 दाल उड़द 101 साबुत मसूर दाल 65-67 मसूर दाल 70-73 उड़द 101 काबुली चना 115-165 साबुत अरहर दाल 128-129 अरहर दाल 155-157 सोयाबीन 40-42 मूंगफली 75-77 मटर 55-61 मक्का 22-25 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

डब्ल्यूटीओ में खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण के मुद्दे का हो समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण पर स्थायी समाधान निकलने तक कृषि से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं करेगा। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण का मुद्दा डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) में प्रमुखता से उठेगा। डब्ल्यूटीओ के शीर्ष निकाय की 26-29 फरवरी को अबू धाबी में बैठक होने वाली है।

अधिकारी ने अबू धाबी बैठक के संदर्भ में कहा-खाद्यान्न का सार्वजनिक भंडारण का मुद्दा सबसे लंबे समय से लंबित है। बाली में हुए पिछले सम्मेलन में सदस्यों ने इसके समाधान का वादा किया था और बाद में हुए सम्मेलनों में भी इसका समर्थन किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई समाधान आए बगैर भारत कृषि से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर चर्चा में भाग नहीं लेंगे। उन्होंने कहा-यह हमारा पहला सवाल है। विकसित देशों ने राशन की दुकानों से वितरण के लिए सरकार द्वारा प्रशासित मूल्य पर किसानों से चावल और गेहूं की खरीद जैसे कार्यक्रमों पर सवाल उठाए हैं।

इच्छुक निर्यातकों को सूचना उपलब्ध कराने के लिए शुरू होगा पोर्टल

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय 'आकांक्षी' निर्यातकों के लिए सीमा शुल्क के बारे में विवरण सहित सभी प्रासंगिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अगले दो-तीन महीनों में एक ऑनलाइन मंच शुरू करेगा। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि पोर्टल निर्यात गतिविधियों से जुड़ने के बारे में एक ही जगह पर सभी जानकारियां उपलब्ध कराने का काम करेगा। ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म नए और इच्छुक निर्यातकों के लिए सुविधा, विभिन्न बाजारों, क्षेत्रों, निर्यात रुझान के बारे में जानकारी देने के साथ विभिन्न नियमों के बारे में भी सूचना देगा।

कोल इंडिया की अनुषंगियों को इक्विटी निवेश की मिली मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **मंत्रिमंडलीय समिति ने मोदी की अध्यक्षता में लिया निर्णय**

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 2,260 मेगावाट क्षमता वाली दो ताप-विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स (एसईसीएल) एवं महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को 5,607 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश की बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीईए की बैठक में सरकारी स्वामित्व वाली इन दोनों इकाइयों को इक्विटी निवेश की मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। ये दोनों सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया की अनुषंगी हैं।

बयान के मुताबिक, एसईसीएल मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) के साथ संयुक्त उद्यम के जरिये 660 मेगावाट क्षमता वाला एक ताप-विद्युत संयंत्र स्थापित करेगी। मध्य प्रदेश के अमरकंटक में प्रस्तावित इस संयंत्र का अनुमानित पूंजीगत खर्च 5,600 करोड़ रुपये होगा।

राष्ट्रीय

पारदर्शी व्यवस्था से गरीबी कम हुई: मोदी

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी व्यवस्था, ईमानदार प्रयासों और जनभागीदारी पर जोर देने की वजह से पिछले नौ साल में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी यह नहीं सोच सकता था कि भारत में गरीबी कम हो सकती है लेकिन गरीबों ने दिखाया है कि यदि उन्हें संसाधन दिए जाएं तो यह हो सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार पर लोगों का भरोसा हर जगह दिखाई दे रहा है। गरीबी के आंकड़ों में आई गिरावट को रेखांकित करने वाली नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने गरीबों की मदद करने के लिए अन्य देशों के सामने एक मॉडल पेश किया है और दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत उत्साहजनक रिपोर्ट है।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को उनकी कल्पना से परे सफलता मिली है और यह दो महीने में ही एक जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा-विकसित भारत संकल्प यात्रा पहले 26 जनवरी तक चलने वाली थी लेकिन इसको लोगों का इतना समर्थन मिला है कि अब लोगों की मांग हैं कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हमारे गांव में भी आनी चाहिए। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को फरवरी में भी चलाएंगे। उन्होंने कहा कि 'विकास रथ' पहले ही 70-80 प्रतिशत पंचायतों तक पहुंच चुका है, जिससे लोगों में यह विश्वास पैदा हुआ है कि कोई भी व्यक्ति इसके लाभ से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक 15 करोड़ लोग इससे जुड़ चुके हैं।

गरीबी कम होने का आंकड़ा गलत : सुप्रिया श्रीनेत

कांग्रेस ने पिछले नौ साल में 24 .82 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने संबंधी आंकड़े को गलत करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि नीति आयोग का परिचर्चा पत्र वैश्विक मानकों से हटकर तैयार किया गया है तथा किसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह दावा भी किया कि सरकार ने 25 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज और दूसरी योजनाओं से वंचित करने की साजिश रची है। नीति आयोग के परिचर्चा पत्र के अनुसार, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29 .17 प्रतिशत थी जो 2022-23 में घटकर 11 .28 प्रतिशत रही। इसके साथ इस अवधि के दौरान 24 .82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर आए हैं।

स्कूलों भर्ती में अनियमितताओं के मामले में ईडी की छापेमारी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के स्कूलों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में कोलकाता और उसके आसपास सात स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिए के रूप में काम करने वाले लोगों के आवासों और कार्यालयों पर छापे मारे जा रहे हैं। ईडी के अधिकारी ने बताया-ये बिचौलिये धन इकट्ठा करते थे और इसे विभिन्न ठिकानों पर स्थानांतरित करते थे। हम उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए आवासों और कार्यालयों पर छापेमारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों के साथ, ईडी अधिकारियों ने कोलकाता के न्यू टाउन और नयाबाद में छापेमारी अभियान शुरू किया।

5 दोषियों ने आत्मसमर्पण के लिए और मांगा वक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

बिलकीस बानो मामला

▸▸ **दोषियों ने उच्चतम न्यायालय में दायर की याचिका**

गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के 7 सदस्यों की हत्या के मामले के 5 दोषियों ने उच्चतम न्यायालय में बृहस्पतिवार को याचिका दाखिल कर आत्मसमर्पण के लिए और वक्त दिए जाने का अनुरोध किया।

उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को आठ जनवरी को रद कर दिया था और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया था। आत्मसमर्पण की समय सीमा बढ़ाने की मांग के कारणों में खराब स्वास्थ्य, आसन्न सर्जरी, बेटे की शादी और पकी फसल की कटाई शामिल है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ के समक्ष और वक्त दिए जाने संबंधी मामले का उल्लेख किया गया। इस पर पीठ ने रजिस्ट्री को याचिका प्रधान न्यायाधीश के समक्ष पेश करने को कहा। पीठ ने कहा-प्रतिवादियों की ओर से यह कहा गया है कि आत्मसमर्पण करने और जेल जाने के लिए समय बढ़ाने संबंधी अर्जियां दाखिल की गई हैं। पीठ का पुनर्गठन किया जाना है और क्योंकि रविवार को समय समाप्त हो रहा है, इसलिए रजिस्ट्री को पीठ के पुनर्गठन के लिए प्रधान न्यायाधीश से आदेश लेने की जरूरत है। कुछ दोषियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील वी. चिताम्बरेश ने मामले का उल्लेख किया और इसे शुक्रवार को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की, क्योंकि आत्मसमर्पण करने की समय सीमा 21 जनवरी को समाप्त हो रही है।

जिन पांच दोषियों ने राहत मांगी है, उनमें गोविंद नाई, प्रदीप मोरधिया, बिपिन चंद्र जोशी, रमेश चांदना और मितेश भट्ट शामिल हैं। नाई ने अपनी याचिका में कहा, "प्रतिवादी स्वयं एक बूढ़ा व्यक्ति है जो अस्थमा से पीड़ित है और उसका स्वास्थ्य वास्तव में खराब है। प्रतिवादी का हाल ही में ऑपरेशन किया गया था और उसे एंजियोग्राफी से गुजरना पड़ा था।

एक नजर

ईडी ने 36 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर बीमा घोटाले के सिलसिले में दो कंपनियों- रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और ट्रिनिटी रीइंश्योरेंस ब्रोकर्स की 36 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सावधि जमाएं और जमीन कुर्क की है। केंद्रीय एजेंसी ने संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है।

टीएमसी को रैली निकालने की मिली अनुमति

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन ही यहां 'संप्रीति रैली' आयोजित करने की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि रैली के दौरान शांति बनी रहे। अदालत ने 22 जनवरी को राज्य में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए याचिकाकर्ता एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के अनुरोध पर कोई आदेश पारित नहीं किया।

अग्निपथ योजना के रिकॉर्ड साझा करने से इनकार करने के फैसले पर करें पुनर्विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **केंद्रीय सूचना आयोग ने रक्षा मंत्रालय को दिया निर्देश**

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने रक्षा मंत्रालय को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत 'अग्निपथ' सैन्य भर्ती योजना से संबंधित रिकॉर्ड का खुलासा करने से इनकार करने के फैसले पर दोबारा विचार करने का निर्देश दिया है।

मंत्रालय ने इस आधार पर रिकॉर्ड साझा करने से इनकार कर दिया कि संबंधित फाइल गोपनीय हैं। अग्निपथ योजना पर विचार-विमर्श के रिकॉर्ड मांगने वाले कार्यकर्ता विहार दुर्वे द्वारा दायर एक आरटीआई आवेदन के जवाब में, रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि फाइल को गोपनीय के रूप में वर्गीकृत किया गया था और आरटीआई अधिनियम की धारा 8 (1) (ए) के अनुसार इसका खुलासा नहीं किया जा सकता है। यह धारा एक सरकारी प्राधिकरण को ऐसी जानकारी साझा करने से इनकार करने की अनुमति देती है, जिसके प्रकटीकरण से भारत की संप्रभुता और अखंडता, राष्ट्र की सुरक्षा, रणनीतिक, वैज्ञानिक या आर्थिक हितों, अन्य देशों के साथ संबंध पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। दुर्वे ने दलील दी कि गोपनीय शब्द का उल्लेख छूट खंड में कहीं नहीं है, जिसके तहत किसी आवेदक को जानकारी देने से इनकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केवल यह कहना कि सूचना का एक हिस्सा गोपनीय है, अधिनियम की धारा 8(1)(ए) को लागू करके सूचना से इनकार करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कहा-रिकॉर्ड के अवलोकन से यह पता चला कि प्रतिवादी (सीपीआईओ, रक्षा मंत्रालय) ने जानकारी देने से इनकार कर दिया था, लेकिन वे यह बताने में विफल रहे कि उनके द्वारा दावा की गई छूट तत्काल मामले में कैसे लागू होगी।

उन्होंने कहा कि प्रतिवादी को आरटीआई आवेदन पर दोबारा गौर करने और आरटीआई अधिनियम की लागू छूट के अनुसार संशोधित जानकारी या उत्तर प्रदान करने का निर्देश दिया जाता है।

उत्तर, पूर्वोत्तर भारत में कोहरे के कारण रेल यातायात प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में कुछ स्थानों पर घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर शून्य रहा, जिससे रेल यातायात प्रभावित रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों में दिखाई दिया कि बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कोहरे में कुछ कमी आई है वहीं पंजाब, हरियाणा, पश्चिम राजस्थान, बिहार, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और असम के कुछ हिस्सों में 'घने' से 'बेहद घना' कोहरा छाया रहा। भारतीय रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 18 रेलगाड़ियां छह घंटे तक की देरी से चल रही हैं। सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर पटियाला, अमृतसर, अंबाला, हिसार, बीकानेर और पूर्णिया में दृश्यता का स्तर 25 मीटर और चुरू, गंगानगर, झांसी, रांची, पारादीप और लखीमपुर में 50 मीटर था। दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के पास पालम वेधशाला में दृश्यता का स्तर 50 मीटर तक सीमित था। सुबह साढ़े आठ बजे तक यह सुधरकर 350 मीटर हो गया।

कांग्रेस विधायक खैरा के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा को स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम से जुड़े 2015 के मामले में जमानत देने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पंजाब सरकार की अपील बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के चार जनवरी के आदेश में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने पंजाब सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा से कहा कि हालांकि खैरा के खिलाफ आरोप गंभीर हैं लेकिन मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करेगी।

कोचिंग में अचानक बेहोश होने के बाद 20 वर्षीय छात्र की मौत

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय एक छात्र की एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाई के दौरान हृदय संबंधी विकार के चलते अचानक बेहोश होने के बाद मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। छात्र के बेहोश होने की घटना कोचिंग संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर आ गया है। इस वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि कोचिंग संस्थान में छात्र महज 30 सेकंड के भीतर बेहोश होकर टेबल पर गिर जाता है और उसके सहपाठी हक्का-बक्का रह जाते हैं।

असम सरकार और मुख्यमंत्री भारत में सबसे भ्रष्ट

शिवसागर/जोरहाट (असम), एजेंसी

▸▸ **भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया दावा**

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के असम में प्रवेश करने के बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि देश में शायद सबसे भ्रष्ट सरकार और सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री इस राज्य में है। यात्रा के नगालैंड से असम में प्रवेश करने के बाद, राहुल ने शिवसागर जिले में लोगों को संबोधित करते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना की तथा कहा कि वे नफरत फैला रहे हैं और जनता का पैसा लूट रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा-शायद, भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार असम में है। आप जानते हैं कि यहां क्या हो रहा है। हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम के मुद्दों को उठाएंगे। दोपहर में, राहुल ने जोरहाट जिले के नाकाचारी के देबेरेरापार में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया और आरोप लगाया कि आदिवासियों, चाय बागान के श्रमिकों और असम के अन्य मूल निवासियों के खिलाफ भाजपा नीत सरकार कई अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा-असम में भ्रष्टाचार धड़ल्ले से हो रहा है।

जोरहाट शहर में, अपने तीसरे संबोधन में संध्या काल के दौरान राहुल ने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का पूरा परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त है। कहा-उनकी संतान, वह खुद और उनकी पत्नी--सभी किसी ना किसी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

गांधी परिवार भारत में सबसे भ्रष्ट : हिमंत विश्व शर्मा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि गांधी परिवार देश में सबसे भ्रष्ट है। उनका यह बयान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस आरोप के बाद आया है कि असम में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार देश में सबसे भ्रष्ट है। मुख्यमंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-गांधी परिवार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है। यह 'न्याय यात्रा' नहीं, 'मियां यात्रा' है। जहां भी मुसलमान हैं, वे उन जगहों पर जाते हैं। 'मियां' मूल रूप से असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक अपमानजनक शब्द है। हाल के वर्षों में समुदाय के कार्यकर्ताओं ने अवज्ञा के संकेत के रूप में इस शब्द को अपनाना शुरू कर दिया है। गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ी न्याय यात्रा' ने आज दिन में नगालैंड से असम में प्रवेश किया।

रिटायर्ड हर्ट या रिटायर्ड आउट... रोहित ने दिखाई सूझबूझ

अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी टी-20 में रोहित के पवेलियन लौटने पर उठ रहे सवाल

बेंगलुरू, एजेंसी

रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट हुए या रिटायर्ड आउट। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में पहले सुपर ओवर की आखिरी गेंद से पहले जब भारतीय कप्तान पवेलियन लौटे तो सभी के जेहन में यही सवाल था। असल में रोहित ने जबर्दस्त सूझबूझ और टीम भावना का प्रदर्शन किया। भारत को मैच जीतने के लिए आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे और वह चाहते थे कि विकेटों के बीच दौड़ में बेहतर रिंकू सिंह मैदान पर आएं। दूसरे सुपर ओवर में रोहित फिर रिंकू के साथ पारी का आगाज करने उतरे।

नियम के अनुसार दूसरे सुपर ओवर में बल्लेबाजी नहीं कर सकते थे रोहित

नियमों के अनुसार एक बल्लेबाज रिटायर्ड आउट हो जाए तो दूसरे सुपर ओवर में वह दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं आ सकता। ऐसे में रोहित दूसरे सुपर ओवर में बल्लेबाजी के लिए कैसे उतरे। एक मैच अधिकारी ने बताया कि विरोधी कप्तान या कोच को कोई ऐतराज न हो तो बल्लेबाज दूसरे सुपर ओवर में फिर आ सकता है।

नियमों की जगह खेल पर हो चर्चा : ट्रॉट

अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि क्या हुआ, रोहित रिटायर्ड हर्ट हुए या आउट। क्या कभी दो सुपर ओवर हुए हैं। हम नये नियम बनाते रहते हैं उन्हें परखते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें नियम नहीं गया था। भविष्य में इस तरह की चीजों की सूचना में दी जानी चाहिए। वैसे हमने अच्छा खेला और लगता कि चर्चा नियमों पर होनी चाहिए।

और बताया लिखित मुझे नहीं

रोहित ने अंतरात्मा की आवाज सुनकर लिया साहसिक फैसला

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड ने रोहित शर्मा प्रशंसा की करते हुए कहा कि उन्होंने दूसरे सुपर ओवर में अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए रवि बिश्नोई के साथ जाने का साहसिक निर्णय लिया, जो सही साबित हुआ। रोहित ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। शायद उन्होंने यह सोचा होगा कि स्पिनर के दो विकेट लेने की संभावना अधिक है। एक ओवर में 12 रन बनाना मुश्किल नहीं होता। विशेषकर जिस तरह की जानदार शॉट लगाने की क्षमता अफगानिस्तान के पास है, उसे देखते हुए तो वह आसानी से इस लक्ष्य तक पहुंच जाते। अफगानिस्तान को रोकने का एकमात्र रास्ता यही था कि उनके दोनों विकेट निकाले जाएं।

विश्व कप टीम तय नहीं पर 8-10 खिलाड़ी पक्के

बेंगलुरू, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के लिए भारत की टीम अब तक तय नहीं है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि उन्हें दस खिलाड़ी पता है जो टीम का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा कि जब हम वनडे विश्व कप खेल रहे थे तब हमने टी-20 में कई लड़कों को आजमाया। उन्होंने अच्छा भी खेला लेकिन टीम की घोषणा हुई तो कुछ बाहर रह गए। उनके लिए यह निराशाजनक था लेकिन हमारा काम टीम के सामने हर चीज स्पष्ट रखना है।

उन्होंने कहा कि 25-30 खिलाड़ियों के पूल में सभी को पता है कि उनसे क्या अपेक्षा है। हमने विश्व कप के लिए टीम तय नहीं की है लेकिन दिमाग में तो पता है कि 8-10 खिलाड़ी कौन होंगे जो चुने ही जाएंगे।

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन से टीम को जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए कई विकल्प मिल गए हैं। कुछ पहलुओं पर काम करना होगा और इस पर विचार कर रहे हैं। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले यह इस प्रारूप में भारत का आखिरी मैच था।

वेस्टइंडीज की पिच के हिसाब से चुनी जाएगी टीम

अधिकांश मैच वेस्टइंडीज में होंगे, जहां पिचें धीमी हैं। रोहित ने कहा कि वेस्टइंडीज में धीमी पिचें हैं तो उसके अनुसार टीम चुननी होगी। हमने टीम में स्पष्टता रखी है। कप्तानी से सीखा है कि आप सभी को खुश नहीं रख सकते। आपको टीम की जरूरत पर फोकस करना होगा।

गेंदबाजों को दबाव में लाने के लिए लेना पड़ता है जोखिम

पहले दोनों मैचों में खाता भी नहीं खोल सके रोहित ने तीसरे मैच में रिकॉर्ड पांचवां टी-20 शतक जमाया। उन्होंने कहा कि वह नेट पर काफी मेहनत कर रहे थे। गेंदबाजों को दबाव में लाने के लिए कुछ जोखिम भरे शॉट खेलने पड़ते हैं। गेंद जब स्पिन लेती है और आप सीधा नहीं खेल सकते तो कुछ नया करना पड़ता है। मैंने रिवर्स स्वीप का काफी अभ्यास किया है और टेस्ट में भी यह शॉट लगाया है।

ब्लिंकोवा ने एलीना को हराकर किया बड़ा उलटफेर

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पिछले साल की उप विजेता को दी शिकस्त, स्वियातेक तीसरे दौर में पहुंचीं

मेलबर्न, एजेंसी

शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने तीसरे सेट में 1-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2022 की उपविजेता डेनियेले कोलिंस को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में 57वीं रैंकिंग की अन्ना ब्लिंकोवा ने पिछले साल उप विजेता रहीं और 2022 विंबलडन चैंपियन एलीना रिबाकिना को महिला ग्रैंडस्लैम के सबसे लंबे टाईब्रेकर में 6-4, 4-6, 7-6 (20) से हराकर उलटफेर किया। यह 42 अंक के लिहाज से महिला मेजर का सबसे बड़ा टाईब्रेकर रहा।

चार बार की मेजर विजेता स्वियातेक का सामना अब 50वीं रैंकिंग पर काबिज लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिकी क्वालीफायर मैकार्टने केसलर पर 6-3, 1-6, 6-4 से जीत हासिल की। स्वियातेक ने शुरूआत अच्छी की और पहला सेट जीत लिया लेकिन अमेरिका की कोलिंस ने दूसरा सेट जीतकर वापसी की। वह तीसरे सेट में भी आगे थी लेकिन स्वियातेक ने अपना सारा अनुभव लगाकर उस पर विराम लगाया।

मैच जीतने के बाद अन्ना ब्लिंकोवा। ● एजेंसी

पांचवीं रैंकिंग पर काबिज जेसिका का सफर खत्म

पांचवीं रैंकिंग पर काबिज जेसिका पेगुला का सफर क्लारा बुरेल से 4-6 2-6 से हारकर खत्म हो गया। उनकी अमेरिकी साथी स्लोआने स्टीफंस ने 14वीं वरीय दारिया कासातकिना को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। येलेना ओस्टपेंको, झेंग किनवेन, एलिना स्वितोलिना और एम्मा नवारो भी अपने मुकाबले जीतने में सफल रही। वहीं 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडूकानू को वांग याफान से 4-6 6-4 4-6 से हार मिली।

अल्कराज पहला सेट गंवाकर वापसी करते हुए जीते

पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज ने टूर्नामेंट में पहली बार एक सेट गंवाया लेकिन वापसी करते हुए लोरेंजो सोनेगो को 6-4, 6-7 (3), 6-3, 7-6 (3) से मात दी और अब उनका सामना चीन के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले शांग जुनचेंग से होगा जिन्होंने भारत के सुमित नागर को हराकर बाहर किया। आर्थर काजॉक्स ने होल्गर रूने को 7-6 (4), 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर उलटफेर किया। वहीं ग्रिगोर दिमित्रोव, टॉमी पॉल, कैमरन नौरी, उगो हम्बर्ट और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे अगले दौर में पहुंच गए। ओलंपिक चैंपियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव और कैस्पर रूड के मैच का फैसला 10 अंक के टाईब्रेकर से हुआ। ज्वेरेव ने लुकास क्लेन को 7-5, 3-6, 4-6, 7-6 (5), 7-6 (7) से और रूड ने मैक्स पुर्सेल को 6-3, 6-7 (5), 6-3, 3-6, 7-6 (7) से मात दी।

बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में पहुंची

मेलबर्न। भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने गुरुवार को पुरुष युगल मुकाबले के शुरुआती सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैंस की जोड़ी को हराते हुए दूसरे राउंड में पहुंच गए है। मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 4-6, 8-6 (2) से जीत हासिल की। तीसरे दौर में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की जोड़ी से प्रतिस्पर्धा करेंगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में विजय सुंदर प्रशांत और अनिरूद्ध चंद्रशेखर की भारतीय जोड़ी को हंगरी के मार्टन फुक्सोविक्स और फैबियन मारोजसान की जोड़ी से 3-6 4-6 से हार झेलनी पड़ी। एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया शुक्रवार को इटली के माटियो अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो से मुकाबला करेंगी।

भारतीय महिला टीम दूसरे पेनल्टी शूटआउट में हारी

रांची, एजेंसी। भारतीय महिला टीम को गुरुवार को जर्मनी के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले में 2-2 से बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-4 से हार का सामना करना पड़ा है। मुकाबले में दीपिका ने 15वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई लेकिन चार्लोट स्टेपनहॉर्स्ट ने 27वें, 57वें मिनट में गोल दागकर जर्मनी को आगे कर दिया। हालांकि इशिका चौधरी ने 59वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इससे पहले दोनों टीमें निर्धारित 60 मिनट में एक-एक की बराबरी पर रही। इसके बाद दिए गए अतिरिक्त समय में भी स्कोर दो-दो से ड्रॉ रहा। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में भी दोनों टीमों ने 3-3 गोल दागे। इसके बाद एक और शूटआउट कराया गया, जिसमें जर्मनी की टीम ने 1-0 से मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ जर्मनी ने 12वीं बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। हालांकि भारतीय टीम के पास ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए एक और मौका बचा है। शुक्रवार को भारतीय टीम जापान से मुकाबला करेगी।

खेल डायरी

फॉर्मूला ई और तेलंगाना सरकार के बीच गहराया विवाद

नई दिल्ली। हैदराबाद में इलेक्ट्रिक रेस रद होने के बाद तेलंगाना सरकार और फॉर्मूला ई के बीच दोषारोपण शुरू हो गया है। हैदराबाद ई प्री का दूसरा चरण 10 फरवरी को आयोजित किया जाना था लेकिन फॉर्मूला ई ने नई तेलंगाना सरकार पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए रेस रद कर दी। फॉर्मूला ई तेलंगाना सरकार और ग्रींको के बीच चार साल का समझौता हुआ था। ग्रींको ने शुरुआती चरण के बाद हटने का फैसला किया था। फॉर्मूला ई ने कहा कि संबंधित मीडिया रिपोर्ट की जानकारी दी गई है जो उसने हैदराबाद ई प्री की मेजबानी के संबंध में किया था। फॉर्मूला ई ने अपनी अनुबंध के साझीदार को इन मीडिया रिपोर्ट के बाद नोटिस दिया और रेस रद कर दी। उसने कहा कि सभी आरोप गलत हैं। फॉर्मूला ई तेलगांना सरकार के साथ अपने करार के अंतर्गत अधिकारों को लागू करने के लिए सभी उपलब्ध कानूनी कार्रवाई करेगा।

पाटीदार के 140 रन पर इंग्लैंड का पलड़ा भारी

अहमदाबाद। रजत पाटीदार के नाबाद शतक के बावजूद इंग्लैंड लायंस ने पहले अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भारत ए पर शिकंजा कस लिया। पाटीदार ने 132 गेंद में 18 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 140 रन बनाए लेकिन भारत ए टीम दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर आठ विकेट पर 215 रन ही बना सकी। इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी 8 विकेट पर 553 रन पर घोषित की थी। भारत ए अब भी 338 रन से पीछे है। तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर ने इंग्लैंड के लिए चार विकेट लिए, जबकि मैथ्यू पॉट और कैलम पार्किंसन को 2-2 विकेट मिले। भारत ए ने 4 विकेट 24 रन पर और 7 विकेट 95 रन पर ही गंवा दिए थे। पाटीदार एक छोर संभाले रहे, जिन्हें तुषार देशपांडे का साथ मिला। देशपांडे ने 23 रन बनाए। इंग्लैंड ने बुधवार के स्कोर 3 विकेट पर 382 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान जोश बोहानन ने 182 गेंद में 125 रन बनाए।

गोल्फ : स्नेहा सिंह ने डब्ल्यूपीजीटी खिताब जीता

मुंबई। स्नेहा सिंह ने गुरुवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के दूसरे चरण के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्र का अपना पहला खिताब जीता। पिछले साल हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट की विजेता रहीं स्नेहा ने अंतिम दौर की शुरुआत ईगल से की और समापन भी ईगल से। इससे उन्होंने सात अंडर 63 का कार्ड खेला। स्नेहा ने इस तरह शीर्ष पर चल रही हिताशी बख्शी को एक शॉट से पछाड़कर खिताब जीता। स्नेहा हिताशी से चार शॉट पीछे चल रही थीं। स्नेहा (68, 73, 63) का कुल स्कोर छह अंडर 204 का रहा। हिताशी सत्र के दूसरे चरण में फिर उप विजेता रहीं, उनका कुल स्कोर पांच अंडर 205 का रहा। रिद्धिमा दिलावड़ी दो अंडर 68 के कार्ड से तीसरे स्थान पर रहीं।

तदर्थ पैनल की प्रतियोगिता में ही हिस्सा लें पहलवान

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने देश के पहलवानों को गुरुवार को सलाह दी कि वे निलंबित राष्ट्रीय महासंघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नहीं बल्कि जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लें। साक्षी ने एक्स पर एक वीडियो में कहा कि वह पहलवानों से आग्रह करती हैं कि वे तदर्थ समिति की ओर से आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ही हिस्सा लें। वे डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) की ओर से आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट में हिस्सा न लें। तदर्थ पैनल की ओर से आयोजित टूर्नामेंट ही मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता है। पिछले महीने डब्ल्यूएफआई का संचालन कर रही तदर्थ समिति ने जयपुर में दो से पांच फरवरी तक सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप कराने की घोषणा की थी। वहीं निलंबित कुश्ती महासंघ ने पुणे में प्रतियोगिता कराने का एलान किया है।

एचएस प्रणय और सात्विक-चिराग की जोड़ी जीती

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय गुरुवार को इंडियन ओपन के पुरुष एकल मुकाबले में पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए प्रियांशु राजावत को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है। वहीं एक अन्य मुकाबले में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दूसरी वरीय पुरुष युगल जोड़ी चीनी ताइपे के लू चिंग याओ और यांग पो हान को मात देते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई।

आठवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए हमवतन प्रियांशु को दूसरे दौर के एक घंटा और 16 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 20-22, 21-14, 21-14 से हराया। शुरुआती दौर में लक्ष्य सेन को परेशान करने वाले प्रियांशु राजावत शुरुआत में अच्छी लय में नहीं दिखे और प्रणय ने 5-2 की बढ़त बना ली। हालांकि 21 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणय के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 20-18 से स्कोर कर दिया। प्रणय दो गेम प्वाइंट बचाने में सफल रहे लेकिन अंत में वह पिछड़ गए। दूसरे गेम में प्रणय ने शुरुआत में 7-0 की बढ़त बनाई, लेकिन राजावत ने वापसी करते हुए अंतर को 12-10 तक कम कर दिया। इस बार प्रणय ने कोई गलती नहीं करते हुए 21-14 से गेम को अपने नाम कर लिया। तीसरे गेम में प्रणय ने अपने अनुभव का शानदार मुजाहिरा करते हुए इसे 21-14 से जीतकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इस बीच शुरुआती दौर में चीनी ताइपे के फैंग-चिह ली और फैंग-जेन ली को हराने वाली सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को भी अपने राउंड ऑफ 16 मुकाबले में जीत मिली।

इंडिया ओपन में प्रियांशु राजावत को प्रणय ने हराकर बनाई जगह

जसपाल राणा को हाई परफोर्मेंस निदेशक ने शूटिंग रेंज से निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी

महान पिस्टल निशानेबाज और मनु भाकर के निजी कोच जसपाल राणा ने गुरुवार को दावा किया कि उन्हें भारत के हाई परफोर्मेंस निदेशक पिएरे ब्यूचैंप ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज से जाने को कहा था, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय महासंघ इस विवाद में कनाडा के ब्यूचैंप का पक्ष लेता दिख रहा है।

देश के सबसे प्रतिष्ठित निशानेबाजों में शुमार राणा ने बताया कि वह मनु की ट्रेनिंग देखने के लिए रेंज गए थे जो आगामी पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी हैं। राणा ने कहा कि ब्यूचैंप ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) द्वारा लागू मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का हवाला देते हुए उन्हें जाने को कहा।

राणा ने कहा कि निशानेबाज जहां अभ्यास कर रहे थे, मैं उससे काफी दूर खड़ा था लेकिन वह मेरे पास आये और कहा कि मैं वहां नहीं खड़ा हो सकता और मुझे रेंज छोड़कर जाना होगा, वर्ना एनआरएआई के साथ मुश्किल में फंस जाऊंगा। राणा ने कहा कि उन्होंने बताया कि वह अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं और राष्ट्रीय कोच भी रहे हैं पर उन्होंने वहां से जाने को कहा।

मामले में राष्ट्रीय महासंघ ने भी लिया आरोपी निदेशक का पक्ष

बॉलीवुड हलचल

मेहंदी वाला घर का प्रीमियर 23 को सोनी पर

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर नए शो मेहंदी वाला घर का प्रीमियर 23 जनवरी को होगा। यह उज्जैन में रहने वाले अग्रवाल परिवार की कहानी है। इसमें शहजाद शेख, विभा छिब्बर, कंवरजीत पेंटल, करण मेहरा, श्रुति आनंद, रवि गोसाईं, रुशद राणा, अर्पित कपूर, आस्था चौधरी, गुन कंसारा, उष्मा राठौड़, खालिदा जान और रीमा वोहरा जैसे कलाकार है। विभा छिब्बर ने बताया कि जानकी सशक्त किरदार है, वो परिवार को एक साथ रखती है। उन्हें जानकी जैसा किरदार निभाने में मजा आता है। भारत के कई घरों में उनके जैसी महिलाएं मिल जाएंगी जो अपने परिवार की रीढ़ हैं। दर्शक मेहंदी वाला घर को उसी प्यार और गर्मजोशी से अपनाएंगे। मेहंदी वाला घर 23 जनवरी से हर सोमवार से शुक्रवार को रात 9:30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

श्रेया घोषाल का रोमांटिक गाना तू मेरी है आज होगा रिलीज

संगीतकार सचिन-जिगर का रोमांटिक सिंगल तू मेरी है 19 जनवरी को रिलीज होगा। सचिन-जिगर ने कहा कि 13 साल की लंबी अवधि के बाद श्रेया घोषाल के साथ सहयोग करना अद्भुत लगता है। उसके साथ हमेशा बेहद सकारात्मक और शानदार रचनात्मक ऊर्जा काम करती रहती है। अपने नए गाने के साथ, हमने एक बार फिर जादू पैदा करने की कोशिश की है। यह गाना सोनी म्यूजिक लेबल के तहत रिलीज के लिए तैयार है। जिगर सरैया और श्रेया घोषाल ने इसे आवाज दी है। इस गाने के बोल प्रिया सरैया ने लिखे हैं।

टुर्नाई रैमडैम महोत्सव में दिखाई जाएगी स्टोलन

जंगल बुक स्टूडियो के संस्थापक गौरव ढींगरा द्वारा निर्मित और करण तेजपाल द्वारा निर्देशित स्टोलन बेल्जियम में द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल के प्रतिष्ठित 14वें संस्करण में दिखाई जाएगी। इसकी स्क्रीनिंग 17, 20 और 22, 24 जनवरी को निर्धारित है। इस फिल्म में अभिषेक बनर्जी की मुख्य भूमिका है। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल में उनकी फिल्म का प्रीमियर होना हमारे लिए सम्मान की बात है। वास्तव में उत्साहित हैं और वहां मौजूद विभिन्न पृष्ठभूमि के फिल्म प्रेमियों और दर्शकों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। निर्माता गौरव ढींगरा और निर्देशक करण तेजपाल ने कहा कि वर्ष 2023 में विभिन्न फिल्म समारोहों में स्टोलन की यात्रा हमारे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव थी। बेल्जियम में द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल में अपनी फिल्म की साल की पहली भव्य स्क्रीनिंग के लिए बेहद खुश हैं। ऐसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर सिनेमा के प्रति अपने जुनून को साझा करना हमारे दिलों को उत्साह और कृतज्ञता से भर देता है। फिल्म स्टोलन में अभिषेक बनर्जी के अलावा शुभम और मिया मेल्जर महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होगा अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर

लेखक-निर्देशक अनिर्बान दत्ता की फिल्म अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस फेस्टिवल का आयोजन नीदरलैंड के रॉटरडैम शहर में 25 जनवरी से 4 फरवरी के बीच किया जा रहा है। यह फिल्म कृष्ण भक्त मीरा बाई के जीवन को एक अनोखे अंदाज में प्रस्तुत करती है, जिन्होंने आजीवन संगीत और काव्य के माध्यम से श्रीकृष्ण के प्रति अपने प्रेम और भक्ति को व्यक्त किया। इसमें अरित्र सेनगुप्ता, शमिला भट्टाचार्य और रितिक भट्टाचार्य मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत वैशाली सिन्हा ने दिया है। वैशाली सिन्हा ने पंडित अजय चक्रवर्ती के साथ मिलकर फिल्म के गानों को अपनी आवाज से सजाया भी है। अनिर्बान दत्ता ने कहा कि अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होना गर्व की बात है। वहां सिनेमा और कला से जुड़े हुए कई दिग्गज लोगों के साथ जुड़ने का मौका भी मिल रहा है।

रवि किशन का गाना अयोध्या के श्रीराम रिलीज

अभिनेता और सांसद रवि किशन का म्यूजिक वीडियो अयोध्या के श्री राम रिलीज हो गया है। गोरखपुर के सांसद सह अभिनेता रवि किशन इसमें श्रीराम की भक्ति में झूमकर नाचते नजर आ रहे हैं। रवि किशन ने कहा कि वह आभारी हैं कि उन्हें इस वीडियो के जरिये अपनी राम भक्ति जताने का सुअवसर प्राप्त हुआ। यह सभी राम भक्तों के लिए एक छोटी सी सौगात है, जो यकीनन हरेक राम के भक्त को पसंद आएगी। इस गाने के गायक, संगीतकार और निर्देशक माधव एस राजपूत हैं। गीतकार मीनाक्षी, डीओपी शकील रेहान खान, कोरियोग्राफर रिक्की गुप्ता है।

पवन और पायल लेकर आ रहे हैं... राम आ गए

भोजपुरी स्टार पवन सिंह, बॉलीवुड की जानीमानी पार्श्वगायिका पायल देव के साथ भजन राम आ गए लेकर आ रहे हैं। यह जल्द ही अपनी धुन म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज होने वाला है। पवन सिंह ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया है। इसकी गायिका एवं संगीतकार पायल देव है, जबकि गीत कौशल किशोर ने लिखे है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

अमेरिका ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर किए हमले

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने यमन के विद्रोही समूह हूती के खिलाफ चौथे चरण के हमले की शुरुआत की है। अमेरिका के रक्षा विभाग के अधिकारियों ने बुधवार रात कहा कि अमेरिका ने यमन में ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों पर चौथे दौर का हमला किया है। हाउती की ओर से दागी गयीं लगभग 14 मिसाइलों के बारे में अमेरिका का कहना है कि उनका उद्देश्य लाल सागर में नौवहन पर हमले करना था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के जहाजों से दागी गई टॉमहॉक मिसाइलों से हाउती के ठिकानों पर हमला किया गया।

गौरतलब है कि अमेरिका ने यमन के विद्रोह समूह हूती को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित किया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि ये हमले इस क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों आतंकवादियों की ओर से किए जा रहे हमले के जवाब में किये गये।

जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और ब्रिटेन ने 11 जनवरी को हाउती के कई ठिकानों पर हमले किए थे। ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, नीदरलैंड और कनाडा द्वारा समर्थित ये हमले हाउती द्वारा क्षेत्र में हमलों को रोकने के अल्टीमेटम को नजरअंदाज करने के बाद शुरू हुए।

घूस लेने के आरोपी सिंगापुर के परिवहन मंत्री का इस्तीफा

सिंगापुर। सिंगापुर के परिवहन मंत्री सुब्रमण्यम ईश्वरन ने रिश्वतखोरी का आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी 2024 को, भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) द्वारा श्री ईश्वरन को आरोपों की औपचारिक सूचना दिए जाने के बाद, उन्होंने कैबिनेट मंत्री एवं पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य के रूप में अपना त्यागपत्र मुझे भेज दिया। ईश्वरन ने उन्हें सांसद के रूप में प्राप्त सभी वेतन राशि वापस करने के बारे में भी बताया।

पहली बार देखी गई बिना तारों वाली आकाशगंगा

ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के वैज्ञानिकों की इस खोज ने ब्रह्मांड के रहस्यो से पर्दा उठाया

अमृत विचार, नैनीताल

बिना तारों की आकाशगंगा कल्पना से परे की बात है। मगर यह सच है कि यह संभव है। सुदूर अंतरिक्ष में बिना तारों वाली आकाशगंगा की खोज वैज्ञानिकों ने की है। ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के वैज्ञानिकों की इस खोज ने ब्रह्मांड एक और बड़े रहस्य का पर्दाफाश किया है।

ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के खोजकर्ता वैज्ञानिक ओ नील के अनुसार पहले यह धारणा थी कि तारों के बिना आकाशगंगा नही हो सकती। ओनिल अपने साथी वैज्ञानिकों की एक टीम साथ आकाश सर्वेक्षण करते समय जे0613 52 नामक आकाशगंगा को देखा। यह आकाशगंगा अजीब थी। जिसमे टिमटिमाते तारों जैसी कोई चीज नहीं थी। अलबत्ता गैस के विशाल बादलों का भंडार इस आकाशगंगा में फैला हुआ था।

बिना तारों वाली काली आकाशगंगा।

गैस की मात्रा भी उम्मीद से बहुत अधिक थी। ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी की दूरबीन से इस पर निरंतर नजर रखी गई। साथ ही अरेसिबो टेलीस्कोप व नानके रेडियो टेलीस्कोप से भी इसका अध्ययन किया गया। लंबे समय तक चले अध्ययन के बाद पता चला कि यह आकाशगंगा नई और अज्ञात है। दिलचस्प बात यह सामने आई कि इसका द्रव्यमान और गैस सामग्री की विशेषताएं सामान्य सर्पिल आकाशगंगा के समान ही हैं।

यह तथ्य आश्चर्य में डालने वाला था। जिसके चलते प्रत्येक दृष्टिकोण से इस आकाशगंगा से देखा गया और निष्कर्ष निकला कि यह आकाशगंगा बिना तारों की पहली आकाशगंगा है। इसकी वजह अत्यधिक मात्रा में फैली गैस है, जो तारों के निर्माण में व्यवधान डालती है।

95 प्रतिशत डार्क मैटर है इस आकाशगंगा में

जे0613 52 आकाशगंगा देखने में उसी तरह की है, जैसी हमारी अन्य अकाशगंगाएं हैं। इसका आकर सर्पिल और अण्डाकार हैं। वैज्ञानिक इसे अनियमित आकार वाली एक बौनी आकाशगंगा मान रहे हैं। जिसका पूर्णत: विकास नहीं हो पाया है। बिना तारों के होने के कारण यह काफी धुंधली नजर आती है। इसमें 95 प्रतिशत तक डार्क मैटर हो सकता है, जो तटस्थ गैसीय हाइड्रोजन को बाधित कर सकता है।

आकाशगंगा की टक्कर से बनी यह आकाशगंगा

कुछ खगोलविदों ने सुझाव दिया है कि यह काली आकाशगंगा है, जो बहुत पहले आकाशगंगा टक्कर से उत्पन्न गैस और मलबे की ज्वारीय पूंछ का हिस्सा हो सकती है। यह अनिश्चितता वाली अकशगंगा है। भविष्य में यह आकाशगंगा रिसर्च का आकर्षण बनेगी।

एक नजर

महुआ मोइत्रा को उच्च न्यायालय से राहत नहीं

नई दिल्ली। सरकारी बंगला खाली करने के नोटिस के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करने वाली निष्कासित लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को अदालत से गुरुवार को राहत नहीं मिली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मोइत्रा को सरकारी आवास खाली करने के लिए जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। मोइत्रा ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल अर्जी में चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए अधिकारियों को उन्हें सरकारी बंगले से बेदखल करने से रोकने का अनुरोध किया था। सरकारी आवास खाली करने के लिए संपदा निदेशालय (डीओई) के नोटिस को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस नेता ने अनुरोध किया कि फिलहाल उन्हें परिसर से बाहर न निकाला जाए क्योंकि वह एक अकेली महिला हैं और यहां एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

मलेशिया जा रहे विमान का टायर फटा

चेन्नई। कुआलालंपुर जा रहे एक अंतर्राष्ट्रीय विमान का गुरुवार को टायर फट गया। इसमें सवार सभी 130 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान का पिछला टायर मलेशिया की राजधानी के लिए उड़ान भरने से कुछ वक्त पहले फट गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद सभी यात्रियों को उतारा गया और उन्हें शहर के होटलों में ठहराया गया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि विमान शुक्रवार सुबह उड़ान भरेगा। उन्होंने कहा कि घटना के कारण उड़ान संचालन प्रभावित नहीं हुआ।

अमेरिका ने एप्पल की घड़ियों पर लगाया प्रतिबंध

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका में एप्पल की रक्त ऑक्सीजन सेंसर वाली घड़ियां बेचने पर गुरुवार से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। अमेरिकी अपील न्यायालय ने यह आदेश दिया है। यह प्रतिबंध एक चिकित्सा उपकरण कंपनी मैसिमो के साथ बौद्धिक संपदा विवाद से उपजा है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग ने अक्टूबर में पाया कि ऐपल के रक्त ऑक्सीजन सेंसर ने मैसिमो की बौद्धिक संपदा का उल्लंघन किया है। प्रतिबंध के बाद ऐपल संबंधित उपकरण का आयात नहीं कर सकेगा जिसमें ऐपल वॉच सीरीज़ 9 और अल्ट्रा 2 शामिल हैं। एप्पल ने दिसंबर में प्रभावित घड़ियों को अपने ऑनलाइन और खुदरा स्टोर से कुछ समय के लिए हटा दिया था, जबकि स्टॉक में उन उपकरणों वाले खुदरा विक्रेता अभी भी उन्हें बेच सकते हैं।

अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाज पर ड्रोन हमला, भारत की जवाबी कार्रवाई

जहाज पर लगी आग पर पाया काबू, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

अदन की खाड़ी में मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज पर बुधवार रात ड्रोन हमला होने के बाद भारतीय नौसेना का मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस विशाखापत्तनम तुरंत मदद के लिए आगे आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जहाज पर नौ भारतीयों सहित चालक दल के 22 सदस्य सवार थे।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम ने जेनको पिकार्डी जहाज से एक आपात संदेश मिलने के लगभग एक घंटे के भीतर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक जहाज पर अदन बंदरगाह से 60 समुद्री मील दक्षिण में हमला किया गया। लाल सागर और अरब सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है और जहाज पर लगी आग पर काबू पा लिया गया है।

समुद्री लुटेरों से निपटने के लिए भारत ने अदन की खाड़ी में तैनात किया आईएनएस विशाखापत्तनम। ●एजेंसी

उन्होंने बताया कि समुद्री लूट रोधी अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात आईएनएस विशाखापत्तनम ने बुधवार रात 11 बजकर 11 मिनट पर ड्रोन हमले के बाद मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एमवी जेनको पिकार्डी के संकट में होने संबंधी आपात संदेश का शीघ्र जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना के ईओडी (विस्फोटक आयुध निस्तारण) विशेषज्ञ जहाज का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार सुबह उस पर गए। उन्होंने बताया कि ईओडी विशेषज्ञों ने गहन जांच के बाद जहाज को आगे की यात्रा के लिए मंजूरी दे दी है।

नौसेना ने कहा कि समुद्री लूट रोधी अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात मिशन आईएनएस विशाखापत्तनम ने 17 जनवरी को रात 11 बजकर 11 मिनट पर ड्रोन हमले के बाद 'एमवी जेनको पिकार्डी' के मुश्किल में फंसे होने संबंधी सूचना पर तेजी से कार्रवाई की। इसने कहा कि युद्धपोत ने सहायता प्रदान करने के लिए रात साढ़े 12 बजे जहाज को रोका।

अस्थिरता पैदा नहीं होने देंगे : नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने गुरुवार को कहा कि देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पश्चिमी तट पर पोत तैनात किए गए हैं और किसी तरह की अस्थिरता पैदा नहीं करने दी जाएगी। अरब सागर और लाल सागर क्षेत्र में स्थिति पर नौसेना प्रमुख ने कहा कि समुद्री लूट रोधी दो अभियानों के लिए क्षेत्र में भारतीय पोत पहले से तैनात हैं। वह मीडिया से बीतचीत कर रहे थे। नौसेना प्रमुख ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने को तैनात हैं कि समुद्री क्षेत्र में हमारे राष्ट्रीय हित सुरक्षित रहें।

दक्षिणी गाजा में इजराइल का हवाई हमला, 16 की मौत, दर्जनों घायल

राफा, एजेंसी

गाजा के दक्षिणी हिस्से स्थित राफा कस्बे में इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से आधे बच्चे हैं। एक चिकित्सक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सेना इस इलाके पर अपने हमले जारी रखे हुए है और यहां के आम लोगों को दूसरे स्थानों पर शरण लेने को कहा है। इस बीच, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि फ्रांस और कतर की मध्यस्थता से हुए समझौते के तहत बुधवार को क्षेत्र में भेजी गई दवाएं हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वितरित की गई या नहीं।

हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई शुरू होने के 100 से अधिक दिन बीतने के बावजूद इजराइल सबसे घातक और विनाशकारी सैन्य अभियानों में से एक को जारी रखे हुए है। इसका लक्ष्य 2007 से गाजा पर शासन करने वाले आतंकवादी समूह को खत्म करना और बंधकों को छुड़ाना है। अब इस युद्ध की चपेट में पूरे क्षेत्र के आने का खतरा बढ़ गया है। इजराइल के हमले के बाद से अब तक 24 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और कुल 23 लाख की आबादी वाले गाजा पट्टी में 85 प्रतिशत लोग विस्थापित हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक एक चौथाई आबादी भुखमरी का शिकार है।

दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में इजरायली बमबारी के बाद उठता धुआं। ●एजेंसी

▸▸ **मृतक के परिजनों ने कहा-हम भुखमरी की कगार पर, अब हमले ने हमें किया बर्बाद**

राफा के अल नज्जर अस्पताल के डॉक्टर तलत बरहौउम ने राफा के हमले में लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि दर्जनों अन्य लोग घायल हुए है। एसोसिएटेड प्रेस को अस्पताल की मिली तस्वीर में दिख रहा है कि लोग अपने प्रियजनों के शव के पास विलाप कर रहे हैं। मारे गए लोगों के एक रिश्तेदार महमूद कासिम ने कहा, वे भुखमरी का सामना कर रहे हैं और अब उन पर हमले भी शुरू हो गए हैं। इंटरनेट पहुंच समर्थक समूह नेटब्लॉक के मुताबिक गाजा में गत पांच दिनों से मोबाइल फोन और इंटरनेट सेवा बाधित है जो युद्ध के दौरान अबतक लगातार सबसे लंबी अवधि तक ये सेवाएं बंद होने का रिकॉर्ड है।

शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए युगांडा पहुंचे एस जयशंकर

कंपाला, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर शुक्रवार से शुरू हो रहे गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के दो-दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए गुरुवार को युगांडा की राजधानी कंपाला पहुंचे। जयशंकर ने यहां पहुंचने के तुरंत बाद एक्स पर पोस्ट किया, आगामी दो दिनों में सहकर्मियों के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हूं।

उन्होंने अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं और लिखा, उन्नीसवें एनएएम शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए कंपाला पहुंचा हूं। भारत ने एनएएम और जी-77 समूह के शिखर सम्मेलन की मेजबानी में युगांडा के सहयोग के लिए देश को मदद स्वरूप 10 बसें, पांच एम्बुलेंस, 10 ट्रैक्टर और कुछ ध्वज स्तंभ प्रदान किए हैं। जयशंकर की कंपाला यात्रा युगांडा और नाइजीरिया के उनके दो देशों के दौरे का हिस्सा है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उनकी यात्रा से पहले नयी दिल्ली में एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कंपाला के बाद विदेश मंत्री 21 जनवरी से नाइजीरिया की तीन दिवसीय यात्रा करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि युगांडा के नेतृत्व में एनएएम शिखर सम्मेलन 120 से अधिक विकासशील देशों को ऐतिहासिक महत्व के अहम मंच पर एक साथ लाता है। शिखर सम्मेलन का विषय साझा वैश्विक समृद्धि के लिए गहन सहयोग है और इससे पहले मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

▸▸ **19 और 20 जनवरी को कंपाला में होगा गुट निरपेक्ष आंदोलन का 19वां शिखर सम्मेलन**

विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह एनएएम विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। देश मंत्रालय ने कहा, भारत एनएएम के लिए युगांडा की थीम का पूरे दिल से समर्थन करता है और युगांडा के नेतृत्व में एनएएम के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक है।

सोमनाथ मंदिर पहुंची रवीना...

फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन गुरुवार को बेटी रशा के साथ गिर स्थित सोमनाथ मंदिर पहुंची और मां-बेटी ने पूजा-अर्चना के बाद जल चढ़ाया। ●एजेंसी

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत : बंगा

दावोस, एजेंसी

विश्व बैंक प्रमुख अजय बंगा ने गुरुवार को कहा कि जलवायु और गरीबी सहित आपस में जुड़े संकट का सामना कर रही दुनिया के लिए इससे निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के एक सत्र में विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा कि हमारे सामने जलवायु संकट की समस्या है। यह हमारे अस्तित्व को लेकर संकट है। उन्होंने कहा, हम जलवायु की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते। हम स्वास्थ्य देखभाल की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते। हम खाद्य असुरक्षा की परवाह किये बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते।

बंगा ने कहा कि यह वास्तविकता है और हमारे सामने कई तरह के संकट हैं, जो आपस में जुड़े हैं। इससे बचने का एकमात्र तरीका इसके समाधान के लिए तत्काल कदम उठाना है। उनके अनुसार, विश्व बैंक के वित्तपोषण का 45 प्रतिशत जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने प्रयासों पर खर्च किया जाएगा। इसके अलावा, बैंक ने 2030 तक अफ्रीका में 10 करोड़ लोगों को नवीकरणीय ऊर्जा से जोड़ने, छोटे देशों को जलवायु आपदाओं की लागत को उठाने में मदद करने और कार्बन बाजारों से लाभ सुनिश्चित करने का आदि वादा किया है।

▸▸ **विश्व बैंक के प्रमुख ने विश्व आर्थिक मंच की बैठक में जताई चिंता**

▸▸ **कहा-जलवायु की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन संभव नहीं**

भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की सराहना

दावोस। वैश्विक विशेषज्ञों के एक समूह ने आर्थिक असमानता कम करने में खासकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) सहित भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की सराहना की है। दावोस नवोन्मेष सप्ताह में एक परिचर्चा में विशेषज्ञों ने इस बात पर चर्चा की कि कैसे यूपीआई और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा भारत में नई ऊंचाई पर पहुंचा। इसका आयोजन वर्ल्ड इनोवेशन इकनॉमिक्स ने किया।

मालदीव के साथ साझेदारी बढ़ाने को प्रतिबद्ध : जायसवाल

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को कहा कि वह मालदीव के साथ विभिन्न कल्याणकारी परियोजनाओं के कार्यान्वयन सहित अपने विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की यह टिप्पणी मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 15 मार्च तक अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने के आह्वान के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव के बीच आई है। उन्होंने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक सवाल पर कहा कि हम अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम मालदीव के विकास भागीदार के रूप में वह सभी चीजें करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हम कर सकते हैं।

चीन ने रचनात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने गुरुवार को बीते दो दिनों में पाकिस्तान और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ मिसाइल हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनाव को घटाने में रचनात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की। चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने और टकराव टालने को कहा है।

पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकी ठिकानों पर गुरुवार तड़के हमले किए, जिनमें नौ लोग मारे गए। घटनाक्रम ने चीन को असमंजस में डाल दिया है क्योंकि पाकिस्तान उसका करीबी मित्र है जबकि ईरान ने हाल के वर्षों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में चीन को अपना प्रभाव बढ़ाने में मदद की है। चीन, ईरान से काफी मात्रा में तेल का भी आयात करता है।

▸▸ **ईरान और पाकिस्तान से की टकराव टालने और संयम बरतने की अपील**

जनसंख्या में कमी से अर्थव्यवस्था पर असर

हांगकांग। चीन की जनसंख्या में 2023 में लगातार दूसरे वर्ष रिकॉर्ड गिरावट आने से इसकी अर्थव्यवस्था की विकास क्षमता पर गहरा असर पड़ने का अनुमान है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को कहा कि 2023 में चीन की जनसंख्या 20.80 लाख या 0.15 प्रतिशत घटकर 1.409 अरब रह गई है। यह 2022 में 8.50 लाख की जनसंख्या गिरावट से काफी ज्यादा है। नए जन्म दर की संख्या 5.7 प्रतिशत घटकर 90.20 लाख रह गई।

शिवसेना विधायक पर मामला दर्ज

रत्नागिरी। महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) विधायक राजन साल्वी के आवास और होटल पर छापेमारी के बाद उनकी पत्नी और पुत्र के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया। एसीबी अधिकारियों ने छापे के दौरान विधायक की आय के ज्ञात स्रोतों से 118 प्रतिशत अधिक संपत्ति का पता लगाने का दावा किया है। एसीबी की टीम ने गुरुवार सुबह छापेमारी की और विधायक के परिवार की संपत्ति की जानकारी जुटाने के बाद उनकी पत्नी और पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया। एसीबी की छापेमारी के बाद साल्वी ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है और लोग उनके और उनके परिवार के सदस्यों के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं।वह एसीबी द्वारा गिरफ्तारी के लिए भी तैयार हैं।

बढ़ी साख केंद्रीय मंत्री ने विश्व व्यापार मंच की बैठक को किया संबोधित

दक्षिण-उत्तर के बीच पुल है भारत : ईरानी

दावोस, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को कहा कि भारत खुद को वैश्विक दक्षिण और वैश्विक उत्तर के बीच एक पुल के रूप में देखता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा भागीदार है जिस पर विस्तारित ब्रिक्स समूह के सभी सदस्य भरोसा कर सकते हैं। ईरानी ने विश्व व्यापार मंच (डब्ल्यूईएफ) की यहां सालाना बैठक में विस्तार में ब्रिक्स विषय पर आयोजित एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को ब्रिक्स सहित विभिन्न वैश्विक मंचों पर समावेशी विकास और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत के लिए एक एजेंडा तय करने पर गर्व है।

महिला एवं बाल विकास के साथ अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री ईरानी ने कहा कि भारत ब्रिक्स को एक-दूसरे से सीखने और एक-दूसरे की मदद करने के मंच के रूप में भी देखता है। उन्होंने कहा कि हम खुद को वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण के बीच एक पुल के रूप में देखते हैं। ब्रिक्स समूह में पहले ब्राजील, रूस, भारत, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका सदस्य थे। लेकिन पिछले साल इसमें सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भी शामिल करने पर सहमति बनी थी। इस परिचर्चा में दक्षिण अफ्रीका और यूएई के मंत्री भी शामिल हुए। उनका कहना था कि ब्रिक्स आर्थिक सहयोग का एक मंच है। कोई भी एक सदस्य इस समूह पर हावी नहीं है।

महाराष्ट्र ने 3.53 लाख करोड़ के एमओयू पर किए हस्ताक्षर

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य ने स्विट्जरलैंड के दावोस में डब्ल्यूईएफ 2024 के दौरान 3,53,675 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। शिंदे ने राज्य में वैश्विक उद्योगों के बढ़ते विश्वास के लिए निवेशकों को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बुधवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि इन एमओयू से राज्य में दो लाख से अधिक नौकरियां पैदा की जा सकती हैं। बयान में शिंदे के हवाले से कहा गया कि औद्योगीकरण, कुशल जनशक्ति और तेजी से फैसले करने पर जोर देने के साथ राज्य सरकार जनता की भलाई पर जोर दे रही है।

अमेरिका से 400 टॉमहॉक मिसाइलें खरीदेगा जापान

तोक्यो। जापान ने बढ़ते क्षेत्रीय खतरों के जवाब में अपने सैन्य तंत्र को मजबूत करने के प्रयास के तहत 400 टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों को खरीदने के लिए गुरुवारन को अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सरकार ने 2027 तक अपने वार्षिक रक्षा खर्च को दोगुना कर 10 हजार अरब येन (68 अरब अमेरिकी डॉलर) करने का संकल्प जताया है। ऐसा होने पर अमेरिका और चीन के बाद सैन्य तंत्र पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाला तीसरा देश जापान बन जाएगा। रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने दिसंबर में मूल योजना से एक साल पहले, वित्तीय वर्ष 2025 से कुछ टॉमहॉक और जापान निर्मित टाइप 12 सतह से जहाज तक मार करने वाली मिसाइलों की तैनाती में तेजी लाने के निर्णय की घोषणा की थी।